चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 54, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे 14

मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार गहरा है 13

## सीबीआई ने आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में कविता को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- मौजूदा समय में के कविता तिहाड़ जेल में बंद हैं



केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद कविता को तिहाड़ जेल ही गिरफ्तार कर लिया। कविता तिहाड़ जेल में रहेंगी और एजेंसी उनकी हिरासत मांगने के लिए शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सीबीआई को उनकी हिरासत मिल जाती है, तो कविता को एजेंसी मुख्यालय स्थित हवालात ले जाया जाएगा, जहां मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे। विशेष अदालत से अनुमति मिलने के बाद सीबीआई ने शनिवार को जेल के अंदर कविता से पूछताछ की थी। बीआरएस नेता से मामले में सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से मिले व्हाट्सएप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आरोप है कि आबकारी नीति में कथित बदलाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली में 2020 के दंगे के 11 आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में शामिल 11 आरोपियों को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई की जिनपर दंगे के दौरान गंगा विहार में संपत्ति जलाने और चोरी में शामिल होने का आरोप था। न्यायाधीश ने कहा कि मामले में आरोपी व्यक्तियों पर लगाए गये आरोपों को साबित नहीं किया जा सका, जिसकी वजह से इनको आरोपों से बरी किया जाता है। गोकलपुरी थाने में अंकित चौधरी, सुमित, पप्पू, विजय, आशीष कुमार, सौरभ कौशिक, भूपेन्द्र, शक्ति सिंह, सचिन कुमार, राहुल और योगेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## सांड़ के आगे बाघ को छोड़ना पड़ा मैदान

संवाददाता,रामनगर

- सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल होता रहा संघर्ष का वीडियो
- कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व से लगे ग्राम ढिकुली के पास जंगल के किनारे घास चर रहा था सांड़



जंगल में संघर्ष करते बाघ और सांड़।

**अमृत विचार:** गुरुवार सुबह रामनगर क्षेत्र के कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व से लगे ग्राम ढिकुली के पास जंगल के किनारे घास चर रहे सांड़ पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ और सांड़ की लड़ाई ग्रामीणों ने कैमरे में कैद किया जो सोशल मीडिया पर दिन भर वायरल होता रहा।

ग्रामीणों के मुताबिक, जंगल में बाघ ने घास चर रहे सांड़ पर हमला कर दिया। सांड़ ने भी बाघ पर हमला करते हुए उसे अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। काफी देर तक सांड़ और बाघ के बीच संघर्ष होता रहा। दूर से ये देख रहे ग्रामीण सांड़ को बचाने के लिए बाघ पर पत्थर मारो, पत्थर मारो चिल्लाते रहे। सांड़ अपने सींगों से बाघ पर हमले करता रहा। आखिरकार बाघ को हार माननी पड़ी और वह जंगल की ओर भाग निकला। गांव की सीमा पर बाघ के देखे जाने से ग्रामीण भयभीत हैं। कार्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंथ नायक का कहना है कि यह वीडियो उनके संज्ञान में भी आया है। मौके पर कर्मचारियों की गश्त शुरू कर दी गई है। जिस क्षेत्र में यह घटना घटी है वहां पर लोगों की आवाजाही रोकने के साथ ही घटना के समीप विभाग द्वारा कैमरा ट्रैप लगाकर बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाघ से संघर्ष कर रहा सांड़ भी जंगल से बाहर आ गया है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### एक नजर

#### कोर्ट ने कहा, ईडी के सामने पेश हों कांग्रेस विधायक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कांग्रेस विधायक धरम सिंह छोकर को धनशोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश होने को कहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने विधायक छोकर को मौखिक रूप से सुरक्षा दी और एजेंसी से कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार करने की जरूरत हो तो वह अदालत के समक्ष आवेदन दायर करे। पीठ ने ईडी की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि हम इसे आदेश में दर्ज नहीं कर रहे लेकिन उन्हें गिरफ्तार करना है तो पहले आवेदन करें।

#### सीबीआई ने शिकायतों के लिए जारी की ई-मेल आईडी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने ई-मेल आईडी जारी की है जिस पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में पीड़ित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में ई-मेल आईडी जारी की है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, उत्तर 24 परगना के डीएम से भी अनुरोध किया कि कोर्ट के आदेश के अनुसार क्षेत्रों में व्यापक प्रसार वाले अखबारों में सूचना भी जारी करें।

## कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होती

### कमजोर सरकारों में आतंकवाद ने पैर पसारे, आज घर में घुसकर आतंकवादी मारे जाते हैं : मोदी

ब्यूरो, ऋषिकेश



ऋषिकेश की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी ने ऋषिकेश में चुनावी रैली में आतंकवाद के बहाने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गढ़वाल में भी देश के अन्य हिस्सों की तरह लहर दिखाई दे रही है।

गुरुवार को आईडीपीएल के हॉकी मैदान में हुई रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार आई है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। भारत में तब आतंकवाद ने पैर पसारे लेकिन आज मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। अब भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का काम देखा है। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 वर्षों में भारत को पहले के मुकाबले कई गुना मजबूत किया है। सात दशक बाद जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने का साहस, तीन तलाक के खिलाफ कानून, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण, सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10% आरक्षण देने का काम किया।

विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक-वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होता। हमने पूरा करने की गारंटी दी थी और पूरा भी करके दिखाया। कांग्रेस का दावा था कि वन रैंक-वन पेंशन लागू होने पर पूर्व सैनिकों को 500 करोड़ रुपये देंगे। मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पूर्व सैनिकों के बैंक खाते में पहुंचा दिए। उत्तराखंड में भी साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सैनिक परिवारों को मिले हैं। कांग्रेस शासन के समय में तो सैनिकों के पास बुलेटप्रूफ जैकेट तक की कमी रहती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने अपने सैनिकों को भारत में बनी बुलेटप्रूफ जैकेट दी। आज देश में ही आधुनिक रायफल से लेकर लड़ाकू विमान और विमानवाहक पोत बन रहे हैं।

हमारा फोकस इस बात पर है कि देश के किसी भी हिस्से से पर्यटकों के लिए उत्तराखंड के कोने-कोने तक पहुंचना आसान होना चाहिए, इसलिए देवभूमि में रोडवेज, रेलवे और एयरवेज की लगातार सुविधा बढ़ाई जा रही है।

#### कांग्रेस ने मां गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी उत्तराखंडी नहीं भूल सकता है कि कांग्रेस ने हरिद्वार में हर की पैड़ी पर मां गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठाए और कहा कि हर की पैड़ी एक नहर के किनारे बसी है। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान उत्तराखंड की पहचान ब्रह्मकमल से जुड़ी हुई है।

#### 'सबी दाणा सयाणूं दीदी, भुली, चाचा, बड़ियों तैं मेरू प्रणाम'

प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन की शुरुआत गढ़वाली बोली में 'सबी दाणा सयाणू दीदी, भुली, चाचा, बड़ियों तैं मेरू प्रणाम' कहकर जनता का दिल जीत लिया। फिर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से मांगलिक कामों में बजाए जाने वाले प्रसिद्ध हुड़का बजाया और लोगों को कनेक्ट करने की कोशिश की। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सभा को संबोधित किया।

## बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंदा दंपती समेत पांच की गई जान

- एक बाइक पर दंपती और दूसरी पर तीन दोस्त अपने करीबी के घर ईद मिलने जा रहे थे
- भीड़ ने किया नेशनल हाईवे जाम, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बमुश्किल शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



अरबाज खान | आकिब खान | उवैस | साहिब खान | साकरा बेगम

सड़क हादसे में दो बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौत हुई है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता लगाने को टीम लगाई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। – **अविनाश पांडेय**, एसपी

**अमृत विचार :** पांच परिवारों की ईद की खुशियां सड़क हादसे की भेंट चढ़ गई। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंद दिया। इसमें ईद मिलने जा रहे दंपती और तीन दोस्तों की मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। डीएम-एसपी ने बमुश्किल लोगों को शांत किया।

ईद के उल्लास में डूबे अड़ौली निवासी उवैस (32) व उनकी पत्नी साफरा बेगम (30) और दूसरी बाइक पर ग्राम विलई पसियापुर निवासी आकिब (21) पुत्र हसीन, परेवा वैश्य गांव निवासी अरबाज (26) पुत्र अकील व साहिब (25) पुत्र शाहिद अपने रिश्तेदारों से ईद मिलने जा रहे थे। जहानाबाद थाना क्षेत्र में ग्राम निसरा बरात बोझ के पास तेज गति डंपर ने दोनों बाइकों को रौंद दिया। हादसे में पांचों की मौत हो गई। सड़क पर पांच लाशें देख परिजन व अन्य लोग गुस्से पर काबू नहीं कर पाए और हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सीओ सदर प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। इस बीच डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय व अन्य अधिकारी पहुंच गए। डीएम-एसपी ने डंपर चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग हाईवे से हटे ।

### हरियाणा में स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को बच्चों को लेकर जा रही स्कूली बस पलट गई, जिससे छह बच्चों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हरियाणा सरकार ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि बस की गति तेज होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पेड़ से टकराकर पलट गई। कनीना के उन्हाणी गांव के पास यह हादसा हुआ और बस में 30 बच्चे सवार थे। ईद की छुट्टी होने के बावजूद स्कूल क्यों खुला था जिलाधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। महेंद्रगढ़ के एसपी अर्श वर्मा ने बताया कि हादसे में छह छात्रों की मौत हो गई है जबकि 20 घायल हैं। गिरफ्तार कर चालक की मेडिकल जांच कराई जा रही है, जिसके बाद पुष्टि होगी कि वह नशे में था या नहीं। घायल छात्रों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## हजारा नहर में 9 डूबे, पांच लापता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एटा के रहने वाले हैं सभी, झाल पर लगे ईद के मेले में आए थे नहर में नहाने गए थे
- गहरे पानी में डूबने लगे तो मची अफरा-तफरी, 4 दोस्तों को बचाया गया

**अमृत विचार :** ईद पर झाल पर लगे मेले में आए एटा जिले के नौ दोस्त हजारा नहर में डूब गए। गोताखोरों और फ्लड यूनिट ने चार दोस्तों को निकाल लिया, जबकि पांच का देर शाम तक पता नहीं चला।

गुरुवार दोपहर को एटा के गांव नगला पोता निवासी 17 वर्षीय मुजाहिद पुत्र मेहंदी हसन, 17 वर्षीय सलमान पुत्र युसूफ, 18 वर्षीय आसिफ पुत्र अतीक, इस्लाम नगर निवासी 16 वर्षीय शाहिद पुत्र हाशिम, नगला पोता निवासी सोहेल पुत्र छोटे, फैजान पुत्र सत्तार, फरमान पुत्र मुन्ने, रोहित पुत्र रफीक एवं निधौली रोड निवासी अभिषेक शर्मा गांव नदरई के समीप बने झाल पर ईद के मेले में घूमने आए थे।

मेले में मौजमस्ती के बाद सभी दोस्तों ने हजारा नहर में नहाने के लिए छलांग लगा दी। देखते ही देखते सभी दोस्त डूबने लगे। बचाव के लिए चिल्लाए तो ग्रामीण गोताखोर नहर में कूद पड़े। पास ही में डेरा डाले पीएसी फ्लड यूनिट के जवान भी पहुंच गए। सोहेल, फैजान, फरमान, रोहित को निकाल लिया जबकि अन्य पांच दोस्त लापता हैं। उनकी तलाश में गोताखोर जुटे हैं। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम राकेश पटेल, एएसपी राजेश कुमार भारतीय, सीओ सिटी अजीत चौहान, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत नहर पर पहुंच गए। रेस्क्यू तेज करने को कहा, लेकिन देर शाम तक तलाश नहीं हो सकी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि नौ दोस्त हजारा नहर में स्नान के लिए उतरे और गहरे पानी में डूब गए।चार को बचा लिया गया जबकि पांच की तलाश की जा रही है।

## बिजनौर से सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ रालोद में शामिल

**लखनऊ, अमृत विचार:** बिजनौर के सांसद मलूक नागर गुरुवार को बसपा से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए हैं। रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। मलूक नागर के साथ मेरठ के पूर्व मंत्री लखीराम नागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा नागर ने भी बसपा छोड़ दिया। मालूक नागर को रालोद में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। तारीफ सिंह को भी यही जिम्मेदारी दी गई है। महेश आर्य, जगपाल सिंह सचिव बनाए गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती को भेजे इस्तीफे में मलूक नागर ने पार्टी छोड़ने की वजह बताई है। सांसद ने अपने पत्र में कहा कि पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया। ऐसा पहली बार हो रहा है कि ना तो विधायकी लड़ने दी गई और ना ही सांसदी के लिए टिकट दिया गया। इसलिए नए राजनीतिक ठिकाने पर जा रहा हूं। दरअसल, मायावती ने नागर का टिकट काटकर बिजनौर से चौधरी विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, एनडीए से रालोद के खाते में आई बिजनौर की सीट पर चंदन चौहान उम्मीदवार हैं।

## पुलवामा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ लश्कर का आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मारे गये आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) से जुड़ा था जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले गत पांच जनवरी को शोपियां जिले में मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया था। हालांकि पांच अप्रैल को सुरक्षा बलों ने बारामूला जिले के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था और एक आतंकवादी को मार गिराया था।

### तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू और फहीम अहमद मीर है जो सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे।

## आचार संहिता के उल्लंघन मामले में बृजभूषण को नोटिस

**गोंडा (उप्र), एजेंसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कैसरगंज संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में नोटिस जारी हुआ है। साथ ही सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि कैसरगंज सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा अनुमति बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क करने तथा धारा 144 का उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई हुई है।

## भदोही से रमेश बिंद की जगह डॉ. विनोद को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेशे से चिकित्सक विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर की मझवां विस. सीट से विधायक भी हैं

**अमृत विचार:** भाजपा ने भदोही सीट से डॉ. विनोद बिंद को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। पार्टी ने वर्तमान सांसद डॉ. रमेश चन्द्र बिंद की जगह डॉ. विनोद बिंद मिर्जापुर के मझवां से विधायक को टिकट दिया हैं।

डॉ. विनोद दिसंबर 2022 में वाराणसी और जून 2023 में भदोही के टोल प्लाजा पर हुए विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं। दोनों ही मामलों में विनोद के समर्थकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। वहीं, भदोही सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने टीएमसी को दी है। यहां से ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे हैं।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव में मिर्जापुर के मझवां से सपा से टिकट मांग रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को निराशा हाथ लगी थी। आखिरी समय में उन्होंने निषाद पार्टी का दामन थामा था और फिर एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वर्तमान सांसद रमेश चन्द्र बिंद को लेकर पार्टी के अंदर ही नहीं आमजन में भी नाराजगी थी।

**एप्पल ने किया सचेत** | स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल

## आईफोन पर पेगासस जैसे स्पाइवेयर अटैक का बढ़ा खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी



- यह अधिसूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे

आईफोन विनिर्माता एप्पल ने अपने उपयोगकर्ताओं को पेगासस जैसे परिष्कृत स्पाइवेयर हमलों को लेकर आगाह करते हुए कहा है कि सीमित संख्या में लोगों को इनका निशाना बनाया जा रहा है। स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल हैं।

हालांकि, एप्पल ने इन हमलों को लेकर जारी एक सूचना में कहा कि अक्सर ऊंची लागत आने की वजह से कम संख्या में ही स्पाइवेयर को तैनात किया जाता है लेकिन भाड़े के स्पाइवेयर से हमले जारी हैं और वैश्विक स्तर पर किए जा रहे हैं। एप्पल ने 10 अप्रैल को जारी इस खतरे की अधिसूचना में पिछले शोध और रिपोर्टों के आधार पर यह संकेत दिया है कि ऐसे हमलों का ताल्लुक ऐतिहासिक रूप से सरकार से जुड़े पक्षों से रहा है। यह अधिसूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं। दिग्गज फोन विनिर्माता ने कहा, खतरे की सूचनाएं उन उपयोगकर्ताओं को सूचित करने और मदद करने के लिए तैयार की गई हैं, जिन्हें व्यक्तिगत रूप से भाड़े के स्पाइवेयर हमलों से निशाना बनाया गया हो। संभवतः ऐसा इसलिए हो कि वे कौन हैं या क्या करते हैं। ऐसे हमले नियमित साइबर आपराधिक गतिविधियों एवं उपभोक्ता मालवेयर की तुलना में बहुत अधिक जटिल होते हैं क्योंकि भाड़े के स्पाइवेयर से हमला करने वाले बहुत कम संख्या में विशिष्ट व्यक्तियों और उनके फोन को लक्षित करने के लिए असाधारण संसाधनों का उपयोग करते हैं। एप्पल ने कहा कि भाड़े के स्पाइवेयर हमलों की कीमत लाखों डॉलर होती है। इसके अलावा हमले की अवधि कम होने से उनका पता लगा पाना और उन्हें रोक पाना खासा मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा अधिकांश उपयोगकर्ताओं पर ऐसे हमले कभी भी नहीं किए जाते हैं।

कंपनी ने कहा, नागरिक समाज संगठनों, प्रौद्योगिकी फर्मों और पत्रकारों से मिली सूचनाओं और शोध से पता चलता है कि इसपर आने वाली ऊंची लागत और जटिलता को देखते हुए ये हमले ऐतिहासिक रूप से सरकारी पक्षों से जुड़े रहे हैं। इनमें सरकारी की तरफ से भाड़े के स्पाइवेयर विकसित करने वाली निजी कंपनियां भी शामिल हैं जिनमें एनएसओ ग्रुप का स्पाइवेयर पेगासस भी है। पेगासस स्पाइवेयर ने उपयोगकर्ता के व्हाट्सएप पर सिर्फ एक मिस कॉल देकर उसके मोबाइल फोन को अपने नियंत्रण में ले लिया था।

एप्पल ने कहा कि स्पाइवेयर हमलों की अत्यधिक लागत और विश्वव्यापी प्रकृति उन्हें आज सबसे उन्नत डिजिटल खतरों में शामिल करती है। ऐसी स्थिति में स्पाइवेयर हमलों से बचने के लिए एप्पल ने उपयोगकर्ताओं को लॉकडाउन मोड को सक्रिय करने का सुझाव दिया है।

### इसे लें गंभीरता से

कंपनी ने कहा किएप्पल ऐसे हमलों का पता लगाने के लिए पूरी तरह से आंतरिक खतरे–खुफिया जानकारी और जांच पर निर्भर करती है। हालांकि, हमारी जांच कभी भी पूरी तरह निश्चित नहीं हो सकती है लेकिन खतरे की ये सूचनाएं अत्यधिक भरोसे वाले अलर्ट हैं। इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।



हल्द्वानी की ईदगाह में गुरुवार को ईद–उल–फितर के अवसर पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। ● अमृत विचार

# ईद-उल-फितर पर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ

## ईदगाह सहित कई मस्जिदों में मौलानाओं ने अदा कराई नमाज, उपकारागार में बंद मुस्लिम कैदियों ने ईद पर दुआ मांगी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर देश-प्रदेश की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईदगाह सहित तमाम मस्जिदों में मौलानाओं ने नजाम अदा कराई। चिराग अली शाह बाबा मस्जिद में सुबह 8 बजे मौलाना हयातुल्लाह खान, ईदगाह में साढ़े 8.30 बजे मौलाना वासित, नई बस्ती स्थित मस्जिद आस्ताना जहागीरी में मौलाना मुफ्ती जाबिर खान और मीरा मार्ग स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे शहर इमाम मौलाना मोहम्मद आजम कादरी ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की गई। वहीं, काठगोदाम स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान शहर में जगह-जगह सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा ने वनभूलपुरा पहुंचकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इधर, उपकारागार हल्द्वानी में भी ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। जेल में बंद मुस्लिम कैदियों ने सुबह नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडे ने मिष्ठान वितरण कराया।



नैनीताल के डीएसए मैदान में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार



### नैनीताल में एक दूसरे के गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

**नैनीताल :** शहर में ईद हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मल्लीताल स्थित जामा मस्जिद में ईद–उल–फीतर की नमाज अदा की। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। डीएसए मैदान में इमाम मुफ्ती अजमल कासमी ने नमाज अदा कराई। नैनीताल के अलावा भीमताल, ज्योलीकोट और भवाली स्थित मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया के सदर शुहेल शम्सी, जमाल सिद्दीकी, मोहम्मद हामिद, हारुन खान पम्मी, सोहेल सिद्दीकी, यूसुफ खान, अफजल हुसैन फौजी, सैय्यद नदीम मून, वसी कुरैशी, अकरम शाह, इकबाल कुरैशी, एजाज कुरैशी, फैसल कुरैशी, शमी कुरैशी, जकी कुरैशी, इजहार सिद्दीकी, इकबाल सिद्दीकी, नईम अहमद, मो. इमरान, जावेद हुसैन, इल्याज अहमद, अजमल हुसैन, मो. अरिश आदि ने नमाज अदा की है।

### रामनगर में सुबह 8:30 बजे नमाज पढ़ी गई

**रामनगर :** रामनगर में ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया, जिसमें मुल्क व कौम की तरक्की एवं अमन चैन के लिये अल्लाह की बारगाह में दुआ की गयी। ईदगाह में शहर पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी के द्वारा साढ़े आठ बजे नमाज पढ़ाई गयी। बचे हुए नमाजियों को नायब इमाम हाफिज मुजफ्फर के द्वारा दूसरी पाली में ईद की नमाज पढ़ाई गयी। इसके अलावा मोहल्ला खताड़ी स्थित बड़ी मस्जिद में इमाम मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने नमाज पढ़ाई। नमाजियों ने कब्रिस्तान जाकर दुनियां से जा चुके अपने-अपने दिवंगतों की मगफिरत के लिये दुआयें कीं। इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हाजी मो. अकरम, जामा मस्जिद प्रशासक शकील खान, ईदगाह कमेटी के सदर बाबर खान, डॉ. जफर सैफी, ताईफ खान, सोहराब सैफी, मो. शमी उर्फ छम्मो, हफीज कुरैशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथलाल चौधरी, ताइफ खान आदि ने ईद की मुबारकबाद दी।



रामनगर में ईदगाह के समीप एक दूसरे को बधाई देकर सेल्फी लेते रोजेदार।

### अकीदत के साथ पढ़ी ईद की नमाज

**रानीखेत :** ईद–उल फितर का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थानीय जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी। गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इमाम शोएब रजा ने ईद की नमाज अदा कराकर मुल्क की खुशहाली, अमन और भाईचारे की दुआ मांगी। मस्जिद के बाहर गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिमों को गले लगाकर पर्व की बधाई दी। जन प्रतिनिधियों ने भी मस्जिद के गेट पर पहुंच कर खुशियां साझा कीं। सुबह से ही जामा मस्जिद में ईद की नमाज के लिए रोजेदार जुटने लगे थे। जिसमें नगर सहित मजखाली, बग्वालीपोखर, मालरोड, चौबटिया सहित आस–पास के इलाकों से भी रोजेदार शामिल हुए।

## ईद मुबारक

### टनकपुर में नमाज अदा कर मांगी अमन और चैन की दुआ

**टनकपुर :** ईद–उल–फितर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में मस्जिद पर एकत्रित होकर नमाज अदा की। टनकपुर नगर में नई जामा मस्जिद पर मुफ्ती नदीम अहमद खान और पुरानी जामा मस्जिद पर मुफ्ती गुलाम मुस्तफा और गांव मनिहागोठ में मुफ्ती अंसार अहमद द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज अदा कराई। समाज एवं परिवार में खुशहाली अमन और चैन की दुआ मांगी। वहीं लोहाघाट सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद–उल–फितर हर्षोल्लास मनाया गया। कोली ढेक की मदीना मस्जिद में मोहम्मद साकिर रजा हुसैनी, मस्जिद खूना मलक में इमाम इरसाद रजा, अफजाल के दौलत खाने में मोहम्मद याकूब, चांदमारी ईदगाह में मौलाना जियाउल मुस्तफा ने अलविदा की नमाज अदा कराई।

### बागेश्वर में नदीगांव की ईदगाह में पढ़ी ईद की नमाज

**बागेश्वर :** जिले में ईद–उल फितर का पर्व धूमधाम के साथ मनाया। नदीगांव स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े नौ बजे ईद की नमाज पढ़ी गई। गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों में सेवइयां के साथ पकवान बनाया गया। बच्चों को भेंट स्वरूप ईदी दी गई। पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मौलवी मोहमद मुफ्ती बिलाल ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर शाहरुख खान, अमन अख्तर, सलमान, खुर्शीद, अनवर अली, जमाल, सलमान अहमद आदि मौजूद रहे।



जामा मस्जिद व मदीना मस्जिद कमेटी को सम्मानित करते अधिवक्ता तालिब हुसैन।

### कालाढूंगी में मांगी अमन व चैन की दुआ

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी में ईद उल फितर की नमाज अकीदत और खुशहाली के साथ अदा की गयी। शहर इमाम कारी मोहम्मद आरिफ रजा ने ईदगाह में नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद सदर वकील अहमद, हाजी रफीक अहमद, हाफिज इमामुद्दीन, ताहिर कादरी, अली हुसैन, मेहमूद हसन बंजारा, मो. मेहताब, मतलूब इलाही, सलमान वारसी, नदीम अहमद, इमरान खान, शाकिर हुसैन, नफीस अहमद, शाहिद रजवी, शब्बू अहमद, जाहिद हबीबी, जुबेर आलम, शहजाद हुसैन, सेरफगन आदि ने भी एक दूसरे को ईद की बधाई दी। अधिवक्ता तालिब हुसैन द्वारा जामा मस्जिद कमेटी, मदीना मस्जिद कमेटी को सम्मानित किया।



अल्मोड़ा कैंट स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

### अल्मोड़ा में हर्षोल्लास से मनाया ईद-उल-फितर का पर्व

**अल्मोड़ा :** जिले भर में ईद–उल–फितर का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। रोजेदारों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। गुरुवार को कैंट स्थित ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती जुनैद उल कादरी ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके बाद देश में अमन व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द की दुआ की गई। इधर ईद के मौके पर ईदगाह पहुंचे विधायक मनोज तिवारी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, अधिवक्ता शेखर लखचौरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा व व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। भिकियासैंण कस्बे में भी ईद पर मौलवी मो. हाशिम ने ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान मोहम्मद यूनुस, अकरम, अतीक, राशिद, बिलाल आदि मौजूद रहे।

# कैंची धाम के आसपास से हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, भीमताल

▸▸ रेहड़ी व फड़ों से लगता था लंबा जाम, पुलिस और व्यापारियों ने चलाया संयुक्त अभियान

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में नीब करौरी महाराज के दर्शन को आने वाले भक्तों की संख्या में हर दिन बढ़ोत्तरी हो रही। भीड़ के दबाव को देखते हुए जिला प्रशासन जल्द पार्किंग व सौंदर्यीकरण, पाथ वे बनाकर निर्माण करने जा रहा, लेकिन धाम में रेहड़ी, फड़ से भीड़ भी बढ़ गई थी। सड़क किनारे अतिक्रमण से जाम की समस्या पैदा हो रही थी। सड़क किनारे गंदगी का अंबार लग रहा था।

गुरुवार को पुलिस, व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने मिलकर 30 रेहड़ी व फड़ों से अतिक्रमण करने वालों को हटवाया। साथ ही क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर कूड़ा एकत्र कर निस्तारण किया गया। पूर्व प्रधान दिनेश तिवारी ने कहा कि रेहड़ी व फड़ों से जाम व गंदगी का अंबार लग रहा था। कहा सप्ताह में एक दिन सफाई अभियान चलाया जाएगा।

कैंची चौकी प्रभारी कृष्णा गिरी ने बताया कि आगे से कोई अतिक्रमण करता दिखा तो कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान विक्रम तिवारी, हर्षित तिवारी, हिमांशु कनवाल, कुनाल तिवारी, डूंगर सिंह बिष्ट, बाबू लाल, धीरज तिवारी, भुवन तिवारी, मुकेश तिवारी, पूर्व प्रधान पवन कुमार, गिरीश तिवारी, रमेश किरौला, योगेश किरौला आदि रहे।

## चिड़ियाघर मार्ग पर सुबह 10 बजे से बंद रहेगा यातायात

**नैनीताल :** नैनीताल का चिड़ियाघर मार्ग शुक्रवार को सुबह 10 से शाम सात बजे तक चार पहिया वाहनों के संचालन के लिए बंद रहेगा। इस दौरान पर्यटक व स्थानीय लोग पैदल व दो पहिया वाहनों से चिड़ियाघर व अपने निवास जा पाएंगे। लोनिवि की ओर से मार्ग के डामरीकरण के चलते यातायात बंद किया गया।

बता दें कि लोनिवि की ओर से शहर की जू रोड में डामरीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है, लेकिन जू रोड में यातायात व रात को ठंड के कारण कोलतार जम जाने के कारण डामरीकरण में गुणवत्ता नहीं मिल पा रही थी, जिसे देखते हुए लोनिवि ने दिन के समय डामरीकरण करने का प्लान बनाया है। लोनिवि सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि इस कारण आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

# कवि संजय परगांई हुए वाराणसी में सम्मानित

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** वाराणसी में धर्मसंघ शिक्षा मंडल दुर्गाकुंड में एक और दो अप्रैल को महाकवि प्रकाश पटैरिया जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय कवि महाकुंभ का आयोजन किया गया।

इसमें देश के कई जाने माने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, युवा एवं नवोदित कवियों ने काव्यपाठ कर समा बांधा। कवि सम्मेलन में ओखलकांडा क्षेत्र के सुरंग गांव निवासी साहित्यकार कवि संजय परगांई ने भी काव्यपाठ किया और कहा कि-कलम के संग अपनों की दुआ का साथ काफी है, मिला है नाम मां का शीश पर बस हाथ काफी है। प्रसिद्ध कवि कमल आग्नेय, कवि राणा मुनि प्रताप सिंह एवं महाकवि प्रकाश पटैरिया फैंस क्लब के पदाधिकारियों ने कवि संजय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान राजकुमार दास महाराज कवि राणा मुनि प्रताप, कमल आग्नेय, लव कुमार लव, रुद्र प्रताप, डॉ. अनिल चौबे, कवयित्री अंशु छोंकर, गणेश शर्मा विद्यार्थी, अभिषेक मिश्रा, कपिल मिश्रा, काशी मिश्रा, तरुण तरंग, उत्तराखंड से कवि योगेश बहुगुणा, ललित मोहन जोशी आदि कवि मौजूद रहे।



वाराणसी में सम्मानित हुए ओखलकांडा के कवि संजय परगांई।

## मोटर मार्ग निर्माण पर उठाए सवाल

**गरमपानी :** समीपवर्ती खुशालकोट गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर लाखों रुपये की सरकारी धनराशि से किए जा रहे डामरीकरण व निर्माण कार्यों में गांव के बाशिंदों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लगाया कि गुणवत्ता विहीन कार्य कर सरकारी बजट की बर्बादी की जा रही है जबकि सरकार ने सड़क पर सुगम यातायात के लिए बजट उपलब्ध कराया है। ग्रामीणों ने कार्यों की जांच की मांग भी उठाई है।

खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे से खुशहालकोट गांव को जोड़ने के लिए वर्षों पूर्व बने मोटर मार्ग के जगह जगह बदहाल होने पर राज्य सरकार ने मोटर मार्ग पर डामरीकरण व मरम्मत तथा सुरक्षात्मक कार्यों के लिए लाखों रुपये का बजट अवमुक्त किया है। स्थानीय मदन सिंह, पूरन सिंह, हरी सिंह, खुशाल सिंह आदि ग्रामीणों ने भी मोटर मार्ग पर गुणवत्तायुक्त कार्य करवाने पर जोर दिया।






### अनियंत्रित कार दीवार से टकराई, एक घायल

**नैनीताल :** बजून क्षेत्र में कार के अनियंत्रित होकर दीवार से टकराने पर कार चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। मल्लीताल निवासी रोहन बुधवार रात कालाढूंगी से नैनीताल की ओर लौट रहा था। बजून क्षेत्र में एक मोड़ पर अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई। रोहन ने वाहन संभालने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान वह पहाड़ी की सुरक्षा दीवार से जा टकरा गया। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। राहगीरों ने किसी तरह उसे वाहन से बाहर निकाल निजी वाहन से बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद उसका हाथ फैक्चर पाया गया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि मरीज को उपचार के बाद हल्द्वानी के हायर सेंटर रेफर किया है।

### पेयजल निगम के सहायक अभियंता से मारपीट

**नैनीताल :** मल्लीताल निवासी पेयजल निगम के सहायक अभियंता ने पड़ोसियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। मल्लीताल मार्शल कॉटेज निवासी गोपाल राम आर्य ने तहरीर देकर कहा कि बुधवार रात पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग उसके घर में घुस गए, जो उससे गाली गलौच करने के बाद पीटने लगे। पड़ोस में ही रहने वाले कुछ लोगों ने उसकी जान बचाई। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने मारपीट करने वाले पड़ोसियों को कोतवाली बुलाया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में मार्शल कॉटेज निवासी नवीन भारती, गौरव कोहली और गोपाल राम के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई है।

### मासिक धर्म और स्वास्थ्य की जानकारी दी

**हल्द्वानी :** आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट एवं सेवा संकल्प ने रामगढ़ ब्लॉक के ग्राम सुपी में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम उजास का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ सेवा संकल्प के वरिष्ठ सहयोगी सदस्य तेज प्रताप सिंह व संस्थापक शिव कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में महिलाओं को मासिक धर्म एवं स्वास्थ्य संबंधित और मिथकों को दूर करने की जानकारी दी गई। सेवा संकल्प की वरिष्ठ सदस्य लवलीन छाबड़ा ने मासिक धर्म, महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए साफ–सफाई और खान–पान के महत्व के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर सारिपुत्र कामबले, अतुल साठे आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनेगा लेक सिटी क्लब का वार्षिक उत्सव

**नैनीताल :** अध्यक्ष ज्योति ढोंढीयाल की अध्यक्षता में गुरुवार को लेक सिटी वेलफेयर क्लब की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में तय किया कि 28 अप्रैल को क्लब का 15वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से बनाया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए ज्योति ढोंढीयाल को संयोजक, दीपा पांडे, हेमा भट्ट व मधुमिता को सह संयोजक मनोनीत किया। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि क्लब की ओर से इस बार स्वास्थ्य शिविर, मदर्स डे, माता की चौकी, हरेला महोत्सव, इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता, डांडिया महोत्सव, व्यंजन प्रतियोगिता, फैंसी शो, तिरंगा यात्रा, तीज महोत्सव, मेहंदी प्रतियोगिता, पौधरोपण आदि का आयोजन किया जाएगा।

## प्रो. वांग ने कार्बन मोनोऑक्साइड से इलाज के कारगर तरीके बताए

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का विषय 'डिफाइंग कन्वेंशनल विजडम : स्टडीइंग कार्बन मोनोऑक्साइड ऐज ए पोटेंशियल थेरप्यूटिक एजेंट' रहा।

ऑनलाइन माध्यम से प्रो. वांग ने अलग अलग के शोध का हवाला देकर समझाया कि कैसे जहरीली समझी जाने वाली कार्बन मोनो ऑक्साइड का इस्तेमाल लिवर, कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों के इलाज के लिए किया जा सकता है। चीन में जन्मे प्रोफेसर वांग कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों से जुड़े कई महत्वपूर्ण शोध कर रहे हैं। डॉ. वांग ने कहा कि कार्बन मोनोऑक्साइड का प्रयोग कीमोथेरेपी, जीन थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसी कई उपचार पद्धतियों के लिए अपनाया जा सकता है। डीएसबी परिसर की डीन साइंस प्रोफेसर चित्रा पांडे ने शोधार्थियों को प्रोफेसर बी. वांग के वृहद अकादमिक परिचय से अवगत कराया।




## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कूष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्मांडा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-ऐं ह्रीं देव्यै नमः।

## एक नजर

### चैती छठ पर्व आज

**हल्द्वानी :** चैती छठ पर्व शुक्रवार (आज) को मनाया जाएगा। छठ पूजा सेवा समिति के महामंत्री मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को नहाए खाए, शनिवार को खरना, रविवार को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य और सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष कृष्णा साह, शंकर भगत, वीरू पंडित, ओम प्रकाश शाह, जय प्रकाश शाह, जितेंद्र भगत, मुन्ना राम आदि मौजूद रहे।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। बुधवार की देर रात पुलिस ने तीनपानी बाईपास स्थित मुक्त विश्वविद्यालय के पास से इंदिरानगर बनभूलपुरा निवासी अरशद अली को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांचशुरू करदीहै।

### प्रारंभिक शिक्षा के कार्मिकों को मिलेगा वेतन

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड शिक्षा विभाग की ओर से सभी आहरण वितरण अधिकारियों को सूचना दी गई है कि प्रारंभिक शिक्षा के सभी कार्मिकों का बीते मार्च माह का वेतन कोषागार से शुक्रवार (आज) को आहरित कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा के लिए वर्ष 2024-25 की बजट स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गई है। ग्लोबल बजट संबंधी मद के लिए बजट निदेशालय स्तर पर फीड कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा की स्वीकृति शनिवार को प्राप्त हो जाएगी।

# आज प्रदेश में बारिश और आंधी-तूफान की आशंका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अलर्ट**

- **मौसम विभाग ने आठ जनपदों में जताई संभावना**
- **गुरुवार को 34 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान**

**अमृत विचार :** मौसम विभाग ने शुक्रवार (आज) को उत्तराखंड के आठ जनपदों में बारिश और आंधी-तूफान की आशंका जताई है। साथ ही लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हल्द्वानी में भी गुरुवार की शाम को तेज हवाएं चलने लगीं।



मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून, टिहरी और अल्मोड़ा जिले में बारिश के साथ-साथ आंधी-तूफान के आसार हैं। तेज हवाएं जन-जीवन प्रभावित कर सकती हैं। मौसम बिगड़ने का असर नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, चंपावत में भी दिखेगा। नैनीताल जिले में भी बारिश के साथ ही तेज हवाएं चल सकतीं हैं। इधर, गुरुवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। शाम के समय शहर में तेज हवाएं चलने लगी। जिससे मौसम बदल गया। हवा के साथ धूल भी उड़ रही थी।

### 12 साल के मीत के गले की गांठ का होना था ऑपरेशन, एनेस्थीसिया विभाग ने नहीं दिया बेहोशी का इंजेक्शन

# किशोर को रात से रखा भूखा, फिर भी नहीं हुआ ऑपरेशन

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में एक बार फिर चिकित्सकों की आपसी लड़ाई के कारण मरीज का ऑपरेशन होते-होते टल गया। 12 वर्षीय मीत कुमार के गले की गांठ का ऑपरेशन होना था। जिसके लिए उसे बुधवार की रात से भूखा रखा गया, लेकिन गुरुवार की सुबह एनेस्थीसिया विभाग ने बेहोशी का इंजेक्शन देने से इनकार कर दिया। जिससे उसका ऑपरेशन नहीं हो पाया। अस्पताल प्रबंधन मामले की जांच की बात कह रहा है।

लालकुआं निवासी मीत कुमार के गले में गांठ होने पर परिजन उसे एसटीएच में दिखाने लाये थे। जहां ओपीडी में चिकित्सक ने ऑपरेशन करने की बात कही। मीत के पिता राम सुधीर ने बताया कि ऑपरेशन के लिए मीत को 9 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार को ऑपरेशन होना था, इसलिए उसे रात से ही भूखा रखा गया। जब सुबह वह बेटे को ऑपरेशन के लिए ले जा रहे थे तभी चिकित्सक ने एनेस्थीसिया न मिलने के कारण ऑपरेशन नहीं करने की बात कही। इधर, न्यूरोसर्जन अभिषेक राज ने बताया कि मरीज को एनेस्थिसिया नहीं मिला, जिसके चलते ऑपरेशन नहीं हो पाया। शुक्रवार को ऑपरेशन करने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि अस्पताल में पहले भी न्यूरोसर्जन और एनेस्थीसिया विभाग में विवाद की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिस वजह से कई मरीजों के पूर्व में भी ऑपरेशन टल चुके हैं। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी के हस्तक्षेप के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है।

**पहले भी हुई हैं घटनाएं**

**23 जनवरी 2024 :** एक मरीज के सिर के ऑपरेशन के लिए उसके बाल तक कटवा दिए गए। मरीज दर्द में तड़प रहा था, लेकिन उसे ऑपरेशन से पहले एनेस्थीसिया नहीं दिया गया और उसका ऑपरेशन टल गया।

**26 अक्टूबर 2023 :** इस दौरान एसटीएच में चार मरीजों का ऑपरेशन होना था, लेकिन मरीजों को एनेस्थीसिया नहीं मिलने की वजह से ये चारों के ऑपरेशन टलते रहे।

**08 अक्टूबर 2023 :** एनेस्थीसिया विभाग की लापरवाही की वजह से एक बच्चे की जान तक चली गई थी। जिसके बाद अस्पताल की काफी किरकिरी हुई थी।

> मरीज का ऑपरेशन न होने की जानकारी मिली है। मामले में जांच की जाएगी। यदि कोई भी दोषी उसका उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।
> – **डॉ अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

# बसों और टैक्सियों का टोटा, यात्री परेशान

### 17 से 22 अप्रैल तक बसों का मिलना होगा और मुश्किल, 19 को पहाड़ व मैदानी इलाकों में ठप रहेगा संचालन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की वजह से बसों और टैक्सियों का टोटा हो गया है। निजी टैक्सियां मिलना भी मुश्किल हो रहा है। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 17 से 22 अप्रैल तक बसों का मिलना और मुश्किल हो जायेगा। 19 अप्रैल को मतदान के दिन पहाड़ी और मैदानी इलाकों में बसों का संचालन पूरी तरह ठप रहेगा। निर्वाचन आयोग ने केमू की बसों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया है।

लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों के आवागमन और चुनाव संबंधी जरूरी सामग्री भेजने के लिए रोडवेज की बसों का अधिग्रहण किया गया है। हल्द्वानी डिपो की करीब 55 बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। वहीं काठगोदाम डिपो से 11 बसों का अधिग्रहण हुआ है। जिससे रुद्रपुर, काशीपुर, कानपुर, बरेली, लखनऊ समेत अन्य मैदानी रुटों के लिए यात्रियों के सामने बसों का संकट हो रहा है।

पर्वतीय इलाकों में प्रमुख तौर पर बसों की सेवा देने वाली केमू की करीब 200 बसें अधिग्रहित की गई हैं। जिससे बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चम्पावत, भीमताल, मुक्तेश्वर, रानीखेत, पहाड़पानी, रामगढ़ समेत अन्य पर्वतीय मार्गों पर यात्रियों को बसें नहीं मिल रहीं हैं। रोडवेज और केमू प्रबंधन के अनुसार अभी और बसें चुनावी ड्यूटी में भेजी जाएंगी। ऐसे में 17 से 22 अप्रैल तक यात्रियों को और परेशानी उठानी पड़ेगी। नैनीताल जिले से छोटे-बड़े करीब 1507 वाहनों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। बस न मिलने पर यात्री टैक्सी ढूंढने जा रहे हैं तो उन्हें टैक्सी भी नहीं मिल रही हैं।



पर्वतीय क्षेत्रों को जाने के लिए वर्कशॉप लाइन के पास खड़े यात्री व वाहन। ● अमृत विचार

**अधिग्रहित वाहनों को 14 को करना होगा रिपोर्ट**

**हल्द्वानी :** चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित किए गए वाहनों को 14 अप्रैल को अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर रिपोर्ट करना होगा। इसके बाद प्रशासन की ओर से वाहनों की जरूरत के हिसाब से चुनाव ड्यूटी लगाई जायेगी। इसी क्रम में पोलिंग पार्टी को लेकर वाहन 17 व 18 अप्रैल को रवाना होंगे। जबकि वापसी के बाद 21 अप्रैल के बाद ही वाहनों को जाने की अनुमति दी जाएगी।

**55** रोडवेज की और केमू की 200 बसों की लगाई चुनाव ड्यूटी

**15** सौ सात छोटे-बड़े वाहन लगाए हैं नैनीताल जिले से

**पर्यटन सीजन पर भी पड़ रहा असर**

**हल्द्वानी :** पर्यटन सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में चुनाव की वजह से टैक्सी और बसों को ढूंढने में यात्रियों को परेशानी हो रही है। ज्यादातर पर्यटक अपने निजी वाहन से घूमने आ रहे हैं। क्योंकि यहां पहुंचने के बाद टैक्सी और बस मिले या नहीं इसका भरोसा नहीं है। इस वजह से पर्यटन सीजन पर असर पड़ रहा है। अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक इसी तरह का माहौल रहेगा।

**बोले अधिकारी**

> चुनाव ड्यूटी के लिए बसों को आवंटित किया जा चुका है। यात्रियों को दिक्कत न हो, इसके लिए परिवहन निगम योजना बना रहा है।
> –**प्रदीप बिष्ट**, एआरएम रोडवेज

> निर्वाचन आयोग के आदेश पर निजी टैक्सी और बसों को चुनाव की ड्यूटी में भेजा जा रहा है। रोडवेज बसों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है।
> –**संदीप सैनी**, आरटीओ हल्द्वानी

# 700 जवानों पर योगी और प्रियंका की सुरक्षा का जिम्मा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर स्टार प्रचारकों की रैली और जनसभाओं का दौर शुरू हो गया है। रुद्रपुर में प्रधानमंत्री मोदी की रैली के बाद अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 अप्रैल को हल्द्वानी आ रहे हैं। संभवतः यह उनका पहला हल्द्वानी दौरा है। इसी दिन कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी रामनगर में जनसभा करेंगी। दोनों बड़े नेताओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। करीब 700 पुलिस कर्मियों पर दोनों नेताओं की सुरक्षा का जिम्मा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में होगी। वहीं प्रियंका गांधी का कार्यक्रम रामनगर में प्रस्तावित है। दोनों दिग्गजों को सुनने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ने का अनुमान है। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसलिए पुलिस तैयारियों में जुट गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा खुद सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। इंटेलीजेंस और एलआईयू हर गतिविधि पर नजर रख रही है। पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के आसपास रहने वालों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया है। कार्यक्रम के दिन चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगा। एसएसपी के अनुसार रामनगर व हल्द्वानी की सभाओं के लिए पूरे कुमाऊं से राजपत्रित अधिकारी व पुलिस कर्मचारी पहुंचेंगे। चार कंपनी पीएसी मिल चुकी है।



**रैली में बारिश के आसार**

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग ने 13 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है। नैनीताल जिले के मैदानी इलाकों में बारिश हो सकती है। साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं। 13 अप्रैल को हल्द्वानी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की रामनगर में रैली होनी है। ऐसे में रैली पर बारिश का असर पड़ने की संभावना है।

# दिल्ली नंबर की कार से 40 लाख का सोना-चांदी और नगदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एफएसटी ने दिल्ली के युवकों की कार से 40 लाख रुपये से अधिक कीमत का सोना-चांदी और तीन लाख रुपये की नगदी जब्त की है। युवकों के पास से किसी तरह के दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। बरामद माल ट्रेजरी में जमा करा दिया गया है। टीम युवकों से पूछताछ कर रही है।

गुरुवार को एफएसटी ने टीपीनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दिल्ली नंबर की कार को रोककर तलाशी ली। गाड़ी से 37 लाख 50 हजार रुपये का सोना और 14 हजार 800 रुपये की चांदी के जेवर समेत तीन लाख रुपये की नगदी बरामद हुई है। पूछताछ में एक युवक ने खुद को दिल्ली स्थित ओम विहार फेज पांच निवासी जगत सिंह और दूसरे ने पूर्वी दिल्ली विनोद नगर निवासी आनंद बल्लभ बताया। दोनों से जब सोना, चांदी और नगदी के दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखा सके। एफएसटी ने नगदी व जेवरात ट्रेजरी में जमा करा दिए। टीम में मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसओजी इंचार्ज संजीत राठौड़, एफएसटी प्रभारी देवेंद्र आर्य, दिनेश चंद्र पाठक, ललित, प्रेम सिंह, सिपाही चंदन, संतोष, शंकर सिंह आदि शामिल रहे।



हल्द्वानी में कार की चेकिंग करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

# सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर का निधन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर कृष्णानंद पांडे (75 वर्ष) का बुधवार की रात निधन हो गया। गुरुवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

मूलरूप से डालकन्या धारी निवासी कृष्णानंद पांडे वर्ष 2007 में सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र सिलीगुड़ी से सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह परिवार के साथ मां गिरजा विहार नरसिंह तल्ला कमलुवागांजा में रह रहे थे। काफी समय से उनकी तबियत खराब चल रही थी। बुधवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह चित्रशिला घाट में सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम के अधिकारियों व जवानों ने श्रद्धांजलि दी।

# गला दबाकर की गई थी अफसाना की हत्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**हत्याकांड**

- **गुरुवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा**
- **मंगलवार को पंचनामा भरने मायके पक्ष से आये थे लोग**

**अमृत विचार :** अफसाना की हत्या गला दबाकर की गई थी। इसकी पुष्टि गुरुवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। इधर, हत्याकांड के बाद पहले शव लेने से इंकार कर रहे ससुराली आखिरकार मान गए। गुरुवार को दो चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम कर शव देवर कुलदीप के सुपुर्द किया। वहीं हत्यारोपी सौरभ का अभी भी कोई पता नहीं लग पाया है।

बीती आठ अप्रैल की रात सौरभ राज ने अपनी 24 वर्षीय पत्नी अफसाना की हत्या कर दी थी। दोनों टीपीनगर चौकी क्षेत्र की नीलांचन कॉलोनी फेज-5 की शिवाजी कॉलोनी में किराए पर रहते थे। घटना को अंजाम देने के बाद सौरभ अपनी तीन और पांच वर्ष की बेटी को लेकर फरार हो गया था। बुधवार को अफसाना के मायके पक्ष से लोग हल्द्वानी पहुंचे, जिसके बाद पुलिस पंचनामा भर सकी। हालांकि उन्होंने बेटी का शव ले जाने से इंकार कर दिया। इस वजह से शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। पुलिस ने रुद्रपुर सुभाष नगर निवासी सौरभ के छोटे भाई कुलदीप से संपर्क किया। गुरुवार को कुलदीप अपने पिता सोनू के साथ हल्द्वानी पहुंचा। पोस्टमार्टम के बाद शव उनके सुपुर्द किया गया।

पुलिस का कहना है कि सौरभ और नाबालिग बेटियों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। उसका फोन भी स्विच ऑफ है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि शव ससुराल पक्ष को सौंप दिया गया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस सौरभ की तलाश में जुटी है।



सौरभ और अफसाना का फाइल फोटो।

**62 घंटे बाद हुआ शव का पोस्टमार्टम**

**हल्द्वानी :** अफसाना के शव का पोस्टमार्टम 62 घंटे के बाद हुआ। उसकी हत्या 8 अप्रैल की रात 12 से सुबह 4 बजे के बीच की गई थी। जबकि शव 10 अप्रैल की सुबह बरामद हुआ। 10 अप्रैल को पुलिस अफसाना के मायके और ससुराल पक्ष से संपर्क साधा, लेकिन कोई शव ले जाने को राजी नहीं हुआ। ऐसे में 10 अप्रैल को पोस्टमार्टम टल गया। 11 अप्रैल को जब ससुराली शव ले जाने को राजी हुए तब दोपहर 2 बजे पोस्टमार्टम हो सका।

**नहीं तैयार हुई भाष्कर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट**

**हल्द्वानी :** बीती 17 फरवरी से लापता भाष्कर का शव 51वें दिन बरामद हुआ। अब उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी देरी हो रही है। 8 अप्रैल को उसका शव मिला और 9 अप्रैल को पोस्टमार्टम हुआ। अब पोस्टमार्टम को तीन दिन गुजर चुके हैं, लेकिन अभी तक रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि रिपोर्ट सोमवार को मिलेगी और तभी हत्या या आत्महत्या की बात स्पष्ट होगी।

**चिंताजनक** धुएं से पर्यावरण को भी पहुंच रहा नुकसान, दुर्गंध के कारण बाईपास से गुजरना हो रहा मुश्किल

# सुलग रहा ट्रंचिंग ग्राउंड, धुएं से बिगड़ रही लोगों की सेहत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला बाईपास रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड के कूड़े में लंबे समय से सुलग रही आग अब बढ़ने लगी है। जिससे धुएं का गुबार निकलने लगा है, जो लोगों के साथ-साथ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं।

ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोग खासे परेशान हैं। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को नाक व मुंह पर रूमाल रखकर गुजरना पड़ता है। कूड़े में आग लगने से उठ रहे धुएं से परेशानी और बढ़ गई है। धुएं से इंदिरानगर और गौजाजाली के लोगों सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर कूड़ा जलता रहता है, लेकिन पिछले दो दिन से आग बढ़ने से धुआं बढ़ गया है। कहा कि धुएं से स्वास्थ्य व पर्यावरण पर असर पड़ रहा है। इधर, नगर निगम के अधिकारी मामले की जांच कराने की बात करते हैं, लेकिन आग पर नियंत्रण कैसे किया जाएगा, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है।



ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े के ढेर से उठता धुआं। ● अमृत विचार



> कूड़े से उठ रहा धुआं लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है। इससे लोगों के बीमार पड़ने की आशंका है।
> –**स्टैंली**, दुकानदार, चोरगलिया रोड



> आबादी वाले इलाके के आसपास ट्रंचिंग ग्राउंड नहीं बनाया जाना चाहिए। धुएं से पूरा क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।
> –**वसीम**, निवासी, लाइन नंबर-18



> ट्रंचिंग ग्राउंड के पास से गुजरना मुश्किल हो रहा है। बदबू और धुएं से लोगों को परेशानियां हो रही हैं।
> –**अनवर हुसैन**, निवासी, गफूरबस्ती

> नगर निगम की टीम ट्रंचिंग ग्राउंड की निगरानी कर रही है। वहां आग अराजक तत्वों ने लगाई है। सीसीटीवी के माध्यम से उन्हें चिन्हित किया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। –**विशाल मिश्रा**, आयुक्त, नगर निगम

# केबल खराब होने से तीन घंटे बिजली गुल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बरेली रोड गौजाजाली क्षेत्र में गुरुवार को विद्युत लाइन में खराबी आने से तीन घंटे तक आपूर्ति ठप रही। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी बिजली की आंख मिचौली जारी रही। जिससे लोगों को गर्मी के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 8 बजे गौजाजाली में मेन लाइन की केबल खराब हो गई। जिससे पूरे क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर केबल को बदलने का काम शुरू किया। करीब 11 बजे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी मनीष जोशी ने बताया कि लाइन में तकनीकी दिक्कत के चलते आपूर्ति बाधित रही। लाइन ठीक होते ही आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई।

# गैस सिलेंडर में लगी आग बाल-बाल बचा परिवार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक घर में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई। आनन-फानन में पहुंची महिला दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ी घटना होने से टल गई। बीती 10 अप्रैल की दोपहर दमकल को सूचना मिली कि शनि बाजार के पास जोशी कॉलोनी स्थित घर में गैस सिलेंडर में आग लग गई है।

सूचना मिलते ही एलएफएम मुख्तियार सिंह, फायर सर्विस चालक श्याम सिंह, महिला फायर कर्मी उषा धामी, दिव्या डांगी और अर्चना चौधरी मौके पर पहुंच गए। फायर कर्मियों ने रेत, गीले बोरे और पानी की मदद से आग पर काबू पा लिया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग के कारणों की जांच की जा रही है।



आग बुझाती महिला दमकल कर्मी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

### पशु चिकित्साधिकारी बोले- कुत्तों को हीट स्ट्रोक (लू) लगने की अधिक होती है आशंका, बरतें सावधानी

# गर्मी बढ़ने से पालतू जानवर हो रहे डिहाइड्रेशन के शिकार

**▸▸ जानवरों में बुखार, पेट दर्द, उल्टी और डायरिया से बढ़ जाता है चिड़चिड़ापन**

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने से पालतू जानवरों में डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) की शिकायत होने लगती है। खासकर इन दिनों कुत्तों को बुखार, पेट दर्द, उल्टी, डायरिया आदि की समस्या होती है, जिससे उनमें चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है। ऐसे में कोई उन्हें छेड़ता या चिढ़ाता है तो वे काटने को आते हैं।

पशु चिकित्सकों के मुताबिक कुत्ते के काटने के मामलों में अप्रैल से जून माह तक बढ़ोतरी हो जाती है। गर्मी बढ़ने के कारण कुत्ते के स्वभाव में बदलाव आने लगता है। गर्मियों में कुत्तों को हीट स्ट्रोक (लू) लगने की आशंका ज्यादा होती है। कालाढूंगी रोड स्थित पशु अस्पताल के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरके पाठक ने बताया कि मनुष्य की तुलना में कुत्तों के शरीर का तापमान अधिक होता है। मनुष्य अपने शरीर से पसीना बहाकर गर्मी से निजात पा लेते हैं, लेकिन कुत्तों की त्वचा में पसीना ग्रंथि (स्वेट ग्लैंड्स) नहीं होती, जिससे वे पसीने के रूप में शरीर की गर्मी को बाहर नहीं निकाल पाते। इससे वे चिड़चिड़े, बीमार व आक्रामक हो जाते हैं।

ऐसे में उन्हें छेड़ने पर वे काटने को आते हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग अपने पालतू कुत्तों को नियमित वैक्सिन लगवाते हैं, लेकिन सड़क के आवारा कुत्ते ज्यादा खतरनाक होते हैं।

**खान-पान का रखें विशेष ध्यान**

पशु चिकित्सकों के अनुसार गर्मियों में कुत्ते खाना कम खाते हैं, इसलिए उन्हें संतुलित आहार देना चाहिए। उनके पास पीने का पानी हमेशा रखें। ज्यादा गर्मी होने पर दिन में एक से दो बार इलेक्ट्रोल या ग्लूकोज देना चाहिए। उन्हें छायादार स्थान में रखना चाहिए। ज्यादा हांफने पर उसके शरीर को गीले कपड़े से साफ करना चाहिए। उन्हें सुबह या शाम को ही घुमाएं। यदि वे थकान महसूस करें तो उन्हें डॉक्टर को दिखाना चाहिए।



"गर्मी में प्यास अधिक लगने से कुत्ते हांफते रहते हैं। जमीन गर्म होने से उनके पैर के तले जलने और उनमें छाले तक पड़ जाते हैं। इन सभी कारणों से कुत्ते अधिक आक्रामक हो जाते हैं। - **डॉ. अनुज अग्रवाल**, पशु चिकित्सक

**नगर निगम में दर्ज हैं 358 कुत्ते**

नगर निगम में पिछले एक साल में लोगों ने 358 पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन कराया है। निगम अधिकारियों ने बताया कि एक कुत्ते के रजिस्ट्रेशन के लिए पहले साल 200 रुपये फीस देनी होती है, जबकि इसके बाद हर साल 50 रुपये देकर इसका नवीनीकरण कराया जा सकता है। बताया कि कुत्ते का रजिस्ट्रेशन नहीं होने व किसी को काटने पर उसके मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## सैलानी बढ़ने से कई होटल हुए पैक

**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी नैनीताल में ईद पर व मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से बचने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सैलानियों के सैलाब से शहर व आसपास के अधिकांश होटल भी पैक हो चले हैं।

ग्रीष्मकाल में नैनीताल का नैसर्गिक सौंदर्य व आसपास के पहाड़ी क्षेत्र पर्यटकों की पहली पसंद बने हैं। गुरुवार से ही बड़ी संख्या में सैलानियों का नैनीताल पहुंचने का दौर शुरू हो चुका है, जिससे शहर के सभी पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भीड़ रही। पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन व बारापत्थर में घुड़सवारी का आनंद लिया। स्नोव्यू, केव गार्डन, हिमालय दर्शन, सरिताताल, किलबरी, हनुमानगढ़ी सहित शहर के आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों पर खूब सैलानी दिखे।

# सावधान : जिले में बढ़ रहे हैं टाइफाइड के मरीज

### लक्षण वाले 3 से 4 मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे अस्पताल, जनपद में अब तक 50 से अधिक मरीजों में हो चुकी है पुष्टि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच जिले में टाइफाइड के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रतिदिन 3 से 4 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं, जिनमें टाइफाइड के लक्षण दिख रहे हैं। इन मरीजों की जांच कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अब तक 50 से अधिक मरीजों में टाइफाइड की पुष्टि हो चुकी है।

शहर के प्रमुख बेस अस्पताल और सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बेस में जहां ओपीडी 800 के पार पहुंच रही है। वहीं एसटीएच में 1500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। दोनों अस्पतालों में सबसे अधिक बुखार और उल्टी से पीड़ित मरीज आ रहे हैं।

जांच में इन मरीजों में टाइफाइड की पुष्टि हो रही है। बता दें कि टाइफाइड आंत से जुड़ी बीमारी है। जिसमें मरीज को उल्टी होती है। साथ ही बुखार भी आता है। बुखार लंबे समय तक रह सकता है। शरीर में कमजोरी होती है। टाइफाइड दूषित पानी और दूषित भोजन के सेवन होता है।

जनपद नैनीताल में मार्च माह के दूसरे सप्ताह से ही टाइफाइड के मामले आने शुरू हो गए थे। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 3 से 4 मामले दर्ज हो रहे हैं। पहाड़ की अपेक्षा मैदानी इलाकों में टाइफाइड का ज्यादा असर है। हल्द्वानी में बनभूलपुरा क्षेत्र टाइफाइड के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में शामिल है। जिला संक्रामक रोग विश्लेषक एनके कांडपाल का कहना है कि टाइफाइड के मरीजों के आंकड़े इकट्ठे किए जा रहे हैं। बेस अस्पताल और एसटीएच में टाइफाइड के कई मरीज भर्ती हैं। मार्च के दूसरे पखवाड़े से अब तक टाइफाइड के करीब 50 से अधिक मरीज मिल चुके हैं। ये आंकड़ा तब है जब इसमें निजी अस्पतालों का आंकड़ा शामिल नहीं है।



बेस अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन। ● फाइल फोटो

**टाइफाइड के लक्षण**

- तेज बुखार आना
- पेट दर्द होना
- उल्टी दस्त होना
- मांसपेशियों में दर्द होना
- भूख कम, वजन कम होना
- सिरदर्द के साथ थकान

**बचाव के उपाय**

- पीने और खाने की आदतों के बारे में बहुत सावधान रहें
- कुछ भी खाने से पहले हाथ धोना न भूलें, खासकर कच्चा खाना
- बाहर का खाना खाने से बचें
- कच्चे भोजन, विशेष रूप से मांस, चिकन आदि का सेवन न करें
- सुरक्षित, स्वच्छ पानी की बोतलें कसकर सील के साथ ले जाएं।
- हमेशा उबला हुआ पानी पसंद करें क्योंकि यह रोगाणु मुक्त होता है।
- नल का पानी पीने से बचें

**सेवा नियमावली का उल्लंघन कर बंद रखी ओपीडी**




**हल्द्वानी, अमृत विचार :** चिकित्सकों ने सेवा नियमावली का उल्लंघन कर गुरुवार को बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में पूरे दिन ओपीडी बंद रखी। चिकित्सकों के प्रांतीय संगठन के आह्वान पर ओपीडी बंद रखने की घोषणा की गई थी। बता दें कि राजपत्रित अवकाश के दिन बेस और महिला अस्पताल की ओपीडी में आधे दिन का अवकाश होता है, लेकिन विगत कुछ दिनों से चिकित्सक अपनी इच्छा से प्रांतीय संगठन के आह्वान पर राजपत्रित अवकाश के पूरे दिन छुट्टी कर रहे हैं। जिस वजह से गुरुवार को बेस और महिला अस्पताल में ओपीडी बंद रही। इससे मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

**बेस में सीटी स्कैन के लिए करना होगा और इंतजार**



**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खराब हुए एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है। लेकिन अभी तक मशीन ठीक नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि मशीन को ठीक होने में अभी और समय लग सकता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार देहरादून से आदेश आने के बाद ही मशीन को ठीक करने की कार्यवाही शुरू होगी।

**बोले चिकित्सक**

"टाइफाइड से बचने के लिए साफ-सफाई का पूरी तरह से ध्यान रखें। टाइफाइड गंदगी की वजह से होने वाली बीमारी है। तबीयत खराब होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। -**डॉ. विनीता निखुर्पा**, फिजिशियन, बेस अस्पताल हल्द्वानी"

## अधूरे रह गए प्रहलाद मेहरा के कुछ सपने

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पिछले 15 सालों से लोक गायक प्रहलाद सिंह मेहरा के साथ काम कर रहे संस्कृति प्रेमी नरेंद्र टोलिया उनके 20 से 25 गानों को अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड कर चुके हैं, जिन्हें अब तक लाखों लोग देख व सुन चुके हैं।



नरेंद्र टोलिया।

नरेंद्र कहते हैं कि प्रहलाद और उनका साथ बहुत अच्छा रहा। शेरदा अनपढ़ की चर्चित रचना पार्वती को मैतुड़ा देश पर बन रहे गाने की बीते दिनों ही देहरादून में शूटिंग खत्म हुई थी। प्रहलाद का वरिष्ठ लोक कलाकार नरेंद्र सिंह नेगी के साथ गाने व अभिनय करने का सपना था, जो इस गाने में पूरा हुआ। शूटिंग खत्म होने के बाद प्रहलाद ने वहीं से फोन करके कहा कि आज लोक संस्कृति में एक मुकाम तक पहुंच गया हूं।

बताया कि प्रहलाद अपने काम को जुनून व लगन के साथ करते थे। ऐजा रे ऐजा मेरा दानपुरा गाने के लिए उनकी पहली शर्त थी कि पूरा गाना वास्तविक लोकेशन दानपुरा, कपकोट, बागेश्वर में फिल्माया जाएगा। वह चाहते थे कि दानपुरा के रीति-रिवाज, खान-पान, मंदिर व अन्य दर्शनीय स्थलों को एक ही गाने में फिल्माया जाए। प्रहलाद अपने गाने सोच-समझकर लिखते थे। उनके गानों में फूहड़ता बिल्कुल नहीं होती थी। अगले साल उनकी संस्था जन जागृति कला मंच को 25 साल पूरे होने वाले थे। वह कहते थे कि बढ़िया कार्यक्रम करेंगे, लेकिन वह हमेशा के लिए छोड़कर चले गये।

# लोक गायक मेहरा पंचतत्व में विलीन

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के जाने-माने लोक कलाकार प्रहलाद सिंह मेहरा का गुरुवार को चित्रशिला घाट रानीबाग में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटों मनीष, कमल और नीरज ने चिता को मुग्खाग्नि दी। अंतिम यात्रा में प्रदेश के तमाम लोक कलाकारों के अलावा सैकड़ों की संख्या में प्रशंसक मौजूद रहे।

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कपकोट के पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौर्याल, उत्थान मंच के सचिव देवेंद्र तोलिया, त्रिलोक बनौली, ललित बिष्ट, कवींद्र सिंह मेहता, एडवोकेट ललित जोशी, गणेश चंद्र जोशी, गोविंद नेगी, सोहन चौहान, अब्बू रावत, सुरेश राणा, भैरव दत्त, पवन जोशी, इंदर आर्य, गोविंद दिगारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अंतिम संस्कार में पहुंचने वालों में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, विधायक सुरेश गढ़िया, विधायक बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, हरेंद्र बोरा, पूर्व अध्यक्ष राम बाबू मिश्रा, शंकर सिंह कोरंगा, पूर्व छात्र अध्यक्ष लाल सिंह पवार, पूर्व छात्र संघ सचिव अर्पित बिसोती, मनीष बोरा, जगदीश अग्रवाल सहित काफी संख्या में छात्र संघ राजनीति से जुड़े जनप्रतिनिधियों के अलावा राजनीतिक व राष्ट्रीय सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकरियों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



चित्रशिला घाट पर मेहरा को श्रद्धांजलि देते महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी व रंगमंच के कलाकार।

**राज्य आंदोलनकारियों ने दी श्रद्धांजलि**

**नैनीताल :** उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद महरा के निधन पर राज्य आंदोलन संघर्ष मोर्चा व अन्य लोगों ने मल्लीताल बड़ा बाजार में शोक सभा आयोजित की। इसमें दिवंगत की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में वक्ताओं ने प्रसिद्ध लोक गायक के निधन को उत्तराखंड की लोक संस्कृति के लिए एक बहुत बड़ी क्षति बताया। शोक सभा में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा नगर अध्यक्ष शाकिर अली, प्रदीप कुमार दुम्का, राम नारायण, आन सिंह मेहरा मौजूद रहे।

## पहाड़ियों में आग लगने से खतरा बढ़ा

**गरमपानी, अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटी पहाड़ियां लगातार आग की चपेट में आकर खाक होती जा रही हैं बावजूद कोई सुधलेवा नहीं है। पहाड़ियों में धधक रही आग से लगातार पत्थर गिरने से आवाजाही भी खतरनाक हो चुकी है।

गांवों से सटे जंगलों के आग से राख हो जाने के बाद अब कुमाऊं की लाइफ लाइन कहे जाने वाले अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटी पहाड़ियां आग की चपेट में आ गई हैं। बीते दिनों गरमपानी, खैरना तथा भोर्या बैंड क्षेत्र से सटी थुआ की पहाड़ी पर आग लगने के बाद अब पाडली व जौरासी के नजदीक की पहाड़ी पर आग धधक उठी। पहाड़ी पर लगी आग की चपेट में आकर घास व चीड़ के पेड़ भी जल गए।



बिंदुखत्ता क्षेत्र में पथ संचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

**बिंदुखत्ता में भव्य पथ संचलन किया**

**लालकुआं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई की ओर से नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर काररोड मुख्य बाजार बिंदुखत्ता में पथ संचलन किया। इससे पूर्व पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक जनता इंटर कॉलेज, जड़सेक्टर में एकत्रित हुए। जनता इंटर कॉलेज गौलारोड बिंदुखत्ता स्थित संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार के चित्र को प्रणाम कर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में अमृत वचन व एकल गीत के बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला प्रचार प्रमुख एडवोकेट प्रदीप लोहनी ने स्वयंसेवकों को नववर्ष प्रतिपदा व नवरात्र की शुभकामनायें दीं। इस मौके पर खण्ड संघ चालक भूपाल सिंह बनकोटी, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख सूरज, जिला सेवा प्रमुख मोहन दुर्गापाल, जिला घोष प्रमुख जितेंद्र शाही, गंगा सिंह पवार, गुलशन पांडे, शैलेन्द्र दुम्का आदि थे।

# जल संस्थान संसाधन विहीन, नलकूप सूखे

संवाददाता, हल्द्वानी

**परेशानी**

**▸▸ चेन कुप्पी की कमी के चलते नहीं निकली नलकूप की मोटर**

**▸▸ गौलापार के खेड़ा में कई दिनों से खराब है नलकूप की मोटर**

**अमृत विचार :** दिनोंदिन बढ़ रही गर्मी के साथ ही पेयजल किल्लत भी बढ़ती जा रही है। संसाधनों की कमी से जूझ रहा जल संस्थान खराब चल रहे नलकूपों की मरम्मत तक नहीं करा पा रहा है। गौलापार क्षेत्र स्थित पांच नलकूप कई दिनों से खराब हैं, लेकिन जल संस्थान के पास मोटर निकालने के लिए चेन कुप्पी तक नहीं है। वहीं आधे टैंकर सरकारी ड्यूटी में होने से स्थिति और बदतर हो गई है।

जल संस्थान में संसाधनों की कमी के चलते फुंके हुए नलकूपों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। गौलापार इलाके में पांच नलकूप कई दिनों से खराब हैं। लेकिन बोरिंग में से मोटर निकालने के लिए जल संस्थान के पास चेन कुप्पी तक नहीं है। जिस वजह से मोटर ही नहीं निकाली जा सकी है। यही स्थिति खेड़ा इलाके के नलकूप की भी है, इसे ठीक होने में अभी भी 4 से 5 दिनों तक का समय लगने की उम्मीद है। जो नलकूप खराब हैं उससे जुड़े इलाके पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। जल संस्थान के आधे टैंकर चुनाव ड्यूटी में लगाए गए हैं। बाकी बचे टैंकरों से ही पेयजलापूर्ति की जा रही है। पहले तो जल संस्थान कई-कई दिन तक नलकूप की मोटर ही नहीं निकाल पा रहा है। मोटर निकल जाती है तो उसे ठीक होने में दो-दो दिन लग जाते हैं। जल संस्थान की इस कमी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। उधर, कठघरिया और कमलुवागांजा इलाके में नलकूप की मोटर खराब होने के चलते वहां भी पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। कमलुवांगाजा व बजुनिया हल्दू के नलकूप की मरम्मत भी नहीं होने से क्षेत्र में पानी की दिक्कत बनी हुई है। कमलुवागांजा के नलकूप को ठीक होने में अभी 2 दिन का समय और लगने की उम्मीद है। जल संस्थान के ईई नंद किशोर ने बताया कि पूर्व में गौलापार इलाके में जो भी नलकूप खराब हुए थे। उन्हें ठीक कर दिया गया है। विभाग के पास संसाधनों का अभाव नहीं है।

## सार-संक्षेप



श्रीराम और रावण युद्ध की लीला का मंचन करते कलाकार।

### राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

**हल्द्वानी :** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से उत्थान मंचन में आयोजित महिला रामलीला श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गई। गुरुवार को अंतिम दिन श्रीराम व रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन हुआ। जिसमें श्रीराम ने रावण का वध कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रामलीला में इस बार रावण का विशेष पुतला बनाया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। रामलीला के अंतिम दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, नारायण पाल, प्रमोद तोलिया आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पुनर्नवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, यशोदा रावत, शांति जीना, कल्पना रावत, प्रेमा बृजवासी, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, रेखा रावत, अंजना बोरा, कमला रौतेला, कुसुम बोरा आदि उपस्थित रहे।

### माता के जयकारों से गुंजायमान हुई कोसी घाटी

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर गरमपानी स्थित सुप्रसिद्ध शांति देवी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ अखंड रामायण पाठ का श्रीगणेश हो गया। क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को विशेष प्रार्थना की गई। माता मंदिर में सुबह धर्माचार्यों ने यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। आसपास के खैरना, डोबा, मझेड़ा, रामगढ़, छड़ा, लोहाली, रातीघाट आदि क्षेत्रों से पहुंचे माता भक्तों ने कार्यक्रम में भागीदारी की। भजन कीर्तनों से माहौल भक्तिमय हो उठा। माता के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा।

### रानीखेत क्रिकेटर्स ने जीता फाइनल मुकाबला

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला रानीखेत क्रिकेटर्स ने मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी को 10 विकेट से हराकर जीता। जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम 24 ओवर में 86 रन बना पाई। जवाब में रानीखेत क्रिकेटर्स की टीम ने 10 ओवर में लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सुक्रीत साह, हरीश मनराल, धीरज वर्मा, दीपक मेहरा, कमल पपनै आदि मौजूद रहे।




शिविर में रक्तदान करते युवक। ● अमृत विचार

### नव संवत्सर पर लगाया रक्तदान शिविर

**रामनगर :** नव संवत्सर के स्वागत में भारत विकास परिषद की ओर से भारत माता का पूजन किया गया। साथ ही दीप प्रज्वलन कर रक्तदान शिविर लगाया। परिषद के संयोजक ( सम्पर्क ) विकास अग्रवाल ने बताया कि हल्द्वानी के ब्लड बैंकों में ब्लड की कमी के मद्देनजर दया फाउंडेशन के आग्रह पर संरक्षक कमल किशोर सिंघल एवं चिकित्सा शिविर प्रभारी डा. रीना सिंघल की प्रेरणा से परिषद के सदस्यों ने 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मुख्य बाजार में स्थित भारत विकास परिषद के स्थाई प्रकल्प भारत विकास जलधारा (ज्वाला लाइन) के समक्ष आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वयोवृद्ध समाजसेवी लाला प्रभुदयाल, भारत विकास परिषद के प्रान्तीय ग्राम विकास प्रकल्प चेयरमैन कमल किशोर सिंघल, हल्द्वानी से आए ब्लड बैंक के संचालक प्रकाश मेहता, व्यापारी नेता पीयूष जिन्दल आदि ने संयुक्त रूप से किया गया।

### भारतीय संस्कृति व सभ्यता के उत्थान को आगे आएं युवा

**गरमपानी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामगढ़ खंड के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष के अवसर पर मौना क्षेत्र में पथ संचलन कार्यक्रम हुआ। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में लोनिवि मैदान से मौना मुख्य बाजार तक पथ संचलन किया। स्वयंसेवकों ने रामगढ़ ब्लॉक के मोना क्षेत्र में लोनिवि मैदान से मौना मुख्य बाजार तक पथ संचलन कर क्षेत्रवासियों से संगठित रहने का आह्वान किया। इस दौरान खंड कार्यवाहक भीम बिष्ट, नवीन शर्मा, हरेंद्र नेगी, राकेश कपिल, कुंदन चिलवाल, राकेश राणा, आंनद नेगी, हरीश साह, दीपक रैक्वाल, हेमराज नयाल, योगेश कबडवाल समेत पचास स्वयंसेवक मौजूद रहे। भवाली, खैरना, रामगढ़ व क्वारब पुलिस की टीम निगरानी में जुटी रही।

### कबाड़ के गोदाम में पुराने टायरों में लगी भीषण आग

**रामनगर :** रामनगर के गैस गोदाम रोड स्थित खताडी में कबाड़ के गोदाम में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। फायर स्टेशन अधिकारी उमेश चंद्र परगाईं ने बताया कि बुधवार देर रात गोदाम स्वामी वसीम अहमद के गैस गोदाम के पास स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन कबाड़ गोदाम में पुराने टायर जलने से आग बुझाने में काफी दिक्कतें आईं। फोम टैंकर के प्रयोग से आग बुझाने में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि गोदाम स्वामी के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। फायर यूनिट टीम में उमेश चंद्र परगाई, सुशील कुमार दहिया, ओमप्रकाश शामिल रहे।

### दुर्घटनाएं रोकने को संकेतक बोर्ड और डिवाइडर बनेंगे

**रामनगर :** नगर के आसपास सड़क हादसों पर अंकुश लगाने लिए तीन स्थानों पर लोनिवि (एनएच) सड़क सुरक्षा कार्य कराने की कवायद जल्द शुरू करने जा रहा। इसके तहत संकेतक बोर्ड और सड़क के बीच डिवाइडर बनाने की तैयारी की जा रही। शिवलालपुर क्षेत्र में इसका कार्य शुरू कर दिया गया है। एनएच के सहायक अभियंता मनोज भट्ट ने बताया कि एनएच 309 में रामनगर शहर के पास करीब 45 लाख की लागत से सड़क सुरक्षा के कार्य कराए जा रहे हैं। बताया कि शिवलालपुर से लेकर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एनएच में तीन जगह तीव्र मोड़ रोड सेफ्टी के लिहाज से संवेदनशील हैं। यहां हादसों की सबसे ज्यादा आशंका रहती है, इसलिए यहां कार्य शुरू कराया गया है। भट्ट ने बताया कि शिवलालपुर प्वाइंट्स के अलावा लखनपुर और आमडंडा में भी यही कार्य किए जाने हैं। आमडंडा में भी तीव्र घुमाव हादसों की वजह बन जाते हैं। इससे पूर्व एनएच ने टांडा और पीरूमदारा क्षेत्र में रोड सेफ्टी के तहत यह कार्य कराए हैं।



गोधाम हल्दूचौड़ में कथा का आनंद लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### गो धाम में प्रभु श्री राम की कथा की धूम

**हल्दूचौड़ :** गो धाम हल्दूचौड़ में इन दिनों प्रभु श्री राम की कथा की धूम मची हुई है। भक्त प्रतिदिन श्रीराम कथा के श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। संत तत्वज्ञानी श्रील नवयोगेन्द्र महाराज ने कथा के दूसरे दिन याज्ञवल्क्य और भारद्वाज ऋषि के सुन्दर संवाद का वर्णन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि हर पल नाम सुमिरन व भक्ति करना ही जीवन का मूल उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी रामेश्वर दास महाराज, गोपीदास, केवल कृष्ण दास, भरत श्रेष्ठ दास, नारद मुनि, सविता माता, कुंती माता, गोपाल नेगी, राजेन्द्र बिष्ट, कमलेश भट्ट, बीडी खोलिया, ज्वाला दत्त, सतीश दास, प्रकाश भट्ट, चंदू खोलिया, लक्ष्मी खोलिया, राजेन्द्र बिष्ट आदि भक्त मौजूद रहे।

# हरिद्वार में हुआ था हरीश रावत का उद्धार

## अल्मोड़ा से कई चुनाव हारने के बाद हरिद्वार में जीते, केंद्र में मंत्री से लेकर बाद में मुख्यमंत्री तक बने

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** हरिद्वार में मां गंगा लोगों का उद्धार करती है। उत्तराखंड के एक बड़े कांग्रेसी नेता का भी उद्धार हरिद्वार में जाकर हुआ। एक समय लगातार हार झेल रहे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत को लोकसभा चुनाव में जीत हरिद्वार में जाकर मिली। वह केंद्र में मंत्री बने और बाद में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तक बने। हरिद्वार जाने से पहले हरीश रावत कांग्रेस में भी उपेक्षित चल रहे थे। कांग्रेस में उनका फिर से कद हरिद्वार में जीतने के बाद ही बढ़ा था।

हरीश रावत को अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर लगातार हार मिल रही थी। भाजपा के बची सिंह रावत ने उन्हें तीन बार चुनाव हराया था। जबकि पूर्व में वह इस सीट से सांसद बन चुके थे।

हरीश रावत बचदा से पार नहीं पा रहे थे। जिस वजह से वह पार्टी में उतनी तेजी के साथ आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। यह तो जगजाहिर है कि हरीश रावत एनडी तिवारी के विरोधी गुट के नेता थे। जब उत्तराखंड में पहले विधानसभा चुनाव हुए उस समय हरीश रावत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने बहुमत हासिल कर लिया। सबको लगने लगा कि हरीश रावत मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अचानक से एनडी तिवारी मुख्यमंत्री बन गए। हरीश रावत ने अंदर ही अंदर बगावत भी की, लेकिन बाद में कांग्रेस ने उनको राज्यसभा भेज दिया। इसके बाद से हरीश रावत कांग्रेस में उपेक्षा ही झेलते रहे। साल 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले तक कांग्रेस में उनकी पहचान नाखुश नेता वाली बन गई थी। साल 2009 में वह अल्मोड़ा से लगातार तीन चुनाव हारने के बाद हरिद्वार से लोकसभा का चुनाव लड़ने पहुंचे।

हरीश रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह सीट जीत ली। तब तक एनडी तिवारी की राजनीतिक पारी का भी अंत होने लगा। अब कांग्रेस हाईकमान ने हरीश रावत को उत्तराखंड में आगे बढ़ाना शुरू किया। उन्हें केंद्र में पहले राज्य मंत्री और बाद में कैबिनेट मंत्री बनाया। साल 2012 में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनने पर वह मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, लेकिन नहीं बन पाए। इस दौरान वह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बने। बाद में कांग्रेस के मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा को मुख्यमंत्री पद से हटाकर हरीश रावत को मुख्यमंत्री बनाया गया। उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनते समय भी हरीश रावत हरिद्वार के ही सांसद थे।



### अब बेटे को मां गंगा के पास भेजा

**हल्द्वानी :** हरीश रावत ने अपने बेटे वीरेंद्र रावत को हरिद्वार सीट से टिकट दिलवा दिया है। कांग्रेस से वीरेंद्र और भाजपा से त्रिवेंद्र सिंह रावत मैदान में हैं। हरीश रावत ने काफी लड़-झगड़ कर अपने बेटे के लिए टिकट लिया है। हरीश रावत चाहते हैं कि हरिद्वार में उनके बेटे का भी उद्धार हो जाए।



## सबसे ज्यादा शिकायतें लालकुआं की हुईं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सी-विजिल एप में आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 577 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें लालकुआं व सबसे कम भीमताल की हैं।

नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि सी-विजिल एप में कुल 577 शिकायतें दर्ज हुईं इनमें 566 सही पाई गई जबकि 11 फेक थीं। सभी 566 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा शिकायतें लालकुआं में 200, हल्द्वानी में 181, रामनगर में 82, नैनीताल में 53 और कालाढूंगी-भीमताल में 25-25 शिकायतें हुईं। ज्यादतर शिकायतें बिना अनुमति के पोस्टर बैनर चस्पा करने की थीं। उन्होंने बताया कि इस एप से कोई भी शिकायत दर्ज करा सकता है, उस पर तुरंत कार्रवाई होगी। शिकायत करने के लिए किसी को भी आरओ दफ्तर में नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम में अब तक 44.03 लाख नगद, 44.68 लाख की शराब, 77.99 लाख के मादक पदार्थ पकड़े गए हैं।

# चुनावी खर्च में कांग्रेस अव्वल, भाजपा पीछे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का दूसरी बार चुनाव खर्च का मिलान किया गया। व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल की मौजूदगी में प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर का मिलान किया। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपना चुनाव खर्च सबसे अधिक 55 लाख 54 हजार 454 रुपये दर्शाया है। इसके पहले छह अप्रैल को व्यय रजिस्टर का मिलान किया गया था। तीसरी बार 16 अप्रैल को खर्च का मिलान किया जाएगा।

गुरुवार को मुख्य कोषाधिकारी डॉ. शुक्ल ने बताया कि खर्च का मिलान करने पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने दूसरी बार चुनाव खर्च का ब्यौरा 54 लाख 31 हजार 969 रुपये का दर्शाया है। उन्होंने बताया कि बसपा प्रत्याशी अख्तर अली ने अपना खर्च 11 अप्रैल तक 703814 रुपये, अखिल भारतीय परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश कुमार ने 38275 रुपये खर्च दर्शाया है।

### निगरानी

**▶▶ व्यय प्रेक्षक ने किया व्यय रजिस्टर का मिलान, 16 अप्रैल को अंतिम बार होगा मिलान**

इसके अलावा पीपुल पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी अमर सिंह सैनी ने 156450 रुपये, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के प्रत्याशी जीवन चंद्र उप्रेती ने 110245 रुपये, उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी शिव सिंह ने 111940 रुपये, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह ने 25 हजार रुपये, निर्दलीय प्रत्याशी रमेश कुमार मैक्स ने 69550 रुपये खर्च दर्शाया है। उन्होंने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी हितेश पाठक न तो खुद पहुंचे और न ही उनके प्रतिनिधि खर्च का ब्योरा देने पहुंचे। इस कारण जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस देकर जवाब मांगा है।

### एक नजर



नव मतदाताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत।

#### युवाओं का जोश बदलेगी देश की तस्वीर

**कालाढूंगी :** गुरुवार को निजी बैंकेट हॉल में आयोजित नव मतदाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता विकास भगत ने युवा मतदाताओं जोश भरा। विकास ने नये मतदाताओं को वोट के महत्व के संबंध में बताया। सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के पुत्र दिग्विजय भट्ट ने कहा कि युवाओं को सही दिशा में सही उद्देश्य के लिए मत का प्रयोग करना चाहिए। युवा नेता दिग्विजय भट्ट ने नव मतदाताओं से नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। वहीं बूथ नंबर 44 में कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार प्रसार किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, मंडल महामंत्री हरीश मेहरा, गोपाल बुढ़लाकोटी, गीता कुंवर, कैलाश बुढलाकोटी, दीवान सिंह बिष्ट, गोधन सैनी, भुवन कुमार टम्टा, विक्रम चौहान, रमेश गोस्वामी, जीवन गोस्वामी मौजूदरहे।



पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

#### भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी

**भीमताल :** पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर भाजपा को जिताने और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकमत होने की अपील की। कार्यकर्ताओं से केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा भीमताल विधानसभा के अंतर्गत किए गए कार्यों को जनता के बीच ले जाने को कहा। भीमताल पहुंचने पर पूर्व महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा जोशी, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राहुल जोशी ने स्वागत किया। इस दौरान गोपाल रावत, कमला आर्या, सुरेश आर्या, बीना आर्या, दिनेश सांगुड़ी, अनिल चनौतिया आदि मौजूद थे।



घर-घर जाकर जनसंपर्क करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

#### कांग्रेस का रोड शो आज, घर-घर किया जनसंपर्क

**भीमताल :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव कार्यालय में एकत्र होकर 12 अप्रैल को शाम 4 :00 बजे से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के रोड शो के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। रोड शो खुटानी से प्रारंभ होगा। वहीं गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विनायक व गोरखपुर आदि का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए घर-घर वोट मांगे। इस दौरान नगर अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनौतियां, जिला युवा विधानसभा अध्यक्ष नीरज कुमार, जिला सचिव आशा आर्य, सभासद सीमा टम्टा, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगई, रीना आर्य, निर्मला आर्य, विधानसभा युवा अध्यक्ष सूरज मेहरा, विपिन सनवाल, खुशी राम, देवेंद्र सिंह फर्त्याल, पवन जोशी, विजय नेगी, सूरज बोरा, मनोज कुमार, जगदीश पांडे आदि थे।

#### नगर निगम गोद लेगा पांच मतदान केंद्र

**हल्द्वानी :** इस आम चुनाव में मतदाताओं को सहूलियत देने के लिए नगर निगम भी आगे आया है। नगर निगम ने शहर में सबसे ज्यादा मतदाता वाले पांच मतदान केंद्रों को गोद लेने का फैसला किया है। इसके बाद वहां बुनियादी जरूरतें पूरी करने के साथ ही आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा। नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि नगर निगम ने पांच सबसे ज्यादा वोटर वाले मतदान केंद्रों को गोद लेने का फैसला किया है। इन मतदान केंद्रों में साफ-सफाई, मतदाताओं के लिए पानी, गर्मी से राहत के लिए इलेक्ट्रिक पंखे, दो वॉलंटियर्स की नियुक्ति जो मतदाताओं को मतदान में किसी भी किस्म की मदद देगा। इन मतदान केंद्रों की सूची जल्द ही तैयार की जाएगी।

## दूसरा चरण : 4 ने घर बैठे दिया वोट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** घर से वोट योजना में गुरुवार को दूसरे चरण में 4 मतदाताओं ने मतदान किया।

नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि घर से वोटिंग में 8-10 अप्रैल तक पहले चरण में जनपद के 1,556 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं में से 1,432 ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया, जो कि लगभग 92.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जो मतदाता से छूट गए उनके लिए 11 से अभियान शुरू हो गया है जो 13 अप्रैल तक चलेगा। दूसरे चरण में रामनगर व भीमताल में 2-2 दिव्यांगों ने घर बैठे मतदान किया। इस तरह जिले में चार वोट पड़े। जो भी मतदाता छूट गए हैं उनका मतदान कराया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि सौ प्रतिशत मतदान कराना है।

# भाजपा पांचों संसदीय सीटें 25 लाख वोटों के अंतर से जीतेगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड की पांचों संसदीय सीटों पर 25 लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज करेगी।

गुरुवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रभारी गौतम ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व आतंकवाद का डर रहता था। लोग घर से बाहर जाते थे तो डर लगता था कि वापसी होगी या नहीं। भाजपा सरकार में आतंकवाद का खात्मा हो गया। पिछले 10 वर्षों में भाजपा के एक भी सांसद-विधायक पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, जबकि सोनिया-राहुल पांच हजार करोड़ के घोटाले के आरोप में जमानत पर हैं। पीएम मोदी ने उत्तराखंड के ब्रह्मकमल की टोपी पहनकर राज्य को गौरवान्वित किया। अन्य प्रांतों की अपेक्षा उत्तराखंड कई मामलों में आगे है। यूसीसी, नकल विरोधी, दंगा रोधी कानून पारित किए और अन्य राज्यों के लिए नजीर बना। राज्य आंदोलनकारियों को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर राज्य आंदोलनकारियों के सपने का उत्तराखंड बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व विहीन है। भाजपा राज्य की पांचों संसदीय सीटें 25 लाख वोटों के अंतर से जीत रही है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, चंदन बिष्ट, प्रताप बिष्ट, विवेक सक्सेना, भुवन भट्ट, विनोद मेहरा, विष्णु सक्सेना आदि मौजूद रहे।




प्रेस वार्ता करते प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व अन्य।

### एक नजर




खटीमा में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ● अमृत विचार

#### खटीमा में मुख्यमंत्री ने किया कार्यकर्ता संवाद

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खटीमा मिनी भारत के रूप जाना जाता है। यहां हर समाज, जाति व धर्म के लोग मिलजुलकर रहते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने अमाऊं के एक निजी बैंकट हाल में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि थारू जनजाति समाज को हमेशा से ही विपक्षी पार्टियों ने गुमराह किया। थारू समाज को उनकी जमीन से बेदखली का भय दिखाकर उनका राजनीतिक इस्तेमाल किया। भाजपा शुरू से ही थारू समाज की हितैषी रही है। इस दौरान कई वरिष्ठ नागरिकों, मुस्लिम, सिख व जनजाति समाज के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उत्तम दत्ता, कमल जिंदल, दान सिंह रावत, किशन सिंह किन्ना, योगिता बिष्ट, भागीरथी खोलिया, अमित पांडेय, दिनेश मंगला, सभासद गोकुल ओली, भूतपूर्व सैनिक आनन्द सामंत, भूतपूर्व सैनिक किशन सिंह राणा, सुभाष गड़कोटी, रवि बिष्ट, मदन आदि मौजूद थे।




डिग्री कॉलेज में मतदान के लिए शपथ लेते विद्यार्थी व शिक्षक।

#### शत प्रतिशत मताधिकार के प्रयोग को प्रेरित किया

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य प्रो .एमसी पांडे ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कार्मिकों एवं छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने सभी को मतदाता शपथ ग्रहण कराई। एनसीसी कैडेटों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसके द्वारा 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए अवश्य मतदान करने का सन्देश दिया गया। इसके बाद प्राचार्य प्रो .पाण्डे द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को महाविद्यालय मुख्य द्वार से नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस दौरान स्वीप प्रभारी कैम्पस एम्बेसडर प्रोफेसर जे .एस .नेगी, कैम्पस एम्बेसडर डॉ .कृष्णा भारती, डॉ .डी .एन .जोशी, प्राचार्य प्रो . पाण्डे व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

#### आज काशीपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**काशीपुर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव जनसभा को संबोधित करने आज यानी शुक्रवार को काशीपुर आएंगे। भाजपा के प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक ने बताया कि दोपहर बाद रामलीला मैदान में राजनाथ सिंह लोगों को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारियां कर ली गई है।

# पहली कांग्रेस जिलाध्यक्ष जया बिष्ट हुईं भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नैनीताल जनपद की पहली जिलाध्यक्ष जया बिष्ट ने हाथ का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

गुरुवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुए कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। राज्य गठन के बाद जया बिष्ट नैनीताल जिले की पहली अध्यक्ष थीं। वह 48 वर्षों से कांग्रेस की सदस्य थीं। वह वर्ष 2004 से 2007 तक दर्जा मंत्री समाज कल्याण भी रह चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2007 में कांग्रेस के टिकट पर भीमताल से विधायक का चुनाव भी लड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व व संगठन हीन हो गया है। कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं है, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन है।

भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। वहीं, भीमताल ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट के नेतृत्व में मलुवाताल, मेहरागांव, हैड़ाखान, हेडियागांव, उडुवा, बनाना, पसौली, रौशिल, बजून, पिनरो, पनिया मेहता, गावों के प्रधान एवं बीडीसी सदस्यों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें लक्ष्मण गंगोला, गणेश जोशी, मुन्नी पलडिया, प्रदीप कुमार, चंद्र प्रकाश, कमलेश आर्या, मीरा देवी, ललित मोहन, अनीता आर्या, गोविंद राणा, तारा पलाड़िया, गणेश आर्या, इंद्र मेहता, ईश्वरी दत्त, दीवान सम्मल, भरत सिंह सम्मल, मुन्ना लाल, हंसी पलड़िया, प्रकाश चंद्र आदि ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



भाजपा कार्यालय में जया बिष्ट को सदस्यता दिलाते प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष।

### कांग्रेस की पार्षद ने थामा भाजपा का दामन

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम की वार्ड-37 की पार्षद/ जिला योजना समिति की सदस्या विद्या देवी और युवा कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश महासचिव हृदयेश कुमार के नेतृत्व में 40 कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गुरुवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में वीरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि आर्य, भावना, कमला देवी, पिंकी मौर्या समेत 40 लोग शामिल थे।

# प्रियंका की रैली के लिए तैयारियां शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** गढ़वाल संसदीय सीट से प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सभा के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने रामनगर नगर, पीरूमदारा, मालधन की कांग्रेस कमेटी के लोगों को कई जिम्मेदारियां सौंपी।

कांग्रेस का फोकस रैली में महिलाओं, युवाओं और किसानों पर है, इसलिए कार्यकर्ताओं से इस वर्ग से अधिक से अधिक लोगों को रैली में लाने को कहा गया है। रामनगर में कांग्रेस के मीडिया प्रमुख विनय पडलिया ने बताया कि भाजपा सरकार की नीतियों से ये तीन वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं, इसलिए इन्हीं तीन वर्गों से 15 से 20 हजार लोगों को एकत्र करना हमारा प्रयास है। गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान संगठन के नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश, ऊषा जोशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ललिता उपाध्याय, धीरज सती, धीरज मौलेखी, नवीन सुनेजा, गिरीश बिष्ट, पंकज पांडे, दीपा पपनै, सुनीता, सीमा, रेखा, देवेंद्र चिलवाल, कुबेर सिंह कड़ाकोटी, नारायण शर्मा, वीना रावत, ममता आर्य आदि मौजूद रहे।



रामनगर में जनसंपर्क करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# स्टार वार, प्रचार में भी कांग्रेस पिछड़ी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सत्ता का सबसे बड़ा चुनावी समर शुरू हो चुका है। सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। इस महासमर में भाजपा ने कई पहलूओं पर कांग्रेस को पटखनी देती दिखाई दे रही है। स्टार वार के बाद अब प्रचार प्रसार के आंकड़ों में भी कांग्रेस सत्ताधारी भाजपा से कमतर नजर आ रही है।

लोकसभा चुनाव-2024 का बिगुल फुंकते ही भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई और समय से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी गई। वहीं, कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा भी देरी से की। फिर स्टार वार में भी कांग्रेस पीछे रही। उत्तराखंड में अब तक भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दौर कर चुकी हैं वहीं, कांग्रेस में अभी तक एक भी स्टार प्रचारक नहीं पहुंचा है। हालांकि 13 अप्रैल को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रामनगर आ रही है तो इसी दिन उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हल्द्वानी पहुंच रहे हैं।

वहीं निर्वाचन के आंकड़ों पर गौर करें तो कांग्रेस पिछड़ी हुई है। भाजपा ने चुनावी रैलियों के लिए 12 आवेदन किए इनमें एक रिजेक्ट हुआ और 11 को अनुमति मिल गई जबकि कांग्रेस ने सिर्फ 2 ही रैलियों के लिए अनुमति मांगी जो मिल गईं। बिना लाउडस्पीकर के लिए कांग्रेस-भाजपा ने दोनों ही एक-एक वाहन की अनुमति मांगी जो मिल गई। भाजपा ने 28 लाउडस्पीकर वाले वाहनों के लिए अनुमति मांगी इनमें 14 को अनुमति मिल गई, 6 निरस्त, 8 अस्वीकार कर दिए गए। जबकि कांग्रेस ने सिर्फ 14 वाहनों की अनुमति मांगी इनमें 13 को मिल गईऔर 1 अस्वीकार हो गया। इसी तरह हेलीपैड के लिए भाजपा ने 5 अनुमति मांगी इनमें 4 मिल गई एक रह गई। कांग्रेस ने एक भी नहीं मांगा है। हालांकि कांग्रेस का दावा है कि एक हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा है। नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि जो भी राजनैतिक दल अनुमतियां मांग रहा है, उन्हें अनुमति दी जा रही है। भाजपा व कांग्रेस ने जो भी अनुमतियां मांगी हैं, उन्हें चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार दिया जा रहा है।


गदरपुर की ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार


गदरपुर में एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते बच्चे। ● अमृत विचार

# मिलो तुम गले सबके, आई है ईद

## रुद्रपुर की खेड़ा बस्ती में पढ़ी गई ईद-उल-फितर की नमाज, मुस्लिम समुदाय ने की वतन की खुशहाली की दुआ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा कर देश की खुशहाली की दुआ की। ईद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले।

गुरुवार की सुबह आठ बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग खेड़ा स्थित ईदगाह पहुंचे और साढ़े आठ बजे नमाज प्रारंभ हुई। जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिस्बाही ने समुदाय के लोगों को नमाज अदा कराई और देश की खुशहाली के दुआ की। उन्होंने समाज को पैगम्बर के बताए मार्ग पर चलने और समाज को शिक्षित एवं संगठित बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसएसआई केसी आर्या, रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी,


रुद्रपुर में ईद पर गले मिलते बच्चे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सीपी शर्मा, सौरभ चिलाना, डॉ. जाहिद रजा रिजवी, नदीम खान, अमीर हुसैन, उमर अली आदि मौजूद रहे।

### कौमी एकता का गुलदस्ता है खटीमा

**खटीमा :** मुख्य जामा मस्जिद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी। मस्जिद कमेटी के सदर कामिल खान ने कहा कि खटीमा शहर कौमी एकता का गुलदस्ता है। इस अवसर पर रमेश चंद्र जोशी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, तारिक मलिक, हाफिज उर रहमान, जावेद रिजवी, मुस्तकीम मलिक, परवेज खान, तरुण ठाकुर, प्रकाश तिवारी, बाबूराम अरोड़ा, नवनीत गुप्ता, विजय गुप्ता, अरमान अंसारी, बाबू अंसारी, सलीम, गुड्डू आदि थे।

**जसपुर :** ईदगाह मैदान में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद सामाजिक संस्था संदर्शी के कार्यकर्ताओं ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल व अनीस अहमद रूबी, सुल्तान भारती, राशिद हुसैन ने भी बधाई दी। सुरक्षा की कमान कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने खुद संभाली। समीपवर्ती नगर पंचायत महुआ डाबरा, राजपुर, रायपुर, अंगदपुर, पतरामपुर, बढ़ियों वाला, निजामगढ़, सन्यासियों वाला, तलबपुर, अमिया वाला, कासमपुर, खेड़ा लक्ष्मीपुर आदि में भी ईद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

**बाजपुर :** ईदगाह मुंडिया पिस्तौर में इमाम अमीर मोहम्मद, ईदगाह मुंडिया कला इमाम मोहम्मद अकरम, ईदगाह कनौरा में इमाम फर्जन अली, ईदगाह बाजपुर गांव में इमाम मौलाना शकील, ईदगाह रम्पुरा साकार में इमाम मोहम्मद इलियास, ईदगाह सुल्तानपुर पट्टी में मौलवी सैयद रेहान मियां, जामा मस्जिद बाजपुर में इमाम नजमुद्दीन, बरहैनी मस्जिद में इमाम जाहिद रजा, चनकपुर मस्जिद बरहैनी में इमाम कासिम रजा सहित तमाम मजिस्दों में नमाज अदा कराई गई। हरेन्द्र सिंह लाडी, पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, अरविंद यादव, गुलाम हसन ने बधाई दी।

**गदरपुर :** नगर स्थित इंटर कॉलेज के सामने ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों को जामा मस्जिद के कारी जाने आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। ग्रामीण क्षेत्रों झगड़पुरी डोगपुरी मसीद महतोश में भी ईद का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, सिब्तेनबी, कांग्रेस नेता मोहम्मद आलम, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के रुद्रपुर जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली, नफीस अहमद, युसूफ अली, जुल्फिकार अली, नासिर हुसैन, जुनेद अंसारी, इरशाद हुसैन, मोहम्मद मिराज, हजरत अंसारी मौजूद रहे।


खटीमा में ईद के अवसर पर उपस्थित सभी समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


किच्छा में ईद मिलन कार्यक्रम में उपस्थित विधायक तिलकराज बेहड़ व अन्य लोग। ● अमृत विचार


काशीपुर में ईद की नमाज पढ़ने पहुंचे मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

## काशीपुर में भी अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज

**अमृत विचार, काशीपुर :** ईद-उल-फितर पर ईदगाह मैदान में नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान मुल्क की खुशहाली और तरक्की की दुआ की गई। इस मौजूद हसीन खान, पूर्व चेयरमैन शमशुद्दीन, सफीक अहमद अंसारी, अशरफ एडवोकेट, मुसर्रफ हुसैन, डॉ. एमए राहुल, मुस्तकीम सलमानी, आलम खान, मुजीर अहमद आदि मौजूद थे।


जसपुर में ईद की मुबारकबाद देते संदर्शी संस्था के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


बाजपुर में ईद की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

## किच्छा में किया गया ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार, किच्छा।** नगर स्थित बड़ी मस्जिद, जामा मस्जिद, सुनेहरी मस्जिद, छोटी मस्जिद, चूड़ी शाह दरगाह मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की। नगर पालिका के पूर्व सभासद नजाकत खान के बरेली मार्ग स्थित कार्यालय में ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ईद मिलन कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, कांग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप, राजेश प्रताप सिंह, गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, नितिन शर्मा, छोटेलाल कोहली, अशोक मित्रा, ठाकुर सुनील सिंह आदि मौजूद रहे। विधायक बेहड़ ने कहा कि सभी त्यौहार आपसी प्रेमभाव एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान नजाकत खान एवं वार्ड सभासद प्रतिनिधि फिरासत खान ने उत्कृष्ट कार्य को लेकर कस्बा इंचार्ज एसआई ओम प्रकाश सिंह नेगी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शांति व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल एवं आईटीबीपी के जवान तैनात रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

प्रारूप सी-1
आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा
(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 535 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य में)
**अभ्यर्थी का नाम एवं पता :** अखलेश कुमार S/o श्री धर्मवीर सिंह, लाईन नं.-12, गांधीनगर, खिचड़ी-5, हल्द्वानी (नैनीताल)
**राजनैतिक दल का नाम :** अखिल भारतीय परिवार पार्टी
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :** 04-नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र
मैं अखलेश कुमार उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ :

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं प्रकरण तारीख | प्रकरण की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियम की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायायिक मजिस्ट्रेट-II हल्द्वानी | प्रकरण संख्या-3575 तारीख-2019 | विचाराधीन | आई.पी.सी.-279, 337, 504 |


## भाजपा ने लोकतंत्र को खत्म किया : माहरा

**अमृत विचार, खटीमा:** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, उपनेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन कापड़ी, विधायक गोपाल सिंह राणा ने खटीमा और नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के देवरी, बिगराबाग, खेलड़िया, सत्रहमील, झनकट सहित नगर में सभाएं कीं और लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि केंद्र में भाजपा के 10 साल के शासनकाल में महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर रही है। इस बार इंडिया गठबंधन की मजबूत सरकार बनेगी।

इस दौरान भारत नेपाल सीमा स्थित 22 पुल पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार ने किया। अध्यक्षता पूर्व कंचनपुरी समिति अध्यक्ष जसविंदर सिंह पप्पू ने की।


खटीमा में जनसभा को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मारपीट का आरोप लगाया

**काशीपुर :** एक युवक ने मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। गुरुवार को वसीम हुसैन निवासी पाकीजा कॉलोनी जसपुर खुर्द ने तहरीर में कहा कि वह घर के बाहर अपनी कार के पास खड़ा था। आरोप है कि कुछ युवक उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसे लाठी डंडों से पीटने लगे। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

### दो बाइकें चोरी

**काशीपुर :** घर व फैक्ट्री के बाहर से दो बाइकें चोरी हो गईं। शिवनगर कॉलोनी निवासी दीपांशु विश्नोई ने बताया कि बीते दिनों उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। बाहर आने पर बाइक नहीं मिली। आकांक्षा गार्डन निवासी भीमराव गौतम ने बताया कि सात अप्रैल को अपने भाई के साथ सरबरखेड़ा गया था। बताया कि फैक्ट्री के बाहर से बाइक चोरी हो गई।

### दूध लेकर आ रहा कैंटर दीवार से टकराया, घायल चालक को हिरासत में लिया

# झपकी आने पर टेंट हाउस में घुसा कैंटर

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** किच्छा हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर नगला पेट्रोल पंप के समीप तेज गति से आ रहा दूध से भरा अनियंत्रित कैंटर टैंट हाउस की दीवार से टकरा गया। इस दौरान वहां दुकान में पेपर डालने जा रहा अखबार वितरक व कैंटर चालक बाल-बाल बच गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कैंटर समेत चालक को हिरासत में ले लिया है।


नगला में टेंट हाउस की दीवार तोड़कर घुसा कैंटर। ● अमृत विचार

गुरुवार सुबह करीब पांच बजे बुलंदशहर से पैक्ड दूध लेकर आ रहा कैंटर वाहन संख्या डीएल1 एलएई 1136 बिलासपुर, रुद्रपुर व किच्छा में सप्लाई देते हुए हल्द्वानी मंडी को जा रहा था। नगला पेट्रोल पंप के पास ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई। इससे कैंटर वहां कुमार टेंट हाउस की दीवार से टकरा गया। हादसे में बगल में टायर की दुकान के पास लगा बिजली का पोल, पानी का नल और कुमार टेंट हाउस की दीवार व दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गए। लेकिन घटना के वक्त कुमार टेंट हाउस की दुकान में पेपर डालने जा रहे अखबार वितरक रमेश पंत बाल-बाल बच गए। कैंटर के टकराने की तेज आवाज सुनकर भाग रहे अखबार वितरक रमेश पंत ने जैसे ही वाहन चालक के चिल्लाने की आवाज सुनी तो तुरंत वापस मुड़कर वहां पर मौजूद बस का इंतजार कर रहे सिडकुल कर्मियों व ग्रामीणों की मदद से अंदर फंसे घायल कैंटर चालक दीपांशु आर्या व क्लीनर प्रशांत कुमार को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची थाना पंतनगर पुलिस ने चालक समेत क्षतिग्रस्त कैंटर को कब्जे में ले लिया।

# परिवार को पीटकर ई-रिक्शा जलाया

**घटना**
- थाना ट्रांजिट कैंप इलाके की है वारदात
- होली पर हुआ था विवाद, पुलिस को सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर


जलाया गया ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में दबंगों ने पहले परिवार से मारपीट की और उसके बाद बाहर खड़े ई-रिक्शा को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

थाना ट्रांजिट कैंप के मुखर्जी नगर निवासी रश्मि ने बताया कि 25 मार्च को वह मिलने वालों के साथ होली खेल रही थी। अचानक पड़ोसी आया और जबरन रंग लगाने की कोशिश करने लगा। जब विरोध किया तो अभद्रता की। उसके बाद मामला शांत हो गया। आरोप था कि 10 अप्रैल की शाम को पड़ोसी अपने साथियों के साथ आया और अभद्रता करते हुए परिवार पर हमला कर दिया।

इसमें पति-पत्नी चोटिल हो गए और हमलावरों ने जाते-जाते बाहर खड़े ई-रिक्शा को भी आग लगा दी। आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ई-रिक्शा जल चुका था। पीड़िता ने हमलावरों पर जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# झंडा लगाने को लेकर हिंदूवादी संगठनों व पुलिस में नोकझोंक

### डीडी चौक पर झंडा लगाने की कर रहे थे कोशिश, नहीं थी कोई अनुमति


रुद्रपुर में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को रोकते कोतवाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहर के डीडी चौक पर विशाल धार्मिक झंडा लगाने को लेकर कोतवाल और हिंदूवादी संगठनों में नोकझोंक हुई और काफी गहमागहमी के बाद छोटा झंडा लगाने पर सहमति बनी।

गुरुवार को हिंदूवादी और आरएसएस से जुड़े कार्यकर्ता डीडी चौक पहुंचे और चौराहे के बीच विशाल केसरिया झंडा लगाने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और झंडा लगाने का अनुमति पत्र दिखाने को कहा। अनुमति नहीं होने पर कार्यकर्ता जबरन झंडा लगाने की जिद करने लगे तो कोतवाल ने इसे गलत बताया। इसको लेकर कोतवाल और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक हुई और काफी देर तक चली गहमागहमी चलती रही।

इस दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि नवरात्रि को लेकर वह चौराहे पर विशाल केसरिया झंडा फहराना चाहते हैं जो लोकतंत्र में गलत नहीं है। बावजूद पुलिस बेवजह कार्यकर्ताओं को रोककर धार्मिक ठेस पहुंचा रही है। काफी देर समझाने के बाद चौराहे पर छोटे झंडे लगाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर विहिप नगर मंत्री जोगिंदर चौहान, आरएसएस प्रचार प्रमुख राजेश सक्सेना, सुल्तान सिंह, हरीश यादव, अखिलेश अग्रवाल, राकेश शाही, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बाइक सड़क पर फिसली, एक घायल

**बाजपुरः** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसलकर गिर गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

गुरुवार को नरपतनगर स्वार रामपुर (उप्र) निवासी सर्वेश (25) बाइक पर अपने साथियों के साथ गूलरभोज डैम से घूमकर घर लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच बेरिया रोड पर गुरुद्वारा साहिब के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और जब तक वह कुछ समझ पाता बाइक गिर गई तथा सर्वेश उछलकर काफी दूर जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

### अलका को चुनाव प्रचार समिति सदस्य बनाया

**काशीपुरः** कांग्रेस कमेटी एआईसीसी ने महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल को उत्तराखंड चुनाव प्रचार समिति का सदस्य बनाया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अलका पाल इससे पूर्व कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी की ओर से दिए गए प्रचार दायित्व में सक्रिय रही हैं।



# बेटे को कमरे में बंद कर, मां ने फांसी लगाकर की खुदकुशी


आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में घटना की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- मामला आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी का, पुलिस ने ली घटना की जानकारी

**अमृत विचारः** आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में एक विवाहिता ने पहले अपने बेटे को कमरे में बंद कर दिया और उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े, लेकिन विवाहिता की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी निवासी रविंद्र ढाली जम्मू में एक सरिया कंपनी में मजदूरी करता है, जबकि घर पर उसकी 35 वर्षीय पत्नी ललिता ढाली अपने दो बेटों के साथ रहती है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को साढ़े 11 बजे लतिका बैंक की किश्त देकर घर लौटी और अपने छोटे बेटे शिवा को बगल वाले किराए के कमरे में बंद कर दिया और दूसरे कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाने लगी। खिड़की से मां को फांसी लगाते देख, बेटा चीख पुकार मचाने लगा। आवाज सुनकर पड़ोसी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन तब तक विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

आनन-फानन में विवाहिता को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सीओ सदर निहारिका तोमर, एसएसआई केसी आर्या, आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी विजय कुमार पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और मौके पर किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

### किसानों का दो अरब दबाए बैठी है सरकार

**बाजपुरः** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने गन्ना किसानों की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार के गन्ना मंत्री पर भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस बार उत्तराखंड में गन्ने की पैदावार 1 लाख 70 हजार क्विंटल कम हुई है। उपाध्याय ने कहा कि पूरे प्रदेश में लगभग 200 करोड़ रुपये गन्ने का किसानों का भुगतान बकाया है।



### शीतल ने आठवीं में टॉप किया विद्यालय

**शांतिपुरी :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर की वार्षिक परीक्षा में कक्षा आठ की छात्रा शीतल मेहता ने 86% अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉप किया है। कक्षा छह की माहिका कोरंगा ने 81% अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया और कक्षा सात की कशिश बिष्ट ने 76% अंक लाकर तीसरा स्थान पाया है। सहायक अध्यापक परवीन पोखरिया, योगेंद्र सिंह चौधरी, दीपक बिष्ट, तीर्थ प्रकाश पाठक, मोहमद जुनैद, संतोष कुमार पंत व विनोद जोशी आदि ने टॉपर बच्चों को बधाई दी है।




इंद्रा बंगाली कॉलोनी में जनसंपर्क करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### विधायक अरोरा ने घर-घर जनसंपर्क किया

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने इंद्रा बंगाली कॉलोनी व इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और भाजपा के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस अवसर पर वेद ठुकराल, भाजपा नेता उपेंद्र चौधरी, धीरेंद्र मिश्रा, अनमोल विर्क, किरण विर्क, मनोज मदान, धीरेंद्र मिश्रा, किशन सुखीजा, अंबर सिंह, विकास सागर, सोनू गगनेजा, मनमोहन वाधवा, सुशील गाबा, प्रीत ग्रोवर, दीपक लुहाच, सुनील सागर, चेतन अरोड़ा, मनमोहन सिंह, जगदीश सुखीजा, महेंद्र शर्मा, रामादेवी, परवेज खान, आशीष यादव मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर लगाया सेल्फी बूथ



रुद्रपुर रेलवे स्टेशन में लगा सेल्फी बूथ।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए रुद्रपुर रेलवे स्टेशन में सेल्फी बूथ बनाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

गुरुवार को स्वीप की टीम रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने मतदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर स्वीप टीम के जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, पिंकेश उपस्थित थे।



पंत विवि परिसर में मतदान जागरूकता के लिए रैली निकालतीं छात्राएं।

### विवि परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**पंतनगर :** पंत विवि के छात्रों ने रैली निकालकर सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया। वहीं स्वीप टीम की ओर से भी छात्रों और प्राध्यापकों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सहायक डीएसडब्ल्यूओ (पंतनगर विवि) डॉ. सोनिका चौहान, स्वीप टीम से जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, पारस व पिंकेश मौजूद रहे।

# कांग्रेस को झटका, शर्मा ने थामा कमल

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में लड्डू खिलाकर कांग्रेस नेता रवि शर्मा को भाजपा की सदस्यता दिलाते अजय भट्ट।

**अमृत विचारः** कभी कांग्रेस नेताओं को उनके जन्मदिन पर अपने खून से चित्र बनाकर भेट करने वाले रवि शर्मा ने भरे मन से कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। वे चार दशक से कांग्रेस से जुड़े थे। उनके साथ कांग्रेस व आप के कई अन्य लोगों ने पार्टी छोड़ी है।

बुधवार की देर शाम बाजपुर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समक्ष रवि शर्मा ने भाजपा का दामन थामा। रवि शर्मा ने सिर्फ इतना ही कहा कि पार्टी से बड़ी जब व्यक्ति की महत्वाकांक्षा हो जाती है तो ऐसी पार्टी कार्यकर्ता का सम्मान खो देती है। वह 1982 से कांग्रेस में थे। यूथ कांग्रेस से लेकर मुख्य कांग्रेस तक नगर पंचायत से लेकर एमपी तक के सभी चुनाव उन्होंने लड़वाए हैं। वह उस समय के विकास पुरुष एनडी तिवारी के लिए अपनी जान तक देने को तैयार रहते थे। वह अकेले ऐसे कार्यकर्ता थे जिन्होंने अपने खून से नारायण दत्त तिवारी का चित्र बनाकर उनके जन्मदिन पर भेंट किया था। उनके साथ कर्नल एनएस संधू, महेन्द्रपाल शर्मा, राजू गुप्ता, कुलदीप संधू, मनजीत सिंह, मोहन सिंह, सूरज सागर, रक्षपाल सिंह, हरदेव सिंह, रमनदीप सिंह, शेर सिंह, बरयाम सिंह, जगदीश नरवाल मौजूद रहे।

# चुनाव ड्यूटी पर जाएंगी रुद्रपुर डिपो की 26 बसें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में इस बार चुनाव ड्यूटी पर रुद्रपुर डिपो की करीब 26 बसें लगाई जाएंगी। इसमें 16 बसें परिवहन निगम और 10 बसें अनुबंधित की शामिल हैं। शुक्रवार को निर्वाचन कार्यालय बसों को अपने कब्जे में लेगा। वहीं बसों की कमी को पूरा करने के लिए डिपो प्रबंधन से करीब सात बसों की मांग की है।

लोकसभा चुनाव के तहत इस बार रुद्रपुर डिपो प्रबंधन से 28 बसों की मांग की गई है। डिपो प्रबंधन के अनुसार ये बसें दिल्ली, पंजाब और काशीपुर मार्ग की हैं। हालांकि इन बसों के चुनाव ड्यूटी में चले जाने से इन मार्गों पर यात्रियों को परेशानी का भी सामना करना पड़ सकता है।

### बसें कम पड़ने पर डिपो चलाएगा 11 सीरीज की बसें

**रुद्रपुर :** डिपो प्रबंधन के अनुसार बसों के चुनाव ड्यूटी पर चले जाने के बाद अगर यात्रियों को आने-जाने में कोई दिक्कत होती है तो डिपो प्रबंधन 11 सीरीज की बसों को संचालित करेगा। ये सीरीज 1152, 1153 आदि हैं। उन्होंने बताया कि इन बसों का मॉडल 2016 है।



> शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी के लिए डिपो से 26 बसें मांगी गई हैं। इसमें 16 बसें निगम की और 10 बसें अनुबंधित की हैं। हालांकि इन बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान नहीं करना पड़ेगा। अगर कोई परेशानी होती है तो डिपो 11 सीरीज की बसों को संचालित करेगा।
> –केएस राणा, सहायक महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

**खतरा** कई किसानों के खेतों से गुजर रही है हाईटेंशन व घरेलू लाइन, तारों से उठने वाली चिंगारी से कई बार लगी है आग

# गेहूं की तैयार फसल के ऊपर झूल रहे बिजली के तार

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचारः** बिजली के तार किसानों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने के डर से किसान परेशान हैं। उनका कहना है कि हर बार चिंगारी से उठने वाली आग उनकी फसल को जला देती है। गेहूं की फसल कटवाने के लिए अतिरिक्त मजदूर बुलवाए जा रहे हैं।

तराई में कई एकड़ जमीन पर गेहूं की फसल होती है। इस समय गेहूं की फसल तैयार है। कई जगहों पर फसल को कटवाना भी शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि उनके गेहूं के ऊपर से खुले बिजली के तार गुजर रहे हैं। हवा चलने से तारों के आपस में टकराने का डर रहता है। इससे ही चिंगारी उठने की आशंका रहती है। अधिकांश मामलों में तारों से उठने वाली चिंगारी ही गेहूं की फसल में आग का कारण बनती है। बताया कि उन्होंने बिजली विभाग से तारों को खेतों से हटाने की मांग की है। बताया कि पिछले साल भी कई लोगों की गेहूं की फसल आग के भेंट चढ़ गई थी। इससे किसानों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ था। बिजली विभाग के ईई अजीत यादव का फोन नहीं लगने से संपर्क नहीं हो सका। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने बताया कि किसानों के खेतों से झुलते तारों को हटवाया जाएगा। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

उधर, ढकिया नंबर एक में किसानों के खेतों के पास ही दो खंभों के सहारे बिजली के ट्रांसफार्मर को रखा गया है। लेकिन एक खंभा टूटने के बाद लोगों ने नया खंभा लगाने की मांग की, लेकिन किसी ने भी नहीं सुना।


गेहूं के खेत के पास बिजली के तार।



> कई बार अधिकारियों से बिजली के तारों को हटाने को कहा गया, लेकिन कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार तक नहीं है। बताया कि अतिरिक्त मजदूरों को बुलाकर गेहूं की फसल को कटवाया जा रहा है।
> –**काला सिंह**, किसान।



> खेत के बराबर में लगा ट्रांसफार्मर खस्ताहाल है। एक खंभा टूटने के बाद लकड़ी के सहारे ट्रांसफार्मर को खड़ा किया जा रहा है। कहने के बाद भी अधिकारी समस्या का निदान करने को तैयार नहीं हैं। गेहूं की फसल को हर साल खतरा रहता है। – **शमशेर सिंह**, किसान।



> बिजली के पोल खस्ताहाल हैं। इससे बिजली के तार गेहूं के खेतों में गिरने का डर सता रहा है। इससे किसान जल्द ही गेहूं की फसल को कटवाने में लगे हैं। कई बार कहने के बाद भी तार को नहीं हटाया गया है। – **संजय कुमार**, किसान।



> कई एकड़ में गेहूं की फसल लगाई गई है। गेहूं की फसल पककर तैयार है। बिजली के तारों से खेती को खतरा हो रहा है। चिंगारी से लगने वाली आग गेहूं की कई एकड़ फसल को नुकसान पहुंचा देती है। – **बिट्टू**, किसान।

## एक नजर

### सड़क किनारे कूड़े के ढेर में लगी आग



**जसपुर :** सड़क किनारे गुरुवार को शाम करीब 5 :30 बजे मड़ुवाखेड़ा के पास कूड़े के ढेर लग गई। मौके पर काफी भीड़ लग गई और लोगों ने आग बुझाना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पहुंची। आग पास स्थित सुभाष सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल की तरफ तेजी से बढ़ रही थी। फायर यूनिट आग पर काबू पाया। फायर यूनिट में रमेश चंद्र संविदा चालक गोपाल प्रसाद, दलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, चंद्र मोहन शामिल रहे।

### यूपी, राजस्थान समेत कई राज्यों से पहुंच रहे घोड़े, नहर में घोड़ों के लिए बनाई गई है पानी पीने की व्यवस्था, घोड़ों के बीमार होने की आशंका जताई

# चैती मेले के नखासा बाजार में घोड़ों को पिलाना पड़ रहा दूषित पानी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक चैती मेले का आकर्षण का केंद्र नखासा बाजार में घोड़े व उनके मालिकों के सामने पानी की दिक्कत खड़ी हो गई है। स्थिति यह है कि व्यापारी यूपी, राजस्थान समेत कई राज्यों से घोड़े लेकर तो पहुंच रहे हैं लेकिन घोड़ों के लिए शुद्ध पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे जानवर के बीमार होने की आशंका है।

चैती मेले में नखासा बाजार सजने लगा है। करीब विभिन्न नस्ल के 200 घोड़े बाजार में पहुंच गए हैं। घोड़ों को लेकर बाजार में पहुंचे वाले व्यापारियों का कहना है कि हर साल चैती मेले में आते हैं। यहां पर लाखों का कारोबार होता है। बाजार की व्यवस्था देख रहे लोग भी उनसे शुल्क लेते हैं। घोड़े खरीदने के लिए मेरठ, दिल्ली, हल्द्वानी और बरेली से लोग आते हैं। बताया कि घोड़ों की भोजन की व्यवस्था तो खुद कर लेते हैं, लेकिन पानी की व्यवस्था ठीक नहीं होने से दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में घोड़ों को बगल से बह रही नहर से पानी पिलाया जा रहा है। घोड़ा भी गंदा पानी देखकर पीने से बच रहा है। गर्मी बढ़ रही है। घोड़ों को पीने के पानी की अधिक जरूरत है। बताया कि नहर के आस-पास दर्जनों घर हैं। घरों का गंदा पानी भी नहर में जा रहा है। दूषित पानी से घोड़ों की तबियत खराब हो सकती है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि नखासा बाजार निजी भूमि पर लगता है। घोड़ों के स्वास्थ्य को देखने के लिए पशु चिकित्सक की तैनाती की जाती है। पानी की व्यवस्था को जल्द ठीक कराया जाएगा।



नखासा बाजार में खड़े घोड़े। ● अमृत विचार



इसी नहर का पानी पी रहे हैं घोड़े। ● अमृत विचार

### नखासा बाजार में भरा है मेले का गंदा पानी

**काशीपुर :** नखासा बाजार में मेले का गंदा पानी भरा है। इससे घोड़े लेकर दूरदराज से पहुंचे व्यापारी परेशान हैं। उनका कहना है कि पानी इतना भर गया है कि बाजार परिसर में कीचड़ हो गई है।

### नखासा बाजार की शान बना सिंधी घोड़ा

**काशीपुर :** नखासा बाजार में कई प्रकार के घोड़े पहुंचे है। लेकिन सिंधी घोड़ा बाजार की शान बना हुआ है। हालांकि अन्य प्रजाति के भी घोड़ों के पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है। सिंधी घोड़े की कीमत 80 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक है।



घोड़ा हमेशा शुद्ध पानी पीता है। लेकिन घोड़ों को नहर से पानी पिला रहे हैं। नहर में गंदा पानी आ रहा है। दूषित पानी के साथ पॉलीथिन भी बह रही है।
**–नन्हें उस्ताद,** ठाकुरद्वारा।



40 सालों से चैती मेले में नखासा बाजार लग रहा है। हर बार नहर में पानी छोड़ा जाता था। इस बार पानी छोड़ने की बात तो बता रहे हैं, लेकिन पानी दूषित है। घोड़े भी पानी पीने से बच रहे हैं।
**–एहसान अली,** मुरादाबाद।

# बाबा तारकनाथ धाम में पांच दिनी शिव पूजा महोत्सव शुरू

### भाजपा पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रधान ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन, पश्चिम बंगाल से चड़क बाबा भी पूजा करने के लिए पहुंचे



सुरेंद्रनगर में पांच दिवसीय शिव महोत्सव का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार



सुरेंद्रनगर में कांटों पर नंगे पांव ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य करते संन्यासी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** जय बाबा तारकनाथ धाम में पांच दिवसीय शिव पूजा महोत्सव एवं महामेले का शुभारंभ हो गया। भाजपा पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रधान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया।

बुधवार को ग्रामसभा सुरेंद्रनगर स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में पांच दिवसीय शिव पूजा महोत्सव का शुभारंभ संगीतमय झांकी एवं संन्यासियों द्वारा किए गए कर्मकांड महाअविश्य के साथ हुआ।

पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मंडल ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रुद्रपुर, दिनेशपुर, रामनगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में संन्याaसियों की मंडली पहुंच चुकी है। पश्चिम बंगाल से चड़क बाबा भी प्रसिद्ध चड़क पूजा करने के लिए आए हैं। बताया कि मेले में बच्चों के खेल-तमाशे और अनेक प्रकार के झूले मनोरंजन के लिए लगाए गए हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजा हालदार, जिला भाजयुमो महामंत्री मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक, राघव सिंह, मनोज सरकार, गोपाल सरकार, रंजीत हालदार, संजीत विश्वास, अनंत हालदार, देवाशीष पोद्दार, विधान दास, परेश मंडल, सुशांत राय, कानू सरकार सहित अन्य मौजूद थे।

### कांटों पर लोटकर भक्तों ने प्रकट की आस्था

**शक्तिफार्म :** जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में गुरुवार को संन्यासियों ने कांटों पर लोटकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया। सैकड़ों संन्यासियों ने धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत बेल, खजूर, गुलाब सहित कई कांटेदार पौधों पर नंगे पाव नृत्य किया।



## तीन कठोर परीक्षा के साथ पूर्ण होती है आराधना

राहुल कन्नौजिया, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** चैत्र माह भर में संन्यासियों की कठोर तपस्या और शिव आराधना के बाद अंतिम तीन दिन संन्यासियों के लिए अत्यंत जटिल होते हैं।

इन आखिरी तीन दिनों में संन्यासियों को अनेक लोमहर्षक और जटिल कर्मकांड से गुजरना होता है। मान्यता है कि इन जटिल धार्मिक कर्मकांड में सफल होने वाले संन्यासियों को भगवान शिव की अनुभूति होती है।

पहले दिन, निर्जल व्रत रखकर संन्यासी तपती धूप में नंगे पांव चलकर भिक्षा मांगते हैं। भिक्षा में मिले चावल के तीन दानों को, तीन लकड़ी को खड़ा कर बनाए गए चूल्हे पर मिट्टी के बर्तन में रखकर पकाया जाता है। इन तीन चावल के दानों में एक दाना भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, एक दाना को ग्रहण किया जाता है और एक दाने को पीछे फेंक दिया जाता है। इस धार्मिक कर्मकांड को महाअविश्य कहा जाता है। दूसरे दिन संन्यासियों को कठोर परीक्षा देनी होती है। इस दिन संन्यासी व्रत रखकर जहरीले कांटों पर नंगे पांव एवं नंगे बदन ढोल व नगाड़ों की थाप पर जमकर अठखेलियां व नृत्य करते हैं। इस धार्मिक कर्मकांड को कांटा झाप कहा जाता है।

तीसरे दिन संन्यासियों की परीक्षा और भी जटिल हो जाती है। इस दिन मंदिर परिसर के बीचो-बीच करीब 25 फीट ऊंचे खंभे पर लकड़ी से बनी चरखी पर संन्यासियों की पीठ में कांटो को चुभोंकर, उन्हें हवा में झुलाया जाता है। इस धार्मिक कर्मकांड को चड़क गुल्ली कहा जाता है। इस दिन संन्यासी, त्रिशूल को अपनी भुजा एवं जीभ के आर-पार करने सहित और भी कई हैरतअंगेज करतब दिखाते हैं।



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

### श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से आती है समृद्धि : जोशी

**दिनेशपुर :** चैत्र नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य किशोर जोशी ने कहा कि श्रीमद् भागवत श्रीनारायण का ही स्वरुप है। कथा श्रवण करने से परिवार में सुख–शांति व समृद्धि आती है। गुरुवार को दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक आचार्य किशोर जोशी ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का बखान किया। अनुष्ठान में आचार्य ललित द्विवेदी, संजय तिवारी, विपिन जोशी, मुख्य यजमान सचिन राणा व नीमा राणा, प्रकाश कोश्यारी, प्रेम सिंह कोरंगा, श्याम सिंह देऊपा, केदार कोश्यारी, भगवती पंत, जानकी बिष्ट, दीपा देऊपा, गीता देवी, सरोज मेहरा, विनीता पंत, लक्ष्मी नयाल, रुचि पाठक, राधा खोलिया, धन सिंह कोरंगा, दिवान सिंह पानू, मोहन चंद्र पाठक, संजय मेहरा, कृष्णा चौहान, चंचल सिंह देऊपा आदि मौजूद थे।



दिनेशपुर गुरुद्वारा माता साहिब में सजा धार्मिक दीवान। ● अमृत विचार

### खालसा मेरो रूप खास, खालसे में ही करूं निवास

**दिनेशपुर :** खालसा पंथ के स्थापना दिवस एवं बैशाखी पर्व पर माता साहिब कौर गुरुद्वारा में तीन दिनी धार्मिक दीवान सजाया गया। कथावाचकों व कविश्वर जत्थों ने गुरुवाणी का बखान व प्रवचनों से संगत को निहाल किया। गुरुवार को गुरुद्वारा माता साहिब कौर में खालसा पंथ की स्थापना दिवस पर राजस्थान हनुमानगढ़ी से आयी कथावाचक बीबी मलकीत कौर एवं कविश्वर जत्था भाई सर्वजीत सिंह ने गुरुवाणी का बखान कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलवंत सिंह विर्क ने किया। यहां पर बाबा गुरदेव सिंह, नपं अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, गुरदीप सिंह, मोहर सिंह, बलकार सिंह, जीत सिंह, कुलवंत सिंह गोराया, गुरनवीर सिंह, हरदीप सिंह, गगन सिंह रंधावा, प्रीतम सिंह संधू, सत्येंद्र सिंह मान, केके गावा, विशंभर लाल मिगलानी, राजू कालड़ा, सतनाम सिंह चीमा, राजीव कालड़ा, अशोक अरोरा, योगेश मिगलानी, गुरजीत सिंह उर्फ बब्बू, सागर सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के ग्राम बैंतखेड़ी में आयोजित देवी जागरण में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# देवी जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



बाजपुर के ग्राम बैंतखेड़ी में देवी जागरण में प्रदर्शित मनोरम झांकी। ● अमृत विचार



मां अटरिया देवी मंदिर परिसर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** बुक्सा युवा समिति ग्राम बैंतखेड़ी के तत्वावधान में बुधवार की रात पंचम विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। समिति से जुड़े श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना का माता का आह्वान किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित करवाई गई।

देर रात तक चले इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु माता रानी के भजनों पर झूम उठे। देवी जागरण में शिवराज झांकी ग्रुप हल्द्वानी के कलाकारों ने मनोरम झांकियां प्रदर्शित कीं। भजन गायकों में भस्सूवाला से कन्हैई सिंह, जसपुर से पूजा, गदरपुर से राहुल कक्कड़ व ज्योति देवी ने मातारानी के भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विधानसभा संयोजक राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष हीरा सिंह बड़गुज्जर, उपाध्यक्ष प्रताप बढ़कुलिया सचिव पिंटू पलसीया, उपसचिव शंकर पलसीया, कोषाध्यक्ष अर्जुन पलसीया, विजय बुढ़कुलिया, राजू बड़गुज्जर, कृष्णा बढ़कुलिया, पिंदर पलसीया, सुखदेव बड़गुज्जर, रूप पलसीया, कल्लू पलसीया, चमन सिमरीवाले, अजय बड़गुज्जर, करन पलसीया, कलवीर पलसीया, विशाल पलसीया, बृजपाल नाईवाले, विनय पलसीया, सूरज डरबरिया, ज्ञानी पलसीया, रवि पलसीया, अजुन पलसीया आदि मौजूद रहे।

### तीसरे दिन मंदिरों में हुई मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना

**रुद्रपुर :** नवरात्रि के तीसरे दिन भी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तनों का दौर चलता रहा। यह सिलसिला देर रात तक चला। गुरुवार की सुबह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने आना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आयी।

## सार-संक्षेप



काशीपुर में ज्योतिबा फुले की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

### ज्योतिबा फुले के कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान

**काशीपुर :** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा की तरफ से महेशपुरा स्थित वाल्मीकि सभागार में गुरुवार को क्रांतिकारी ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। आम्बेडकर पार्क सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रहास गौतम ने कहा कि ज्योतिबा फुले की जयंती पर हमें उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। समाजसेवी राम सिंह ने बताया कि ज्योतिबा फुले ने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। इस अवसर पर ऋषि पाल सिंह, रवि, राम सिंह, राज बहादुर सिंह, आरबी, अजय बन्नू, उमेश सौदा, सुनील सौदा, अजय, प्रेम कटियार, शिवनंदन टाक, डा भूपेंद्र आर्य, आर भारती, हिमांशु, गौरव, राजेश गौतम, अख्तर माहीगिरी, फूल सिंह आदि उपस्थित रहे।



बाजपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग।

### बाजपुर में धूमधाम से मनाई गई जयंती

**बाजपुर :** गुरुवार को आंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त समिति बाजपुर द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर एससीएसटी शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी, राजकीय प्राइमरी शिक्षक संघ के महामंत्री जसवंत सिंह भारती, कमल दास, बब्बूराम सागर, गणेश प्रसाद आर्य, जयपाल सिंह, यतिन सागर, रवि सागर, अंकित सागर, धर्मवीर सिंह, नौबहार सिंह, अरविंद कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर में नव संवत्सर पर पथ संचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### नव संवत्सर पर आरएसएस ने किया पथ संचलन

**दिनेशपुर :** नव संवत्सर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन किया। गुरुवार शाम आरएसएस के स्वयंसेवक आईटीआई मैदान में एकत्रित हुए। जहां से पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत महाविद्यालय कार्य प्रमुख डॉ. शिवेंदू कश्यप ने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने की। इस मौके पर खंड संघ चालक गोकुल खेड़ा, सह खंड करवाह कैलाश शर्मा, ऋषिकेश बाला, दुलाल मलिक, प्रभाकर नयाल, राजेंद्र सिंह मेहरा, प्रताप कोश्यारी, देव कुमार, इंद्रजीत मंडल, उदयभान, योगेश आर्या, मोहन खोलिया, हिमांशु सरकार, विजय मंडल, भोला शर्मा, विश्वजीत मंडल मौजूद थे।



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में प्रयोगशाला का भूमि पूजन करते अतिथि।

### बालिका विद्यामंदिर में विज्ञान प्रयोगशाला का शिलान्यास

**बाजपुर :** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में विज्ञान प्रयोगशाला का शिलान्यास पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, ईश्वरी दत्त जोशी व प्रबंध समिति तथा अभिभावकों की मौजूदगी में किया गया। गुरुवार को आधुनिक शिक्षा के लिए आवश्यक प्रयोगशाला का भूमि पूजन डोमेश्वर साहू, प्रबंधक कुलदीप चौधरी, प्रकाश पाइप काशीपुर के प्रबंधक किरण पाल सिंह ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में ईश्वरी दत्त जोशी, हरीश सक्सेना, कुलदीप चौधरी, संजय बंसल, राजेश कुमार, उमा जोशी, गोल्डी बंसल, ईश्वर गुप्ता, सुनीता खत्री, संजना अग्रवाल, अशोक मित्तल, राजेश गर्ग, जयराम सिंघल, प्रताप सेंगर, रॉबिन सिंघल उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा जिले के तीन मूल्यांकन केंद्रों पर बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा हो गया है। तीनों मूल्यांकन केंद्रों में बोर्ड की इंटर और हाईस्कूल की कुल 1,00,473 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षाफल का बेसब्री से इंतजार है। जिले में 27 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हुआ, जो नौ अप्रैल को पूरा होना था। जीजीआईसी अल्मोड़ा में निर्धारित अवधि में मूल्यांकन हुआ लेकिन रानीखेत व चौखुटिया में मूल्यांकन में देरी हुई। उत्तर पुस्तिकाएं जल्द बोर्ड कार्यालय भेजी जाएंगी।

### लोकसभा चुनाव के तहत किया फ्लैग मार्च

**अल्मोड़ा :** लोकसभा निर्वाचन में शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान के उद्देश्य से गुरुवार को अल्मोड़ा पुलिस ने नगर के अनेक इलाकों में फ्लैग मार्च कर उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर निर्भीक मतदान के लिए जागरूक किया। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा के नेतृत्व में टीम ने नगर के नरसिंहबाड़ी, नियाजगंज, धारानौला, गोपालधारा, बावन सीढ़ी, एलआर साह रोड, शिखर तिराहा, माल रोड, केमू स्टेशन, चौघानपाटा होते हुए कोतवाली तक फ्लैग मार्च किया।

# नवरात्र के तीसरे दिन 20 हजार लोगों ने किए मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टनकपुर से ठुलीगाड़ तक प्राइवेट जीपों का संचालन हो रहा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर्व पर मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को 20 हजार श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि धाम पहुंचकर दर्शन किए। दिन में भारी गर्मी के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टनकपुर से ठुलीगाड़ तक प्राइवेट जीपों का संचालन हो रहा है वहीं बूम मेला क्षेत्र तक बड़े वाहन आ रहे हैं। साथ ही ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर मोटर मार्ग में भी प्राइवेट जीपों का संचालन किया जा रहा है। भारी भीड़ के कारण भैरव मंदिर के पास श्रद्धालुओं को टनकपुर आने के लिए कतार में खड़े होकर वाहन का इंतजार करना पड़ रहा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस बार पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में अन्य जिलों से पर्याप्त पुलिस फोर्स यहां नहीं पहुंच पाया है। इस समय ज्यादातर


भैरव मंदिर के पास टनकपुर के लिए वाहन के इंतजार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, बरेली, बदायूं, मैनपुरी, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, इटावा, कासगंज, सीतापुर कानपुर, आदि क्षेत्र से लोग मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंच रहे हैं। इधर पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर व ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी भारी संख्या में भारतीय श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

### गेवाड़ घाटी क्षेत्र में भी धूम

**बैरती (अल्मोड़ा) :** गेवाड़ घाटी क्षेत्र में भी चैत्र नवरात्रों की धूम मची हुई है। प्रसिद्ध शक्ति पीठ दूनागिरी, सुफल देवी और मां मनसा देवी की तलहटी से लगे सभी गांवों में नवरात्रों के कार्यक्रम चल रहे हैं। बैरती देवी मंदिर कालिकाथान में भी नित्य प्रति देवी पूजा के कार्यक्रम और भजन, आरती से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। और सभी गांवों में नवरात्रों के व्रत रखकर श्रद्धालु मंदिरों में पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। भक्तों की ओर से घरों पर भी देवी जागरण किया जा रहा।

### मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**अल्मोड़ा :** नवरात्र के तीसरे दिन जिले के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। गुरुवार को सुबह से मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और शंख घंटियों की ध्वनि से माहौल भक्तिमय बना रहा। नगर व जिले के त्रिपुरा सुंदरी, नंदादेवी, जाखनदेवी, पातालदेवी, बानड़ीदेवी, कसारदेवी, उल्का देवी, स्याहीदेवी, मनसा देवी, दूनागिरी मंदिर, चितई, रघुनाथ मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, वन देवी मंदिर, मानिला देवी मंदिर में भक्त उपवास रखकर नित्य पूजा में शामिल हुए। महिलाओं ने घरों पर भजन कीर्तन और सुंदर कांड का पाठ भी किया।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूरोप जाएंगी स्निग्धा

**अल्मोड़ा :** यूरोप में नागरिक स्वतंत्रता को लेकर इंटरनेशनल नेटवर्क फॉर सिविल लिबर्टीज ऑर्गेनाइजेशन का अंतराष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें अल्मोड़ा की बेटी स्निग्धा तिवारी भी हिस्सा लेंगी। इनक्लो की ओर से उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। वह 14 अप्रैल को इस अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए यूरोप के लिए रवाना होंगी। उच्च न्यायालय नैनीताल की अधिवक्ता स्निग्धा तिवारी ने बताया कि यूरोप में होने वाला यह सम्मेलन 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित होगा। इंटरनेशनल नेटवर्क फॉर सिविल लिबर्टीज ऑर्गेनाइजेशन दुनिया भर के 15 प्रमुख नागरिक अधिकार संगठनों का अंतराष्ट्रीय समूह है। जो जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ नागरिकों की निजिता के अधिकार के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता से कार्य करता आ रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के अनेक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।


स्निग्धा तिवारी।

# दिल्ली सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार तथा उनके अधीनस्थ अधिकारी वाईवीवीजे राजशेखर के विरुद्ध गोविंदपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि इन अधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 392, 447, 120 बी, 504 और 506 तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस साल दो मार्च को प्लीजेंट वैली फाउंडेशन नाम के एक गैर सरकारी संगठन द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई थी। जिस पर अदालत ने राजस्व पुलिस को इन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने के आदेश दिए थे।

प्लीजेंट वैली फाउंडेशन की ओर से कहा गया कि नामजद आरोपियों द्वारा 14 फरवरी को डाडाकाडा गांव में उनके विद्यालय में चार व्यक्ति भेजकर फाउंडेशन के संयुक्त सचिव के कार्यालय में तोड़फोड़ कराई गई। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने उक्त अधिकारियों के कथित भ्रष्टाचार से जुड़े सबूतों वाली फाइल, रिकॉर्ड, दस्तावेज तथा पेनड्राइव लूट लिए।

साथ ही कार्यालय में घुसने वाले लोगों ने कथित तौर पर धमकी दी कि यदि संस्था द्वारा उक्त अधिकारियों के खिलाफ सतर्कता विभाग तथा अन्य कार्यालयों में की गई शिकायतें तत्काल वापस नहीं ली तो संस्था के अधिकारियों को झूठे मामलों में फंसा दिया जाएगा। संस्था ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि कार्यालय में घुसे लोग अपने साथ पहले से टाइप दस्तावेज लाए थे और उन्होंने संयुक्त सचिव पर दस्तखत करने के लिए दबाव बनाया। यही नहीं हमलावर वहां रखे 63,000 रुपये भी ले गए। बता दें कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव तथा उनके अधीनस्थ अधिकारी के विरुद्ध गोविंदपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सल्ट में आग से लगातार धधक रहे हैं जंगल, वन संपदा राख

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ जिले के सल्ट विकास में जंगलों में लग रही आग का सिलसिला भी लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले एक पखवाड़े से विकास के अनेक इलाकों में जंगलों में भीषण आग लगी हुई है, लेकिन इसकी जानकारी होने के बाद भी वन विभाग हाथ पा हाथ धरे बैठा है।

जिस कारण लाखों रुपये की वन संपदा जंगल की आग में जलकर राख में तब्दील हो गई है। सल्ट विकास खंड के मौलेखाल, जालीखान, हिनौला, कालीगांव, पैंसिया, पीपना, झिमार, डोटियाल, मानिला, डभरा, सराईखेत, नैल, मरचूला समेत अनेक इलाकों में इन दिनों जंगल धू धू कर जल रहे हैं। जिस कारण वन संपदा के साथ ही वन्य जीवों के वास स्थल भी लगातार नष्ट हो रहे हैं। जंगलों में लगी आग के कारण पर्यावरण में चारों ओर धुंआ ही धुंआ फैल गया है।


सल्ट विकास खंड में रात में आग से धधकते जंगल। ● अमृत विचार

### द्वाराहाट में भी चिंगारी ने जलाया जंगल

**अल्मोड़ा :** जिले के द्वाराहाट विकास खंड के बयेला गांव में बुधवार रात खरपतवार से निकली चिंगारी ने बयेला के जंगल में आग भड़का दी। आग की लपटें ग्रामीणों के घरों के पास तक पहुंच गईं। देखते ही देखते वनाग्नि ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। टीम के साथ मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी मदन लाल ने ग्रामीणों के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया जा सका।

# हरनौली के ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की धमकी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के विकास खंड भिकियासैंण के हरनौली ग्राम सभा के ग्रामीणों में सड़क मार्ग का निर्माण न होने से कड़ा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने ग्राम सभा को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए तहसील के माध्यम से जिलाधिकारी अल्मोड़ा को एक ज्ञापन भेजा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि अगर उनके गांव को सड़क से नहीं जोड़ा गया तो वह लोकसभा चुनावों का पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि वह लंबे समय से ग्राम सभा हरनौली को टानी को जाने वाले मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन लंबी मांग के बाद भी उनकी समस्या जस की तस है। ज्ञापन में कनिष्ठ उप प्रमुख दीपा देवी, सरस्वती, कुबेर सिंह, दर्शन सिंह, श्याम असवाल, दीवान भंडारी, गीता देवी, लक्ष्मी, बलराज समेत अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### गुरुवार की शाम से बदला मौसम का मिजाज

**अल्मोड़ा :** गुरुवार की शाम से जिले में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। गुरुवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा और धूप खिली रही। दोपहर तक धूप खिली लेकिन उसके बाद धीरे धीरे आसमान में बादल छाने लगे। देर शाम तक आसमान पूरी तरह बादलों से ढक गया और जिला मुख्यालय समेत अन्य अनेक विकास खंडों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। हवाएं चलने के कारण शाम के समय हल्की ठंड का अहसास होने लगा। इधर मौसम विभाग ने जिले में पंद्रह अप्रैल तक तेज गर्जन के साथ बारिश होने की चेतावनी भी दी है।

### छात्र-छात्राओं को दिलाई गई मतदान की शपथ

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय कूंणीधार मानिला में मतदाता जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय कूंणीधार मानिला के प्रभारी प्राचार्य विकास दुबे, नोडल अधिकारी डा. जितेंद्र प्रसाद, अर्थशास्त्र विभाग के डा. गोरखनाथ आदि मौजूद रहे। इस मौके पर पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई।

### महिलाओं ने सीखा अगरबत्ती और धूप बनाने का हुनर

**टनकपुर :** नेपाल सीमा से लगे चामी गांव में छह दिनी अगरबत्ती और धूप बनाने का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के निदेशक प्रांशु मैठाणी ने कहा कि प्रशिक्षण में मिला ज्ञान स्वरोजगार पाने में सहायक होगा। आरसेटी ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को अगरबत्ती और धूप बनाने का प्रशिक्षण दिया। आरसेटी प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाली महिलाओं का दो साल तक मार्गदर्शन करेगा।

आरसेटी के फैकल्टी प्रकाश चंद्र और विजय लडवाल ने खेल व वीडियो क्लीपिंग के जरिए जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ममता मेहरा और आशा पानु ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण लेने वालीं सभी 51 महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महेंद्र सिंह और राजेश पंत ने सहयोग दिया।

# चुनावी तैयारी का जायजा लिया

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त प्रेक्षक सत्यपाल (सामान्य) और शिव कुमार वर्मा (पुलिस) ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एम.सी.एम.सी.) और निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने चुनाव के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, संचार व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने स्वीप कार्यक्रम और वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बनगवाल ने व्यय अनुवीक्षण तंत्र के अंतर्गत की गई कार्रवाई की जानकारी दी।


चम्पावत में चुनाव तैयारियों का जायजा लेते प्रेक्षक। ● अमृत विचार

### रोडवेज की चार बसों का नहीं हो सका संचालन

**अल्मोड़ा :** ईद के मौके पर भी उत्तराखंड परिवहन निगम का अल्मोड़ा डिपो अपनी स्थगित चल रही बसों की सेवाएं यात्रियों को उपलब्ध नहीं करा पाया। डिपो में चालक परिचालकों की कमी के कारण पिछले कई दिनों से अल्मोड़ा-टनकपुर, लमगड़ा- दिल्ली, अल्मोड़ा- देहरादून और बेतालघाट- दिल्ली को चलने वाली लंबे रूट की बसें स्थगित चल रही हैं। गुरुवार को भी डिपो की इन बसों का संचालन पूरी तरह ठप रहा। महानगरों को जाने वाले यात्री घंटों स्टेशन पर बसों का इंतजार करते रहे। लेकिन समय निकलने पर फिर उन्हें निजी बसों और टैक्सियों का सहारा लेकर गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ा।

### आज रक्षा मंत्री की जनसभा, कल सीएम करेंगे संबोधित

**टनकपुर :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के स्टार प्रचारकों का चुनाव प्रचार 12 अप्रैल से शुरू हो जाएगा, 13 अप्रैल को मैदानी क्षेत्र में चुनावी रैली व सभाएं होंगीं। विधानसभा की लोहाघाट सीट के भाजपा के संयोजक पूरन सिंह फर्त्याल ने बताया कि शुक्रवार अपराह्न 2 बजे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लोहाघाट के रामलीला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं एक दिन बाद 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टनकपुर और बनबसा में चुनवी रैलियां करेंगे। चम्पावत के संयोजक एडवोकेट शंकर दत्त पांडे ने बताया कि लोहाघाट और टनकपुर, बनबसा में होने वाली चुनावी रैली की तैयारियां जोर-जोर से की जा रही हैं।

### जयंती पर कस्तूरबा गांधी का स्मरण किया

**टनकपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी की जयंती पर टनकपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में उनका स्मरण किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी का नमन किया गया।

इस दौरान विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने कस्तूरबा गांधी द्वारा देश को दिए गए योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और छात्राओं ने रामधुन गाकर कस्तूरबा गांधी के भजनों को भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मनु तिवारी, अर्चना, सुमन, संजू चन्द, संगीता, ललिता, आनंदी, रेनू, माहेश्वरी, सावित्री आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-37

**बाएं से दाएं**

1. 1. किस्मत, भाग्य, नसीब, प्रारब्ध 2. संयोग।
5. सिंचाई (खेत आदि)।
7. 1. जो इच्छा के अनुकूल हो, इच्छानुकूल 2. रुचिकर, कामनावाला 3. आसक्त, कामुक।
8. कपड़े धोने वाला व्यक्ति, धोबी।
9. 1. जम्हाई लेते हुए शरीर को तानना, हाथ उठाकर शरीर को मोड़ना-तोड़ना, थकान दूर करने की शारीरिक क्रिया, अंग-विक्षेपण 2. परिवर्तन की आकांक्षा के लिए तत्पर होना या क्रियाशील होना, सुप्तावस्था को त्यागना

**ऊपर से नीचे**

2. ऐसा दरबार या न्यायालय जिसमें राजा या बादशाह के सामने सभी उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें, वह स्थान जहां उक्त प्रकार का दरबार लगता हो।
3. 1. कुछ लोगों का समूह, दल 2. मंडली, जत्था 3. नगर या बस्ती का छोटा भाग, छोटा मुहल्ला 4. सिल
4. किसी के चरणों में होने वाला अनुराग, किसी के प्रति होने वाली श्रद्धा।
6. फ़िल्म




### वर्ग पहेली-36 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 खु | सु | र | फु | 2 सु | र |
| 3 डों | ■ | ■ | ■ | ■ | रे | ■ |
| ड़ी | ■ | ■ | 4 आ | ■ | शी | ■ |
| ■ | 5 द | ल | द | ल | ■ | 6 खे |
| 7 पा | र | ■ | त | ■ | 8 मो | ढ़ा |
| ■ | गा | ■ | व | ■ | हि | ■ |
| ■ | ह | ■ | 9 श | र | त | ■ |

## सुडोकू-116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

### सुडोकू-115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 13.11 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 13 अप्रैल 12.51 तक तत्पश्चात मृगशिरा।


मेष

आज दांपत्य जीवन में रोमांस भरपूर रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। लोग आपकी सहृदयता का गलत लाभ उठा सकते हैं। व्यापार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं।


वृष

आज सहकर्मियों को लेकर थोड़ा नाखुश रहेंगे। सेहत की अनदेखी बिल्कुल न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पदोन्नति को लेकर चर्चा हो सकती है।


मिथुन

आज महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। निराशा वाले विचारों से दूर रहें। लंबी दूरी की यात्रा न करें। संतान के भविष्य की काफी चिंता रहेगी। लोग आपके मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर सकते हैं।


कर्क

आज किसी नए व्यापार में निवेश करने की योजना बनाएंगे। समाज में आपको काफी प्रशंसा मिलेगी। निर्माण कार्यों में तीव्रता आएगी। परिवार की जिम्मेदारियों का पूरा ख्याल रखेंगे। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।


सिंह

आज अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। भविष्य को लेकर कुछ योजना बना सकते हैं।


कन्या

आज किसी मित्र से बहस हो सकती है। आपको मेहनत का उचित परिणाम शायद ही मिलें। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर ही सारे काम करने चाहिए। आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। सामाजिक यश और सम्मान प्राप्त होगा।


तुला

आज बुरे लोगों की संगत से हानि होगी। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी में न लें। कुछ प्रियजन आपसे आर्थिक सहायता की अपेक्षा रखेंगे। कुछ सरकारी मामले उलझ सकते हैं। लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।


वृश्चिक

आज अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। परिजनों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा।


धनु

आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या किसी तरह के सम्मान के योग बन रहे हैं। दूसरों को दिखाने के लिए कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रेमियों के बीच आपसी प्रेम काफी बढ़ सकता है।


मकर

आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय से जुड़े नए मैत्री संबंध विकसित हो सकते हैं। किसी की आलोचना से हतोत्साहित न हों। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों की बाधा दूर होगी।


कुंभ

आज अनजान लोगों से दूरी बनाकर ही रखें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से आपकी निंदा हो सकती है। दूसरे कार्यों की वजह से मुख्य काम को समय नहीं दे पाएंगे।


मीन

आज आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारियों के लिए दिन बेहद शुभ रहने वाला है। आप यात्राओं का आनंद लेंगे। आपको तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मित्र प्रोत्साहित करेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का रावण
सुबह : 10.24
कीमत
रात : 07.00

SONY PIX
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3
सुबह : 10.23
जैंगो अनचेंड
रात : 09.00

&pictures
चेन्नई वर्सेस चाइना
सुबह : 10.35
विजय द मास्टर
शाम : 04.09

ZEE CINEMA
गली बॉय
सुबह : 10.10
बेताब
दोपहर : 01.20

StarGold SELECT
लंदन पेरिस न्यूयॉर्क
सुबह : 10.35
राज रीबूट
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका।
एक औरत ने गुस्से से कहा- फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला-कचरा मैंने फेका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई
दूसरे दिन..
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तेरी मम्मी से बोल दे कि वो मुझे भूल जाए।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा -पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# पारदर्शी चुनावी वित्त पोषण

केंद्र की चुनावी बांड योजना पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। अजीब बात है कि एसबीआई ने उस जानकारी को देने से इनकार किया है जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पहले से मौजूद है। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया है कि जब टुकड़ों में बात सामने आ रही है तो पता चल रहा है कि किस तरह अनेक कंपनियों से, व्यापक रूप से काला धन जमा करने के लिए इस योजना का दुरुपयोग किया गया। गौरतलब है चुनावी बांड की योजना तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा केंद्रीय बजट 2017-18 के दौरान वित्त विधेयक, 2017 में पेश की गई थी। उन्होंने राजनीतिक फंडिंग के उद्देश्य से बैंकों द्वारा चुनावी बांड जारी करने की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम में संशोधन करने का भी प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग ने 2 जनवरी 2018 को राजपत्र में चुनावी बांड योजना 2018 को अधिसूचित किया। इसके बाद कांग्रेस ने 2019 के आम चुनावों से पहले घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो बांड को खत्म कर देगी। 15 फरवरी 2024 को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बांड योजना, साथ ही जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में संशोधन को रद कर दिया। एसबीआई को 6 मार्च तक दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं का विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने के लिए कहा गया था और चुनाव आयोग को 13 मार्च तक इन्हें ऑनलाइन प्रकाशित करना था। हालांकि, एसबीआई विवरण प्रस्तुत करने में विफल रहा। 6 मार्च, और अधिक समय मांगने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने इस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके बाद विवरण चुनाव आयोग को सौंप दिया गया और उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। आरटीआई कार्यकर्ता कमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश बत्रा ने 13 मार्च को एसबीआई से चुनावी बांड का डेटा मांगा। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दी गई छूट से संबंधित दो धाराओं का हवाला देते हुए जानकारी उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। जवाब में कहा है कि मांगी गई जानकारी में खरीदारों और राजनीतिक दलों का विवरण शामिल है। इसलिए इस जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये विश्वसनीयता का सवाल है। जानकारों के मुताबिक ऐसे में जब देश में राजनीतिक व्यवस्था आम चुनाव के प्रचार में व्यस्त है, चुनावी बांड योजना का आकलन करना मतदाताओं पर निर्भर है। क्योंकि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनावी वित्तपोषण का पारदर्शी होना जरूरी है।

# विश्व में एक समान हो पर्यावरणीय कानून



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 14 व 21 का दायरा बढ़ाकर स्वच्छ वातावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी शामिल किया गया है, जो की पूरी तरह से इको साइड को लेकर चल रहे प्रयासों को अपना समर्थन अप्रत्यक्ष रूप से दे रहा है। अतः अब भारत को भी इको साइड को लेकर कुछ प्रयास करना चाहिए। तभी हम प्रकृति के अधिकारों की रक्षा के साथ पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-21 को लेकर कहा कि यह पृथ्वी पर जीवन के अधिकार की रक्षा करता है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वायु, जल, मृदा प्रदूषण से है। इसी तरह अनुच्छेद-14 में समानता का अधिकार शामिल है।

हालांकि सरकारों द्वारा समय-समय पर पर्यावरण व पारिस्थिकी को संरक्षित करने के लिए एक दर्जन से ज्यादा नियम, नीति व कानून बनाए गए हैं, लेकिन अभी भी समुच्चय रूप से एक ऐसे कानून की जरूरत है, जो प्रकृति के नियमों के अनुसार धरती पर जीवन की रक्षा कर सके। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में दखल देना पड़ा, क्योंकि हवा, पानी और भोजन की आवश्यकता प्रत्येक जीवधारी को है। पृथ्वी को विभाजित देशों की सीमाओं ने किया है। नहीं तो पृथ्वी में सबके लिए सभी वस्तुओं का बराबर-बराबर अनुपात निश्चित है। वैसे तो विश्व में पर्यावरणीय कानून देश, काल, जलवायु और परिस्थिति के अनुसार होने चाहिए, लेकिन पृथ्वी पर अगर कहीं भी किसी स्थान पर प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसका प्रभाव पूरे ब्रह्मांड पर पड़ता है। अतः प्राकृतिक नियमों के साथ सामंजस्य बनाए रखने के लिए एक समान पर्यावरणीय नियमों का पालन आवश्यक होगा।

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है। इस तरह की तकनीक को सोलर रेडिएशन मोडिफिकेशन, सोलर जियो इंजीनियरिंग और

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है।

क्लाइमेट इंटरवेंशन भी कहा जाता है। इसके अलावा भारत सरकार के प्रयास से ही अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस का भी गठन किया गया है जिसके माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। यही वजह है कि जी -20 सम्मलेन में भारत की तरफ से थीम भी 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' थी, जो कि इस बात को स्पष्ट करती है कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए एक कानून लागू किया जाए।

इसके अलावा पीएम मोदी ने 'ग्रीन क्रेडिट' कहे जाने वाले अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने जी-20 देशों से सकारात्मक पर्यावरणीय प्रयासों को बढ़ावा देने और रचनात्मक पहल को प्रोत्साहित करने के लिए 'ग्रीन क्रेडिट पहल' पर काम शुरू करने का आग्रह किया। भारत ने अपने पर्यावरणीय कार्यों के लिए व्यक्तियों, निजी क्षेत्रों, लघु उद्योगों, सहकारी समितियों, वानिकी उद्यमों और किसान-उत्पादन संगठनों द्वारा किए गए स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के वास्ते 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' तैयार किया है। इसके अलावा देश के केंद्रीय बैंक की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि भारत अपने विभिन्न उद्योगों को जलवायु परिवर्तन मानदंडों के अनुरूप ढालने के लिए 2030 तक अनुमानित 85.6 ट्रिलियन रुपये (1.05 ट्रिलियन डॉलर) खर्च करेगा और यही खर्च अगर सामूहिक रूप से सभी देशों द्वारा किया जाए तो शायद हम पर्यावरण के नुकसान की भरपाई जल्दी कर पाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ एक बहुप्रचारित, लेकिन कम स्पष्ट अधिकार को संविधान में एक विशिष्ट मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है।

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है। इसे अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और 21 (जीवन का अधिकार) द्वारा मान्यता प्राप्त है। अदालत ने जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के अधिकार, स्वदेशी अधिकार, लैंगिक समानता और विकास के अधिकार सहित विभिन्न मानवाधिकारों के बीच अंतर्संबंध पर भी प्रकाश डाला। फैसले में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सुरक्षित स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार एक 'मौलिक मानव अधिकार' है। 'स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार का उल्लंघन कई अधिकार क्षेत्रों में हो सकता है जिसमें जीवन का अधिकार, व्यक्तिगत अखंडता, स्वास्थ्य, पानी और आवास के साथ-साथ सूचना, अभिव्यक्ति, संघ और भागीदारी जैसे प्रक्रियात्मक अधिकार शामिल हैं। अदालत ने जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

पूरा ब्रह्मांड सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। इसीलिए यह जीवंत है। अवलोकनों से पता चलता है कि ब्रह्मांड का विस्तार हो रहा है एवं विकास जीव जंतुओं की एक अंतर्निहित विशेषता है। इसी तरह 1927 में विकसित बिग बैंग सिद्धांत भी जीवन निर्माण के लिए यह वैज्ञानिक व्याख्या करता है। इसके अलावा कॉसमॉस का अर्थ "ब्रह्मांड" होता है, लेकिन इस शब्द का प्रयोग आम तौर पर एक व्यवस्थित या सामंजस्यपूर्ण ब्रह्मांड से है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। पर्यावरण कानून का उल्लंघन सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को कमजोर करता है। अनुमान है कि पृथ्वी पर अब तक रहने वाली सभी प्रजातियों में से 99 प्रतिशत से अधिक, यानी पांच अरब से अधिक प्रजातियां, विलुप्त हो गई हैं। हर दिन 150 प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं। प्रति घंटे लगभग तीन प्रजातियां लुप्त हो रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप एक ही दिन में 72 प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। प्रकृति संकट में है और यह और भी बदतर होती जा रही है। चूंकि प्रजातियां के लुप्त होने की दर 10 मिलियन वर्षों में नहीं देखी हैं। 1 मिलियन से अधिक प्रजातियां वर्तमान में कगार पर हैं। यूके स्थित यूटिलिटी बिडर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 30 वर्षों में 668,400 हेक्टेयर वन क्षेत्र खोने के बाद भारत वनों की कटाई की दर में दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण, कचरे का खराब प्रबंधन, पानी की बढ़ती कमी, भूजल स्तर में गिरावट, जल प्रदूषण, जंगलों का संरक्षण और गुणवत्ता, जैव विविधता की हानि और भूमि/मिट्टी का क्षरण कुछ प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे हैं जिनका भारत आज सामना कर रहा है।

यही सब कारण है कि दस देशों ने शांतिकाल के दौरान अपनी सीमाओं के भीतर पारिस्थितिकी हत्या को एक अपराध के रूप में संहिताबद्ध किया है, जिन देशों ने पर्यावरण हत्या को अपराध घोषित किया है उनमें वियतनाम, यूक्रेन और रूस शामिल हैं। भारत ने कुछ निर्णयों में प्रकृति के कानूनी व्यक्तित्व को मान्यता दी है। कुछ भारतीय निर्णयों में 'पारिस्थितिकी हत्या' शब्द का उपयोग किया गया है, लेकिन यह कानून में पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है। भारत के विधायी ढांचे में विभिन्न पर्यावरण कानून शामिल हैं, जिन्हें समेकन और सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। अतः विश्व में एक पर्यावरणीय कानून, सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को मजबूती प्रदान करेगा।

## प्रसंगवश

# देश का मन होती है माइथोलॉजी

यह मुग्ध भाव की बात है कि मनोविज्ञान वाला अपने बाड़े में रहे और मानव विज्ञान वाला अपने खूंटे से बंधा रहे। इतिहास वाला इतिहास की बात करे और समाजशास्त्र वाला कहे कि मैं मानव विज्ञान की बात क्यों करूं, वह तो आउट ऑफ कोर्स है। हमें मनुष्य का अध्ययन करना है, इन परिधियों को लांघना है। आपको किसी पेपर की तैयारी करनी है कि किसी परीक्षक से आतंकित हो रहे हैं? माइथोलॉजी किसी भी देश का मन होती है। क्या सचमुच हम भारत के मन को जानना चाहते हैं? या हमने मान लिया है कि हम सब जानते ही हैं? माइथोलॉजी को जानने की जरूरत ही क्या है?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विश्व के लोकवार्ताशास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, आपको रुचि हो-लिन्क्ड-इन, पर जाकर माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मैसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथकशास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। लिन्क्ड-इन पर माइथोलॉजी-ग्रुप- डिस्कशन में एक दिन सवाल उठा-क्या मृत्यु को जीता जा सकता है? मृत्युंजय की अवधारणा, अजर-अमर की अवधारणा, अमृत, शुक्राचार्य की मृतसंजीवनी-विद्या की परिकल्पना भविष्य के वैज्ञानिक-मानस के लिए एक संभावना भी है चुनौती भी। सन् 1966 में सौंख (मथुरा के पास) में जर्मनी के पुरातत्वविदों ने एक टीले की खुदाई की, सभ्यताओं की दो परतें थीं- एक के नीचे दूसरी। इसी तरह मिथक समष्टि मानस की स्मृतियों के टीले की तरह है जिनमें युगयुगीन-स्मृतियों की विभिन्न परतें सो रही हैं।

मनुष्य और उसके मन को जानने के लिए यह कितनी विशाल सामग्री अनुसंधान की प्रतीक्षा कर रही है। हम मनुष्य की महिमा से परिचित हैं तो यह बात स्पष्ट है कि मिथक की रचना भी लोकमन ने ही की है और आज भी उसे कहता-सुनता है। मिथक के द्वारा क्या हम मनुष्य के मन को जान सकते हैं? साइकोलॉजी की साइकी ग्रीक-मिथक नहीं है? वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोक जीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। मिथक को हम क्यों केवल धार्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं?

# ब्रिक्स मुद्रा की अड़चनें



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं।

डॉलर और सोने के बीच एक उल्टा अनुपात काम करता है। दुनिया में इन दोनों चीजों को सबसे ज्यादा भरोसेमंद संपदा समझा जाता है। वित्तीय संस्थाएं और अमीर लोग अपनी संपत्ति सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों शक्लों में जोड़ते हैं और सोने की कीमतों में अक्सर यह रुझान दिखता है कि डॉलर पर कोई झटका आए तो वे मजबूत होती हैं। पिछले दो साल में खासकर इधर के छह महीनों में सोने की कीमतों का तेजी से बढ़ना समझ में आता है। दुनिया में दो लड़ाइयां चल रही हैं जिनके कभी भी भड़क कर बड़े दायरे में फैल जाने का डर बना हुआ है। विश्व अर्थव्यवस्था में जब भी डर बढ़ता है, सोने की खरीद बढ़ जाती है। फिर भी महीने भर के अंदर सोने का 60 हजार रुपया प्रति तोले से सीधा 20 फीसदी चढ़कर 72 हजार रुपया तोले पर पहुंच जाना समझ से परे है।

कोई ज्यादा बड़ी हलचल सतह के नीचे चल रही है, जिस पर पर्याप्त खबरें नहीं आ रही हैं। अलबत्ता अमेरिकी वित्त सचिव जैनेट येलन का बिना किसी गर्जन-तर्जन के चार दिन चीन में जाकर बैठ जाना ऐसे कुछ संकेत जरूर दे रहा है। इधर एक आंकड़ा चर्चा में है कि ब्रिक्स देशों के सरकारी खजाने में 2008 की मंदी के समय 1500 टन सोना था, जो अभी 6600 टन के आसपास पहुंच गया है। ध्यान रहे यह आंकड़ा इस साल की शुरुआत में ब्रिक्स में आए पांच नए देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इजिप्ट और इथियोपिया को जोड़कर नहीं निकाला गया है।

पांचों पुराने ब्रिक्स देशों भारत, चीन, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का ही यह आंकड़ा है और 238 टन सोना तो चीन ने सरकारी इस्तेमाल के लिए अभी जनवरी 2024 के सिर्फ एक महीने में खरीदा है। ब्रिक्स के खजाने में सोना बढ़ने की वजह यह बताई जा रही है कि अपने भीतरी कारोबार में डॉलर का इस्तेमाल अब वे बिल्कुल ही बंद कर देंगे। व्यापार में किसी का किसी पर कुछ निकलेगा तो ब्रिक्स मुद्रा न सही, सोने में भरपाई हो जाने का भरोसा रहेगा।

यह सही है कि ब्रिक्स की समानांतर मुद्रा खड़ी करके डॉलर को सीधी टक्कर देने की बात अभी सिर्फ रूसी कर रहे हैं। नाटो, जी-7 और यूरोपियन यूनियन के साथ वे आमने-सामने की लड़ाई जैसी हालत में हैं। दो साल से उनकी आर्थिक नाकेबंदी चल रही है। व्यापार की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था से रूस का संपर्क तोड़ा जा चुका है। अमीर मुल्कों में पड़ी सैकड़ों अरब डॉलर की रूसी संपदा और निवेश जब्त किया जा चुका है। ऐसे में इतने ठोस व्यापारिक मामले में भी उनका युद्ध की भाषा बोलना बनता है, लेकिन बाकी ब्रिक्स देश ऐसे किसी अतिरेक से बचना चाहते हैं। कुछ तो इसलिए दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था से पंगा लेने में कोई समझदारी नहीं है और कुछ इसलिए भी क्योंकि उनकी राष्ट्रीय संपदा का दस से बीस प्रतिशत हिस्सा डॉलरों या अमेरिकी बॉन्डों की शक्ल में ही है। उनकी किसी हरकत से डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी बहुतायत हो जाने के कारण अचानक कमजोर होता है तो यह अपनी रकम अपने हाथ से जला देने जैसा होगा, लेकिन एक बात तय है कि इस तरह की एक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके नतीजे देर-सबेर आने ही आने हैं।

ब्रिक्स के अलावा कई और देश भी अभी गैर-डॉलर कारोबार में जाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (स्विफ्ट) देशों के आर-पार मुद्रा की आवाजाही की एक अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली है। इसका नियंत्रण अमेरिका के हाथ में है, लेकिन इसका इस्तेमाल उसे दंड के औजार या दबदबे के हथियार के रूप में नहीं करना चाहिए था। यह काम 1914 में रूस के खिलाफ बराक ओबामा ने किया। फिर डॉनल्ड ट्रंप ने इसे चीन के खिलाफ आजमाने की धमकी दी और अभी जोसफ बाइडन ने रूस को इससे बाहर ही कर दिया। इसके जवाब रूसियों ने एसपीएफएस और चीनियों ने सीआईपीएस के रूप में खोजा जिसका इस्तेमाल कई देशों से व्यापार में हो रहा है। स्विफ्ट का विकल्प खड़ा करने के लिए ऐसे ढांचों को जोड़ना काफी है। रही बात ब्रिक्स मुद्रा की तो इसका रास्ता उतना आसान नहीं है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन आदि जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं। चीन के स्वाभाविक प्रभुत्व वाले इस खेमे का अभिन्न अंग बनकर रहना भारत के लिए संभव नहीं है, न ही ईरान से नजदीकी बनाए रखना सऊदी अरब और यूएई के लिए बहुत आसान होने वाला है। फिर भी मामला यह है कि ब्रिक्स का, और उसके पीछे दुनिया के कई देशों का एक अलग वित्तीय ढांचा समय की मांग है। डॉलर के इर्दगिर्द घूम रही विश्व वित्तीय व्यवस्था हकीकत में एक छलावा है और कभी न कभी इसे ध्वस्त होना ही है।

## सोशल फोरम

# छिपकली और चूहे

एक कहावत है "नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।" अब बिल्ली हज को जा सकती है या नहीं। या उसके लिए भी कहीं उसके देश विशेष के धर्म के आधार पर प्रवेश वर्जित तो नहीं। ये जानकारी मुझे नहीं। इसके लिए तो किसी मौलवी से फतवा लेना होगा।

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा, बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा।

चूंकि मुस्लिमों में नियम कानून बहुत सख्त हैं तो ये प्रश्न खड़ा हो गया, लेकिन अपने देसी धर्मों में इतने कठोर नियम कानून नहीं। बड़े लचीले धर्म हैं हमारे। यहां नौ सौ क्या हजारों कीड़े खाकर भी एक छिपकली ऊपर वाले की तस्वीर के पीछे आराम फरमा सकती है। इससे यहां किसी को कोई कष्ट नहीं। यहां ये बड़ी सामान्य सी बात है। अपने देश मे छिपकली से प्रेरणा लेने वाले बहुत से बड़े-बड़े छिपकले भी हैं। राम लला हम आएंगे वाला स्लोगन तो आपने सुना ही होगा।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यहां किसी को भी राम जी से तकलीफ नहीं। इस देश में रामजी सबके हैं और सब रामजी के। यहां तकलीफ उनके पीछे छिपने वाले लोगों से है। उनके नाम को भुनाने वालों से है। बात चूहे से शुरू हुई और देश और ऊपर वाले तक पहुंच गई। आप कह सकते हैं कि भला ये क्या बेतुकी बात हुई। भाई इतनी बड़ी भूमिका मुझे इसलिए बांधनी पड़ी की आप केवल ऊपर वाले के पीछे छिपने वाले छिपकलों पर ही ध्यान न दें, बल्कि देश कुतरने वाले चूहों से भी सावधान रहें। आज इनकी संख्या बेशुमार बढ़ चुकी है।

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा, बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा। **-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे आंबेडकर



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

आंबेडकर भारतीय संविधान निर्माता और कानून के ज्ञाता होने के साथ-साथ एक पक्के राष्ट्रवादी थे। इतिहासकार दुर्गादास ने अपनी पुस्तक ''इंडिया फ्रॉम कर्जन टु नेहरू एंड आफ्टर" में पृष्ठ 236 पर लिखा भी है ''ही वाज नेशनलिस्ट टु द कोर।" आंबेडकर कहते हैं, मैं चाहता हूं कि भारत के सभी लोग सपने जैसी सभी बातों से ऊपर उठकर अपने आपको भारतीय और केवल भारतीय ही समझें। यदि किसी कारण से ऐसा नहीं हो पता है तो हम यह सबसे बड़ा पाप कर बैठेंगे और मैं हमेशा अपने सामर्थ्य के साथ इसका विरोध करता रहूंगा।

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यही कारण है कि संविधान की प्रस्तावना नागरिकों के बीच समानता और बंधुत्व पर बल देती है। कोई भी राष्ट्र अपनी परंपराओं, संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं के एक साथ आने से बनता है। इसलिए राष्ट्रवाद में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं है। आंबेडकर ने भी भारत के बारे में इस दृष्टि को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझाया। उन्होंने भूमि, उसके समाज और राष्ट्र निर्माण की सर्वोत्तम परंपराओं को महत्व देते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र कोई भौतिक इकाई नहीं है। यह निरंतर प्रयासों, बलिदान और देशभक्ति का परिणाम है। उन्होंने राष्ट्रीयता को "दयालु चेतना, रिश्तेदारी के उस बंधन के अस्तित्व के बारे में जागरूकता" के रूप में वर्णित किया, क्योंकि इसी तरह लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और बंधुत्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे चाहते हैं कि भारत के सभी लोग स्वयं को भारतीय माने। आंबेडकर ने सन् 1940 में देश के विभाजन की स्थिति में हिंदू एवं मुस्लिम जनसंख्या के पूर्ण स्थानांतरण की बात की थी। उन्होंने यह बात अपनी पुस्तक ''पाकिस्तान ऑर द पार्टिशन ऑफ इंडिया" में लिखी है। आंबेडकर ने बड़े स्पष्ट शब्दों में दलित समाज से कहा था कि जिन्ना को इसलिए अपना मत समझो कि वह हिन्दू विरोधी हैं। जब जरूरत होती है तब दलितों को हिन्दुओं से अलग मान लेते हैं और जब जरूरत नहीं तो उन्हें हिन्दुओं के साथ मान लेते हैं। मत समझो कि वे तुम्हारे मित्र हैं। उन पर विश्वास मत करो। आंबेडकर ने पाकिस्तान में छूट गए दलितों से कहा था, जैसे भी हो सके भारत आ जाओ। वह समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे और कश्मीर के मामले में धारा 370 का विरोध करते थे। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जो देश की अखंडता एवं एकता को आज भी सुरक्षित किए हुए है। नागरिकों के हितों की सुरक्षा हेतु संविधान में मूल आधारों की व्यवस्था की। अर्थशास्त्र के शोध छात्र के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व वित्त आयोग का प्रारूप दिया।

निर्वाचन आयोग, योजना आयोग, वित्त आयोग, महिला पुरुष के लिए समान नागरिक हिन्दू संहिता, राज्य पुनर्गठन, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकार, मानवाधिकार, निर्वाचन आयुक्त और सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं विदेश नीति बनाई। डॉ.आंबेडकर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाने के लिए काम किया। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि औद्योगीकरण देश के बेहतर विकास के लिए जिम्मेदार है। उनके अनुसार औद्योगीकरण बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा करता है, जो पूंजीगत वस्तुओं के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं का निर्माण करता है, जो बड़े पैमाने पर उपभोग के लिए आवश्यक है, विदेशी मुद्रा बचाते हैं, कच्चे माल का तर्कसंगत उपयोग करते हैं और देश का व्यापक विकास करते हैं। उन्होंने माना कि सामाजिक उत्थान के लिए आर्थिक सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्होंने आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण व्यक्त किया, जो भूमि सुधार, औद्योगीकरण और सामंती प्रथाओं के उन्मूलन पर केंद्रित था। उनकी पुस्तक, "द प्रॉब्लम ऑफ द रुपीः इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन" ने उनके आर्थिक कौशल और भारत में आर्थिक असमानताओं को दूर करने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

देश के कानून मंत्री के रूप में हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में उत्तराधिकार और उनके सशक्तीकरण का पथ प्रशस्त किया। आंबेडकर ने अपने समर्थ सहयोगियों के साथ संविधान का मसौदा तैयार किया और देश की परंपराओं, आस्था और मान्यताओं को आवाज दी, लेकिन उनकी दृष्टि में देश के सभी नागरिक पहले भारतीय थे, उनकी अन्य पहचान बाद में आई। अगर हम संविधान सभा में आंबेडकर के बयानों पर गौर करें तो हमें राजनीति, कानून, इतिहास और दर्शन का एक अनूठा संगम मिलता है। नवंबर 1948 में संविधान के मसौदे पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए, उन्होंने भारत को "राज्यों का संघ" कहने के निर्णय की व्याख्या की। मेरा मानना है कि आंबेडकर भारत में सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे, इसलिए उन्होंने कहा, "अगर हम लोकतंत्र का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानना होगा, क्योंकि संविधान का भव्य महल लोगों की नींव पर खड़ा है।" उन्होंने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में एसी-एसटी के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की।

# एक नेता ऐसा भी



जब कामराज मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के मुख्यमंत्री थे, उस समय उनके मंत्रिमंडल में सात मंत्री थे। उनमें से एक मंत्री दलित समाज से पी.कक्कन भी थे। एक समय में उनके पास होम अफेयर, लोक निर्माण विभाग, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, पुलिस, कारागार, वित्त, शिक्षा, श्रम विभाग रहे। पी. कक्कन 10 वर्ष तक कैबिनेट मंत्री रहे। राजकीय कार्यों से राज्य में भ्रमण के दौरान वे अपने कपड़े भी स्वयं ही धोते थे। एक बार उन्हें त्रिची के दौरे पर जाना था। संयोगवश उनकी ट्रेन छूट गई और अगली ट्रेन अगली सुबह थी। उन्होंने किसी रेलवे स्टाफ या अन्य अपने अधीन किसी अधिकारी से भी संपर्क नहीं किया। वे खुले में रेलवे प्लेटफार्म की बेंच पर ही सो गए।



उमाकांत दीक्षित
वरिष्ठ पत्रकार

आधी रात को रेलवे पुलिस के एक सिपाही ने अपनी लाठी से धकेल कर उन्हें जगाया। पुलिस सिपाही ने उनसे पूछा कि तुम कौन हो? आप यहां नहीं सो सकते, बाहर जाकर सोइए। पी. कक्कन जी ने उत्तर दिया 'सर मेरा नाम कक्कन है, मैं पुलिस और गृह विभाग का मंत्री हूं, सुबह ट्रेन आने पर मैं चला जाऊंगा।'

पुलिसकर्मी हैरान रह गया, हकला कर बोला...'सर, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। मुझे माफ कर दो। सर आप प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में रुक सकते हैं।' उन्होंने जवाब दिया ... 'नहीं, मेरे लिए यही आराम काफी है।' और प्लेटफार्म की बेंच पर सो गए। उनके ट्रेन में चढ़ने तक पुलिस ने उनकी सुरक्षा की। क्या आज हम ऐसे सरल और ईमानदार मंत्रियों से उम्मीद कर सकते हैं?



## भाजपा से गठबंधन में रालोद को मिली है बागपत सीट

# छोटे चौधरी के सिर पर इस बार पगड़ी बांधेगा बागपत!

**वर्ष 2019 में सपा और बसपा का समर्थन होने पर भी हार गए थे जयंत चौधरी**

**47 साल में पहली बार चौधरी परिवार नहीं लड़ रहा चुनाव, रालोद ने जाट सपा ने ब्राह्मण तो बसपा ने गुर्जर प्रत्याशी पर लगाया है दांव**

मनोज त्रिपाठी

कभी अजेय दुर्ग रही बागपत लोकसभा सीट से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव चौधरी परिवार हार गया था। 2014 में अजित सिंह को हार मिली थी तो 2019 में उनके पुत्र जयंत चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। जाटों के दबदबे वाली विरासत की इस सीट पर पिता-पुत्र का लगातार चुनाव हारना किसी सदमे से कम नहीं था। जयंत को तो 2019 में हार की कतई उम्मीद नहीं थी, क्योंकि इस चुनाव में सपा-बसपा और रालोद का गठबंधन था। हालांकि जयंत को इससे पहले 2014 में भी उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक जाट बहुल सीट गिनी जाने वाली मथुरा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका हेमा मालिनी के सामने पराजय का स्वाद चखना पड़ा था। ऐसे में इस बार जब जयंत चुनावी थाह लेने जाट लैंड में निकले तो समर्थकों ने साफ बता दिया कि इस बार का चुनाव भी कठिन रहने वाला है। सपा का साथ छोड़कर जयंत चौधरी के भाजपा से हाथ मिलाने के पीछे यही एक बड़ा कारण बताया जाता है, जिसकी नींव मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा करके रखी। अब साढ़े चार दशक में पहली बार है कि बागपत से चौधरी परिवार का कोई सदस्य चुनाव मैदान में नहीं है।









1. बागपत सीट पर अब तक 14 बार हुए चुनाव, सात बार स्व. अजित सिंह सांसद चुने गए।
2. इस सीट से कांग्रेस के रामचंद्र विकल को छोड़ बाकी सभी जाट जाति के ही सांसद रहे हैं।
3. 57 साल में 14 बार हुए चुनावों में 13 बार जाट जाति का प्रत्याशी ही यहां विजयी हुआ है।
4. बागपत लोकसभा सीट से सपा-बसपा अब तक एक भी लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकी हैं।

## बागपत : चौधरी परिवार की परंपरागत सीट

बागपत लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में यहां जनसंघ और 1971 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। लेकिन आपात काल के बाद 1977 में हुए चुनाव से क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से बदल गई। 1977, 1980 और 1984 में लगातार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह यहां से चुनाव जीते। इसके बाद 1989, 1991, 1996, 1997 उपचुनाव 1999, 2004 और 2009 के चुनाव में चौधरी चरण सिंह के पुत्र अजित सिंह सात बार बागपत से सांसद चुने गए। केवल 1998 में हुए चुनाव में उन्हें यहां से हार का सामना करना पड़ा। 2014 की मोदी लहर के बाद बीते दो चुनाव से बागपत में भाजपा के डॉ. सत्यपाल सिंह जीत रहे थे। इस बार रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण भाजपा ने यह सीट उसे दी है। बागपत में जाटों और मुसलमानों का बड़ा वर्ग पिछले दो चुनावों को छोड़कर परंपरागत रूप से रालोद का वोटर रहा है। मुसलमान क्या भाजपा का साथ होने पर रालोद को वोट देंगे, इस सवाल पर तमाम मुस्लिम मतदाताओं का कहना है कि वे रालोद को वोट दे रहे हैं।

**1967**
में अस्तित्व में आई थी बागपत लोकसभा सीट

## राजकुमार सांगवान
### रालोद - भाजपा

मेरठ कालेज के प्रोफेसर रहे राजकुमार सांगवान को उनकी रालोद के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए बागपत सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। एक साल पहले ही वह मेरठ कालेज के हिस्ट्री विभाग से रिटायर हुए हैं। उन्होंने मेरठ कालेज से एलएलबी के बाद पीएचडी की है। जाट समुदाय से आने वाले सांगवान लोकदल के पुराने कार्यकर्ता हैं। वह वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं। अब उनके सामने चौधरी परिवार को विरासत रही बागपत सीट जीतने की चुनौती है।



## प्रवीण बैंसला
### बहुजन समाज पार्टी

43 वर्षीय प्रवीण बैंसला दिल्ली हाईकोर्ट में वकील हैं। 2007 से बसपा से जुड़े हैं। एक बार 2015 में दिल्ली में रोहताश नगर सीट से विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। दिल्ली के शाहदरा इलाके में रहते हैं। प्रवीण गुर्जर समुदाय से आते हैं। ऐसे में बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार गुर्जर कार्ड खेलकर बागपत में लोकसभा चुनाव का मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। प्रवीण भी रात– दिन मेहनत कर रहे हैं।



## अमरपाल शर्मा – समाजवादी पार्टी

सपा ने बागपत सीट से पहले मनोज चौधरी के नाम का ऐलान किया था। उन्होंने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था। लेकिन जाट बाहुल्य सीट पर सपा कार्यकर्ता ब्राह्मण चेहरा उतारने की मांग कर रहे थे। काफी कशमकश के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के नाम की घोषणा करके उन्हें पार्टी सिंबल दे दिया। अमरपाल ने 2007 में गाजियाबाद से विधायक का निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2009 में बसपा के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा से भाजपा नेता राजनाथ सिंह के सामने उतरे थे। 2012 में बसपा से साहिबाबाद सीट पर विधायक चुने गए थे। 2017 और 2022 में सपा के टिकट पर साहिबाबाद से विधान सभा का चुनाव हार चुके हैं।



## 16.46 लाख मतदाताओं में 30 फीसदी युवा
### 23703 पहली बार डालेंगे वोट

बागपत लोकसभा सीट पर 16 लाख 46 हजार 278 मतदाता दूसरे चरण में 26 अप्रैल को अपना नया सांसद चुनेंगे। कुल मतदाताओं में करीब 30 फीसदी युवा मतदाता हैं। इनमें 23703 मतदाता पहली बार वोट करेंगे। इस सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम और जाट मतदाता हैं। गुर्जर और ब्राह्मण मतदाता करीब डेढ़–डेढ़ लाख गिने जाते हैं।

### 2019 का जनादेश




| दल | प्रत्याशी | मत मिले |
|---|---|---|
| भाजपा | सत्यपाल सिंह | 5,25,789 |
| रालोद | जयंत चौधरी | 5,02,287 |

भाजपा ■ रालोद ■

### 2014 का जनादेश




| | |
|---|---|
| भाजपा | 4,23,475 मत |
| सपा | 2,13,609 मत |
| रालोद | 1,99,516 मत |



### 2009 का जनादेश




| सोमपाल | मुकेश साहनी | चौधरी अजित सिंह |
|---|---|---|
| 1,36,964 मत | 1,75,611 मत | 2,38,638 मत |

### पांच में तीन विधानसभा सीटें भाजपा के पास तो दो पर रालोद का कब्जा

बागपत लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें सिवालखास, छपरौली, बड़ौत, बागपत और मोदीनगर शामिल हैं। इनमें सिवालखास मेरठ जिला और मोदीनगर विधानसभा गाजियाबाद जिले का हिस्सा है। बड़ौत, बागपत और मोदीनगर विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि सिवलखास और छपरौली विधानसभा सीटें रालोद के पास हैं।

### 2014 में अजित सिंह हारे ही नहीं, तीसरे नंबर पर पिछड़े

बागपत लोकसभा सीट का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद से जैसे चौधरी परिवार की किस्मत रूठ गई। 2009 में तो भाजपा से गठबंधन होने के चलते चौधरी अजित सिंह ने जीत दर्ज कर ली, लेकिन एकतरफा वोट मिलने वाले कुछ इलाके हट जाने से वोटो का गणित बिगड़ गया। 2014 के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली और चौधरी अजित सिंह तीसरे नंबर पर खिसक गए।





**आओ मतदान करें** मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग की पहल पर महिला पुलिस कर्मियों ने राजस्थान के बीकानेर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

# शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब के कदम पर हर किसी की लगी निगाह

**सीवान संसदीय सीट**

- निर्दलीय लड़ सकती हैं हिना सहाब या उनका बेटा ओसामा शहाब
- हिना के बगावती तेवर का राजद गठबंधन को हो सकता है नुकसान

सीवान

बिहार की सीवान संसदीय सीट से चार बार सांसद रहे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने आरजेडी से बगावत कर दिया है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खुद या बेटे ओसामा शहाब के मैदान में उतरने की घोषणा की है। इससे जहां आरजेडी नेतृत्व परेशान है तो दूसरे दलों की निगाह भी हिना के अगले कदम पर है। अगर हिना या उनका बेटा मैदान में उतरता है तो इसका नुकसान इंडिया गठबंधन को ही होगा।

मोहम्मद शहाबुद्दीन की गिनती बड़े बाहुबली नेताओं में हुआ करती थी। आरजेडी के प्रमुख नेताओं में से एक शहाबुद्दीन की 2021 में कोरोना के कारण मौत हो गई थी। शहाबुद्दीन एक बार जनता दल और तीन बार आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीता। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने हिना शहाब को मैदान में उतारा था लेकिन वह जनता दल यूनाइटेड की उम्मीदवार कविता सिंह से हार गई थीं। यह सीट 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में गई थी तब भी हिना शहाब ही मैदान में थीं और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। हलांकि अभी यहां पर राजद ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।



**अनूठा प्रचार**

मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को अनूठे तरीके से प्रचार किया। वह ग्रामीण इलाके में प्रचार के दौरान एक गेहूं के खेत में गई और फसल काट रही महिला से हंसिया लेकर खुद ही गेहूं की कटाई शुरू कर दी।




### कांग्रेस प्रत्याशी नहीं खड़ा करके रोक सकती वोटों का बंटवारा

- कांग्रेस ने हैदराबाद लोकसभा सीट पर अब तक अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि वोटों का बंटवारा रोकने के लिए पार्टी एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी का समर्थन कर सकती है। भाजपा प्रत्याशी माधवी लता इसे मुद्दा बना रही हैं और कहती हैं कि तमाम चेहरे बेनकाब हो रहे हैं।

**सियासत** हैदराबाद से लगातार पांचवीं बार चुनाव मैदान में एआईएमआईएम मुखिया असुदुद्दीन ओवैसी

# माधवी की हुंकार से पहली बार मुश्किल में फंसे दिख रहे ओवैसी

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से इस बार असुदुद्दीन ओवैसी पांचवीं बार चुनावी मैदान में हैं और सामने भाजपा प्रत्याशी माधवी लता की कड़ी चुनौती है। माधवी लता को हाल ही में आईबी की रिपोर्ट के बाद वाई–प्लस कैटेगरी सुरक्षा मिली है। सुरक्षा मिलने के बाद उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्ति से सच्चाई की लड़ाई को बचाने के लिए दी गई है। वह कहती हैं कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन सनातन के खिलाफ बेवजह बयानबाजी करने वाले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वह जनसंपर्क के दौरान ओवैसी पर जमकर बरसती हैं और तर्कों के साथ अपनी बात रखती है। युवा उन्हें 'हिंदू शेरनी' और 'लेडी सिंघम' जैसे नामों से पुकारते हैं। सोशल मीडिया पर फायर ब्रांड हिंदुत्ववादी छवि के कारण माधवी लता के समर्थक लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी जमकर तारीफ कर चुके हैं।

हैदराबाद

हैदराबाद लोकसभा सीट पर बीते चार दशक से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का कब्जा है। यहां उनका ही सिक्का चलता है। लेकिन इस बार के चुनाव में ओवैसी के लिए जीत आसान नहीं मानी जा रही हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। माधवी लता की पहचान तेज-तर्रार हिंदुत्व समर्थक की है। तीन तलाक पर बयानों के बाद वह खासी चर्चा में आई थीं। माधवी लता पेशे से डॉक्टर हैं और विरिंची नामक अस्पताल चलाती हैं। वह भरतनाट्यम की नृत्यांगना भी हैं। पिछले एक साल से अपने समाज सेवी संगठन के बैनर तले पुराने हैदराबाद शहर में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रही हैं। उन्हें अच्छा वक्ता माना जाता है। तुष्टिकरण और कट्टरपंथी सोच के खिलाफ धारदार भाषण देती हैं।



भाजपा उम्मीदवार माधवी लता।

हैदराबाद को एआईएमआईएम का गढ़ माना जाता है। असदुद्दीन ओवैसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन पहली बार हैदराबाद सीट से 1984 में लोकसभा चुनाव जीते थे। वह 20 साल सांसद रहे। उनके बाद से इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में ओवैसी ने भाजपा उम्मीदवार को दो लाख 82 हज़ार वोटों से हराया था। हैदराबाद में 13 मई को 19 लाख मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र की सात विधान सभा सीटों में सिर्फ गोशामहल से भाजपा के विधायक टी राजा सिंह हैं, बाकी आधा दर्जन सीटों पर एआईएमआईएम के विधायक हैं। इसके बावजूद इस बार ओवैसी को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी होने पर भी क्या मुसलमान माधवी लता को वोट देंगे, इस सवाल के जवाब में माधवी कहती हैं, क्यों नहीं लेकिन हम इसके लिए काम नहीं कर रहे हैं। हैदराबाद में मुसलमान भी उतने ही ग़रीब हैं, जितने हिंदू हैं।

### चुनाव परिणाम 2019

| | | |
|---|---|---|
| असदुद्दीन ओवैसी | एआईएमआईएम | 517471 |
| डॉ. भगवंत राव | भाजपा | 235285 |
| पुश्ते श्रीकांत | टीआरएस | 63239 |
| मो. फिरोज खान | कांग्रेस | 49944 |

**भाजपा ने फायर ब्रांड हिंदुत्व की छवि वाली माधवी लता को उतार कर रोचक बनाया मुकाबला**

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिसे मजलिस भी कहा जाता है, की जड़ें लगभग 85 साल पुरानी हैं। हैदराबाद में सामाजिक-धार्मिक संस्था के रूप में इसकी शुरुआत हुई थी। जब 1948 में हैदराबाद का भारत में विलय हुआ, तब भारत सरकार ने इसे प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अध्यक्ष क़ासिम राजवी को गिरफ़्तार कर लिया गया। बाद में राजवी पाकिस्तान चले गए और संगठन की ज़िम्मेदारी मशहूर वकील अब्दुल वहाद ओवैसी को दे गए। अब पिछले पांच दशक से ओवैसी परिवार मजलिस को चला रहा है। वर्ष 1957 में मजलिस को राजनीतिक पार्टी बनाया गया, इसके नाम में 'ऑल इंडिया' जोड़ा गया और संविधान बदला गया। 1976 में पार्टी की ज़िम्मेदारी सलाहुद्दीन ओवैसी को मिली। वह 2004 तक हैदराबाद के सांसद रहे।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,038.15 | 22,753.80 |
| चढ़ा | 354.45 | 111.05 |
| प्रतिशत में | 0.47 | 0.49 |



### मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1010, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

### हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 74 मसूरी- 47 बासमती- 100, दाल दलहन : काला चना- 68-75 साबुत चना दाल- 70-75 मूंग साबुत- 110-1115 राजमा- 133 दाल उड़द- 107-110 साबुत मसूर दाल- 70 मसूर दाल- 70-85 उड़द साबुत- 120 काबुली चना- 128 अरहर दाल- 142 लोबिया/करमानी- 100-110 सोयाबीन- 53 मूंगफली- 72 मटर (सूखी)- 62 मक्का- 20। दाम प्रति किग्रा. में

### दूरसंचार शुल्क में होगी 15-17% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के बाद दूरसंचार उद्योग में 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी का अनुमान है। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क वृद्धि 'आसन्न' है और एयरटेल को ज्यादा फायदा हो सकता है।

# एडीबी ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

## मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत व्यय में 17% की वृद्धि, बुनियादी ढांचे के निवेश को मिलेगा बढ़ावा



एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत सार्वजनिक और निजी निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र का हवाला देते हुए 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। यह पूर्वानुमान आज जारी एडीबी के प्रमुख आर्थिक प्रकाशन, एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) अप्रैल 24 के नवीनतम संस्करण में व्यक्त किया गया है।

वित्त वर्ष 2024 में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास पर उच्च पूंजीगत व्यय, निजी कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि, मजबूत सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन और उपभोक्ता विश्वास में सुधार को कारक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वस्तु निर्यात में सुधार और विनिर्माण उत्पादकता और कृषि उत्पादन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025 में विकास को गति मिलेगी। भारत में एडीबी के निदेशक मियो ओका ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। राजकोषीय समेकन करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने और एक सक्षम कारोबारी माहौल प्रदान करने के भारत सरकार के प्रयासों से निर्यात बढ़ाने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शहरी आवास का समर्थन करने के लिए एक नई सरकारी पहल से आवास विकास में और तेजी आने की उम्मीद है। स्थिर ब्याज दरों से निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### इस साल वस्तु व्यापार में आ सकती है 1.2% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं के कारण मूल्य के संदर्भ में वस्तुओं के वैश्विक व्यापार की वृद्धि में इस साल 1.2 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कहा कि 2023 में वस्तुओं का वैश्विक व्यापार अमेरिकी डॉलर मूल्य में पांच प्रतिशत घटकर 24,010 अरब डॉलर रहा। हालांकि, इस गिरावट की भरपाई काफी हद तक वाणिज्यिक सेवाओं के व्यापार में मजबूत वृद्धि से हो गई, जो नौ प्रतिशत बढ़कर 7,540 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर वस्तुओं व वाणिज्यिक सेवाओं का निर्यात 2023 में दो प्रतिशत गिरकर 30,800 अरब डॉलर रहा। शोध संस्थान ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन ने 2024 के लिए व्यापार मात्रा में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। इस लिहाज से वस्तुओं के व्यापार में 2023 की तुलना में 2024 में 1.2 प्रतिशत की गिरावट की आशंका है।

## भारत से चीन को 90 प्रमुख उत्पादों का निर्यात बढ़ा : वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** चीन को निर्यात की जाने वाली कुल 161 वस्तुओं में से लगभग 90 प्रमुख वस्तुओं का निर्यात पिछले साल बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें लौह अयस्क, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत से चीन को निर्यात होने वाली कुल वस्तुओं में से इन 90 वस्तुओं की हिस्सेदारी 67.7 प्रतिशत है, जबकि शेष 32.3 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली शेष 71 वस्तुओं का निर्यात घटा है।

भारत का चीन को निर्यात चार स्तरों में पिछले साल 10 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ा है। वे हैं लौह अयस्क (2023 में 216.8 प्रतिशत बढ़कर 3.33 अरब डॉलर), सूती धागा (2023 में 542.6 प्रतिशत बढ़कर 61.11 करोड़ डॉलर), मसाले (2023 में 19.4 प्रतिशत बढ़कर 13.22 करोड़ डॉलर), और प्रसंस्कृत खनिज (2023 में 174.19 प्रतिशत बढ़कर 12.9 करोड़ डालर तक)। चीन के लिए 15 अन्य उत्पादों का निर्यात 10 से 100 अरब डॉलर तक बढ़ा है।

## टीपीईएम का शेल इंडिया से करार

**नई दिल्ली।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने देशभर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए शेल इंडिया मार्केट्स के साथ समझौता किया है।

टाटा मोटर्स की इकाई टीईपीएम ने गुरुवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत शेल के व्यापक ईंधन स्टेशन नेटवर्क और भारतीय सड़कों पर टाटा की 1.4 लाख से ईवी से प्राप्त आंकड़ों का लाभ उठाया जाएगा। इससे यह तय होगा कि किन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन लगाने है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजे राजन ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य मौजूदा चार्जिंग ढांचे को विकसित करना है। शेल इंडिया मार्केट्स के निदेशक संजय वर्के ने कहा कि कंपनी सुविधा, सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूलता को प्राथमिकता देने वाले एकीकृत समाधान पेश करके ईवी चार्जिंग अनुभव को परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बुनियादी ढांचे पर जोर से निवेश को मिलेगी गति : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर के साथ कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ने से निवेश चक्र में सतत आधार पर पुनरुद्धार हो सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति रिपोर्ट-अप्रैल 2024 के अनुसार, कमजोर वैश्विक मांग की चुनौतियों के बीच मजबूत बुनियाद के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधियां 2023-24 की पहली छमाही में मजबूत रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां पूंजीगत वस्तुओं में निवेश और शुद्ध रूप से वैश्विक मांग के कम असर से वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को गति मिली, वहीं निजी खपत को शहरी मांग से समर्थन मिला। इसमें आपूर्ति पक्ष के बारे में कहा गया है कि विनिर्माण गतिविधियां और मजबूत हुईं। आवास की बढ़ती मांग और बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर के कारण निर्माण गतिविधियां मजबूत रहीं।




## मर्सिडीज बेंज ने 18,123 वाहन बेचे, अब तक के सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी मर्सिडीज बेंज की भारत में खुदरा बिक्री स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड में भारी मांग के कारण बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,123 इकाई रही है। यह किसी एक वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। मर्सिडीज बेंज ने वित्त वर्ष 2022-23 में 16,497 गाड़ियां बेची थीं। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने बयान में कहा कि हमने भारत में अबतक का सबसे अच्छा मासिक, तिमाही और पूरे साल का आंकड़ा हासिल किया है। यह भरोसा भारत में मर्सिडीज-बेंज के लिए बेजोड़ प्रतिक्रिया दिखाता है। मार्च तिमाही में कंपनी ने 5,412 गाड़ियां बेचीं जो मार्च, 2023 के 4,697 इकाई के आंकड़े से 15 प्रतिशत ज्यादा है।

## डैमसन टेक की विनिर्माण कार्यों को चीन से भारत लाने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी



पावर बैंक, छोटे स्पीकर और मोबाइल से जुड़े उत्पाद बनाने वाली डैमसन टेक्नोलॉजीज अपने विनिर्माण कार्यों का आधा हिस्सा चीन से भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 150 करोड़ का शुरुआती निवेश करेगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा प्रदाता डैमसन टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक रितेश गोयनका ने कहा कि कंपनी वर्तमान में चीन में उपकरणों का विनिर्माण कर रही है। अब आधा विनिर्माण कार्य भारत स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। इसका कारण चीन पर कई देशों के प्रतिबंधों के साथ-साथ भारत में सरकारी योजनाओं के तहत दिये जा रहे लाभ हैं। उन्होंने कहा, कि वर्तमान में, हमारा राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। हम आगामी वर्ष में लगभग 500 करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार भारत में लाने की योजना बना रहे हैं। हमारी दीर्घकालिक नजरिया धीरे-धीरे पूरे कारखाने के संचालन को भारत में स्थानांतरित करने का है।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### लॉरेंस बिश्नोई का शार्पशूटर गिरफ्तार मोती नगर की गोलीबारी में था शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का रहने वाला सतेंद्र कुमार (20) पिछले महीने दिल्ली के मोती नगर इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर दिल्ली) आर.के. सिंह ने बताया कि सोमवार को कुमार के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद छापेमारी के दौरान उसे धर दबोचा गया। आरोपी ने खुलासा किया कि वह सितंबर 2023 में लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा-कपिल मान गिरोह के सदस्यों में से किसी एक के संपर्क में आया था।

#### झारखंड-असम में एनआईए की छापेमारी में पीएलएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड और असम में छापेमारी के बाद नक्सली संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' के एक सशस्त्र सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से बुधवार को झारखंड और असम में दो-दो स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। एनआईए के बयान के मुताबिक छापेमारी के दौरान झारखंड के खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी नक्सली समूह पीएलएफआई का सशस्त्र सदस्य है और वह झारखंड में पीएलएफआई से जुड़े चार मामलों में वांछित था।

#### इंदौर में बीबीए छात्रा ने 16 मंजिला इमारत से लगाई छलांग, मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में 16 मंजिला निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाकर 22 वर्षीय बीबीए छात्रा ने बृहस्पतिवार को खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि मुस्कान अग्रवाल (22) ने लसूड़िया थाना क्षेत्र में 16 मंजिला एक निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाई और नीचे गिरते ही उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमें अब तक मुस्कान का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को 16 मंजिला इमारत की छत पर मुस्कान का चश्मा और मोबाइल फोन मिला है। उन्होंने बताया कि मुस्कान बड़वानी जिले की रहने वाली थी और इंदौर के एक निजी महाविद्यालय से बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की पढ़ाई कर रही थी। विश्वकर्मा ने बताया कि बीबीए छात्रा की मौत की अलग-अलग पहलुओं पर जांच की जा रही है।

#### क्रिकेटर हार्दिक पंड्या का सौतेला भाई ठगी के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को 'पॉलिमर' कारोबार में उनके और उनके भाई क्रुणाल के साथ कथित तौर पर चार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को 37 वर्षीय वैभव पंड्या को आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या ने अपने सौतेले भाई के साथ मिलकर मुंबई में एक साझेदारी-आधारित इकाई की स्थापना की। वैभव ने साझेदारी खाते से लगभग एक करोड़ की धनराशि भी अपने खाते में स्थानांतरित कर ली।

### किसानों को मिलेगी एमएसपी और अग्निपथ योजना को रद कर देगी कांग्रेस सरकार

# किसान और युवा की कोई सुनने वाला नहीं: राहुल

जयपुर, एजेंसी

- जयपुर में बोले राहुल गांधी- मीडिया का काम जनता के मुद्दे उठाना, सिर्फ एक ही चेहरे को दिखाना नहीं



जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और युवा रोजगार मांग रहे हैं, महिलाएं महंगाई से राहत चाहती हैं, लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं है।

गांधी ने कहा कि यह आम चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। यह चुनाव पिछड़ों का, दलितों का, आदिवासियों का, और सामान्य जाति के गरीबों का है। देश में दो सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। किसी से भी पूछो देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है.. महंगाई दूसरा बड़ा मुद्दा है। नब्बे प्रतिशत लोग आपको कहेंगे पहले नंबर पर बेरोजगारी.. दूसरे पर महंगाई... लेकिन अगर आप भारतीय मीडिया से पूछेंगे या मीडिया को देखेंगे तो आपको लगेगा कि सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी जी (के बेटे) की शादी है। मीडिया का काम जनता का मुद्दा उठाना है। मगर मीडियाकर्मी जनता की आवाज, जनता के मुद्दों के बारे में कभी बात नहीं करते.. यदि ये लोग बोलना भी चाहें तो इनके मालिक इन्हें नहीं बोलते देंगे।

### 22 अमीरों के पास उतना धन जितना 70 करोड़ जनता के पास

राहुल ने कहा हिन्दुस्तान के सबसे अमीर 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। एक तरफ 70 करोड़ लोग उसमें पिछडे वर्ग, दलित आदिवासी, गरीब लोग और दूसरी तरफ 22 लोग। सत्तर करोड़ में से किसान कह रहे हैं, हमें एमएसपी दे दीजिये युवा कह रहा है हमें रोजगार दे दीजिये.. महिलाएं कह रही हैं महंगाई से हमें बचाइए... पर कोई सुननेवाला नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो सबसे पहले जातीय जनगणना कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और सरकार में संविदा मजदूरी को खत्म किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने 'अरबपतियों' का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। नरेंद्र मोदी सीधा कह देते है.. मैं किसानों को एमएसपी नहीं दूंगा.. किसान आतंकवादी हैं.. और मैं एमएसपी नहीं दूंगा। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान कर दे रहा है। हमारी सरकार एमएसपी लागू करेगी। यदि मोदी उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करेगी।

#### भाजपा के भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं नोटबंदी और चुनावी बॉण्ड: यशवंत

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड को बड़ा घोटाला और नोटबंदी को काले धन को सफेद में बदलने का तरीका करार देते हुए पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने भ्रष्ट कृत्यों पर गोपनीयता की चादर ढक देती है और उम्मीद करती है कि लोगों को उनके बारे में कभी पता नहीं चलेगा। सिन्हा ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 400 से अधिक सीटें जीतने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) की ताकत को कम आंका जा रहा है। सिन्हा (86) ने कहा कि वह राजनीति से संन्यास ले चुके हैं और वापसी की उनकी कोई योजना नहीं है, जबकि उनके पूर्व संसदीय क्षेत्र हजारीबाग से अनेक लोग उनसे इस बार चुनाव लड़ने का आग्रह कर चुके हैं।

## अनुकरणीय प्रदर्शन का दावा दुष्प्रचार : थरूर

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत में मजबूत प्रदर्शन के भाजपा के दावे को उसके दुष्प्रचार का परिणाम बताया और कहा कि सत्ताधारी दल उत्तर में साम्प्रदायिकता, धार्मिक विभाजन और मूलनिवासी सामाजिक विभाजन जैसे जो विमर्श गढ़ता है, वे वहां लागू नहीं होते।

थरूर ने दक्षिण में आक्रामक सियासी रणनीति अपनाने वाली भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक ऐसी पार्टी जो 'विकास' पर ध्यान केंद्रित करने का दावा करती है, उसके एजेंडे की उस क्षेत्र में स्वीकार्यता सबसे कम है जो वास्तव में सबसे अधिक 'विकसित' क्षेत्र है। थरूर ने कहा कि हिंदी, हिंदुत्व, हिंदुस्तान के प्रभुत्व की तलाश वास्तव में हमारी बहुलवादी चेतना की नींव के लिए सबसे प्रमुख खतरा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय धर्मनिरपेक्षता देश की संस्कृति के 'डीएनए' में अंतर्निहित है और यह इतनी आसानी से गायब नहीं होगी।

देश में राम मंदिर की लहर से भाजपा को फायदा मिलने की संभावना पर, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य ने कहा, भाजपा का धर्म का राजनीतिकरण तब बहुत आगे बढ़ गया जब प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, जिसके लिए वह स्पष्ट रूप से योग्य नहीं हैं।

## सीएए, एनआरसी और यूसीसी हम स्वीकार नहीं करेंगे : ममता



रेड रोड में सभा को संबोधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा जेल बनवाए लेकिन क्या 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेड रोड में जनसभा को किया संबोधित

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां 'रेड रोड' में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान 'दंगा कराने' की कोशिश करेंगे। उन्होंने लोगों से 'साजिश का शिकार नहीं होने' का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है।

बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती। मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती। मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा। बनर्जी ने कहा जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं भाजपा से कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।

## उत्तर पश्चिम भारत में इस सप्ताहांत में बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों और अरब सागर से आने वाली उच्च नमी के कारण इस सप्ताह के अंत में उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ों और मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 13 से 15 अप्रैल के बीच गरज के साथ बारिश होने, बिजली कड़कने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ पवन के रूप में पश्चिम ईरान पर स्थित है और मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ पवनों में एक और चक्रवाती परिसंचरण के रूप में 72 अंश पूर्व देशांतर के साथ 32 अंश उत्तरी अक्षांश तक फैला है। 13-15 अप्रैल के दौरान अरब सागर से उत्तर पश्चिम भारत में उच्च नमी आने की संभावना है। उसने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, 13-15 अप्रैल के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना है, जिसकी तीव्रता शनिवार और रविवार को चरम पर हो सकती है। आईएमडी ने तेज हवाओं से फसलों को नुकसान होने और ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की।

## प्रधानमंत्री गरीबों, पिछड़ों के लिए कर रहे काम : शाह

मंडला (मध्य प्रदेश), एजेंसी

- कांग्रेस पर बरसे केंद्रीय गृह मंत्री, बोला- 70 साल में विपक्ष ने आखिर आदिवासी समुदाय के लिए क्या किया, जवाब दें कांग्रेस



मंडला में जनसभा करते अमित शाह ● एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वंशवाद की राजनीति करने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) की गुरुवार को आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों तथा पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं।

शाह ने कहा कि आगामी चुनाव में लोगों को उन नेताओं के बीच चयन करना होगा जिनमें से एक ने समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है और दूसरों ने अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाया है। शाह मंडला (सुरक्षित) लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के लिए एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक टीम है जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं और दूसरी तरफ एक टीम का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है। घमंडिया गठबंधन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाना है, जबकि मोदी का एकमात्र उद्देश्य गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि 82 लाख लाभार्थियों को घर उपलब्ध कराए और गरीबों के कल्याण के लिए कई अन्य कदम भी उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में शासन किया है, लेकिन उसने आदिवासी समुदाय के लिए कुछ नहीं किया है। मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उनकी पार्टी ने आदिवासी समुदाय के लिए क्या किया है। यह भाजपा सरकार ही थी जिसने ओडिशा की एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया। यह अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार थी जिसने देश में आदिवासी कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया और मोदी सरकार ने आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की याद में आदिवासी गौरव दिवस मनाने की प्रथा शुरू की।

# दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें सुधार पर, जीत की लय जारी रखना चाहेगी एलएसजी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी।

एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है। इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसक बाद वह मैदान से चले गये थे। यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले। उनके अलावा नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं। निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं। हालांकि एलएसजी के लिए सबसे बड़ी चिंता देवदत्त पडीक्कल की फॉर्म बनी हुई है जो अभी तक दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं। वहीं मेहमान टीम के लिए ऐसा लगता है कि उसके पास 'प्लान बी' की कमी है जो कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 106 रन की हार से साफ दिखायी दिया। हाल में एक और जूझ रही टीम मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स -1.370 के खराब नेट रन रेट से अंक तालिका में निचले स्थान पर पहुंच गई। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती। अब एलएसजी के खिलाफ मैच में जिम्मेदारी फिर खलील अहमद और उम्रदराज ईशांत शर्मा पर होगी जो लगातार अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। मुकेश कुमार के चोट से वापसी की उम्मीद है लेकिन वह भी अपने प्रदर्शन से धमाल नहीं कर पाये हैं। मध्यम गति के गेंदबाज सुमित कुमार और रसिक डार की गेंदबाजी पर डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और पूरन रनों का अंबार लगा सकते हैं। साथ ही तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट से वापसी के बाद धारदार गेंदबाजी नहीं कर सके हैं और चार मैच में उन्होंने 13.43 के इकोनोमी से रन लुटाये हैं। कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स को छोड़ दें तो दिल्ली कैपिटल्स इस सत्र में अच्छी फॉर्म के लिये जूझती दिखी। पृथ्वी साव ने कुछ जरूरी रन जुटाये लेकिन उन्हें शीर्ष पर इससे बेहतर करने की जरूरत है। अभिषेक पोरेल को छोड़ दें तो किसी भी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखाया है।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।
**मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

## खेल डायरी

### आकांक्षा आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश के क्वार्टरफाइनल में

**नयी दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सौलंके ने अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वाश चैम्पियन आकांक्षा ने बुधवार को दूसरे दौर में नार्वे की मैडेलिने हाईलैंड को 41 मिनट में 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से मात दी। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। गोवा की इस खिलाड़ी का सामना अब 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि की पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में मिस्र की जाना स्वाफी से होगा।

### रूने को एक सेट में हराने के बाद दूसरे दौर में हारे नागल

**मोंटे कार्लो।** भारत के सुमित नागल ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने को एक सेट में हराया लेकिन वर्षाबाधित दूसरे दौर का मुकाबला हार गए। बारिश के कारण यह मुकाबला बुधवार को स्थगित हो गया था। नागल ने खेल बहाल होने पर रूने से दूसरा सेट छीन लिया लेकिन आखिरी सेट में दो बार सर्विस गंवा दी। भारतीय क्वालीफायर नागल दूसरे सेट में रूने से 1-2 से पीछे थे जब बारिश हुई। उन्होंने दो घंटे 11 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 6-3, 2-6 से गंवाया।

### प्रज्ञानांनदा और विदित जीते, गुकेश ने बढ़त कायम रखी

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने छठे दौर में ड्रा से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा। प्रज्ञानांनदा ने अजरबैजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला। अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाच्ची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है। फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रा खेला।

### इंडियन सुपर लीग फाइनल चार मई को

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग 2023-24 सत्र का फाइनल चार मई को खेला जाएगा जबकि इस फुटबॉल लीग के प्ले ऑफ मुकाबले 19 अप्रैल से शुरू होंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लीग के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने बताया कि फाइनल के स्थल की घोषणा जल्द की जाएगी। आईएसएल ने बयान में कहा, ''सत्र का फाइनल चार मई को होगा। फाइनल में जगह बनाने की जंग की शुरुआत 19 अप्रैल को प्ले ऑफ मुकाबलों के साथ होगी। सेमीफाइनल मुकाबले अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैचों के प्रारूप में खेले जाएंगे।''

### एडम जम्पा ने आईपीएल से अपना नाम लिया वापस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। जम्पा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की शृंखला खेली।

### उदित को रजत, अभिमन्यु और विकी को कांस्य

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के उदीयमान पहलवान उदित को पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में जापान के केंटो युमिया के हाथों 4-5 से पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु ने 70 किलो फ्रीस्टाइल में उजबेकिस्तान के बेजिजोन कुल्दाशेव को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता जबकि विकी ने 97 किलो में किर्गिस्तान के आंद्रेइ रोमानोविच अरोनोव को 10-1 से मात दी। ट्रायल में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार 65 किलो में जापान के मासानोसुके ओनो से 3-5 से हार गए। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैम्पियन उदित ने सुनिश्चित किया कि देश का इस वर्ग में रिकॉर्ड अच्छा रहे। भारत ने 57 किग्रा वर्ग में लगातार चार एशियाई खिताब जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने 2020, 2021 और 2022 में तथा अमन ने 2023 में स्वर्ण पदक अपने नाम किये। यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक होगा।

# मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 7 विकेट से रौंदा

## ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाए, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके




जसप्रीत बुमराह

**मुम्बई, एजेंसी**

ईशान किशन 69 रन और सूर्यकुमार यादव के 52 रनों की अर्धशतकीय पारियों और उससे पहले जसप्रीत बुमराह के पांच विकेटों की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 25वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट से हराकर लीग में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की ईशान किशन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 101 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में आकाशदीप ने कोहली के हाथों ईशान किशन को कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया था। ईशान ने सात चौके पांच छक्के उड़ाते हुए 69 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद 12वें ओवर में रोहित शर्मा को जेक्स ने आउट कर दिया। रोहित ने तीन चौके और तीन छक्के से 38 रन बनाये। सूर्यकुमार यादव ने पांच चौके और चार छक्के लगाये। उन्हें वैशाख ने 52 रन पर आउट किया। कप्तान हार्दिक पंड्या 21 और तिलक वर्मा 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुम्बई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आकाश दीप, विजयकुमार वैशाख और विल जेक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट पांच विकेट चटकाते हुए रॉयल चैलेंजर्स को बड़ा स्कोर बनाने रोक दिया था। हालांकि कप्तान फाफ डुप्लेसी 61 रन, रजत पाटीदार की 50 रन और आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक की नाबाद 53 रनों की तूफानी की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 197 रनों लक्ष्य दिया था।

वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने तीसरे ही ओवर में विराट कोहली तीन रन का विकेट गवां दिया। चौथे ओवर में विल जेक्स भी आठ रन बनाकर लौट गये। रजत पाटीदार ने तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर और विजय कुमार वैशाख बिना खाता खोले ही लौट गये। डुप्लेसी ने चार चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 61 रनों की पारी खेली। सौरव चौहान नौ रन बनाकर आउट हुये। दिनेश कार्तिक ने पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली।




ईशान किशन | रोहित शर्मा

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |

### बेंगलुरु 196/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का ईशान बो बुमराह | 03 | 09 | 0/0 |
| फाफ डु प्लेसी का डेविड बो बुमराह | 61 | 40 | 4/3 |
| विल जैक्स का डेविड बो मधवाल | 08 | 06 | 2/0 |
| रजत पाटीदार का ईशान बो कोएत्जी | 50 | 26 | 3/4 |
| ग्लेन मैक्सवेल पगबाधा बो गोपाल | 00 | 04 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 53 | 23 | 5/4 |
| महिपाल लोमरोर पगबाधा बो बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| सौरव चौहान का मधवाल बो बुमराह | 09 | 08 | 1/0 |
| विजय कुमार विशाख का नबी बो बुमराह | 00 | 01 | 0/0 |
| आकाश दीप नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** नबी 1-0-7-0, कोएत्जी 4-0-42-1, बुमराह 4-0-21-5, मधवाल 4-0-57-1, गोपाल 4-0-32-1, शेफर्ड 2-0-22-0, पंड्या 1-0-13-0

### मुंबई 199/3
15 .3 ओवर, अतिरिक्त : 3

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान का कोहली बो आकाश दीप | 69 | 34 | 7/5 |
| रोहित शर्मा का टॉपली बो जैक्स | 38 | 24 | 3/3 |
| सूर्यकुमार का लोमरोर बो विशाक | 52 | 19 | 5/4 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 21 | 06 | 0/3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 16 | 10 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** टॉपली 3-0-34-0, सिराज 3-0-37-0, आकाश दीप 3 .3-0-55-1, मैक्सवेल 1-0-17-0, विशाक 3-0-32-1, जैक्स 2-0-24-1

# पीवी सिंधू और प्रणय हारे, एशिया चैंपियनशिप में चुनौती समाप्त

**निंगबो (चीन), एजेंसी**

- **चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हुईं**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एच एस प्रणय के गुरुवार को यहां अपने प्री क्वार्टरफाइनल में बाहर होने से बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधू ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हो गयीं। यह युए के खिलाफ पहली हार थी।

गुरुवार को मुकाबले से पहले युए के खिलाफ इस भारतीय का जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के गैर वरीय लिन चुन यि से महज 43 मिनट में 18-21 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीयों के एक अन्य नतीजे में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21 12-21 से पराजित हो गयीं। सिंधू ने पहले गेम में अनुभव का फायदा उठाते हुए 8-4 से बढ़त ले ली और इसे 14-8 तक बढ़ा दिया। पर चीन की खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और सिंधू ने गलतियां करनी शुरू कर दी। युए ने सिंधू को लंबी रैलियों में उलझाकर थका दिया और 15-15 से बराबरी पर पहुंच गयीं। युए ने इसके बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपने अनुभव की बदौलत 16-8 से बढ़त बना ली। युए ने वापसी की सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन सिंधू ने कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम अपने नाम कर 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक गेम में सिंधू 8-4 की बढ़त के बाद लय खो बैठीं।

# पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मी. भाला फेंक सकता हूं: नीरज

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं। पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा।

# अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे मयंक यादव

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव कूल्हे में जकड़न के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे। लखनऊ का सामना शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा जिसके बाद 14 अप्रैल को कोलकाता में खेलना है। लखनऊ के कोच जस्टिन लैंगर ने उम्मीद जताई कि मयंक 19 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह से फिट हो जायेंगे। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वह 19 अप्रैल तक फिट हो जायेगा। हम चाहते हैं कि वह हर मैच खेले। वह काफी मेहनत कर रहा है लेकिन कल का मैच नहीं खेल सकेगा।'' आईपीएल में पदार्पण के साथ 150 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर सनसनी फैलाने वाले मयंक गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को एक ओवर डालने के बाद मैदान से चले गए थे। लैंगर ने कहा, ''उसके कूल्हे में जकड़न है। गुजरात के खिलाफ एक ओवर डालने के बाद उसे महसूस हुआ। हमने एमआरआई कराया, जिसमें थोड़ी सी सूजन नजर आई है। हमें उम्मीद है कि वह जल्दी ही मैदान पर लौटेगा।'' चोट के कारण दो मैचों से बाहर रहे तेज गेंदबाज मोहसिन खान के बारे में कहा कि उन्हें कोलकाता में उतारा जा सकता है।

# बॉलीवुड हलचल

## मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार बहुत गहरा है : रसिका दुग्गल

**मुंबई, एजेंसी।** लोकप्रिय वेब सीरीज ''मिर्जापुर'' के तीसरे सीजन का जल्द ही प्रीमियर होने वाला है और इसमें अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि सीरीज की टीम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि प्रशंसकों के लिए इसका अनुभव बेहद शानदार रहे। सीरीज में बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा कि वह इस लोकप्रिय सीरीज का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। रसिका दुग्गल ने ''पीटीआई-भाषा'' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, '''मिर्जापुर'' को प्रशंसकों की जो सराहना और समर्थन मिला है, वह बहुत ही शानदार है, मेरे जीवन में इसका खास स्थान है। इसके प्रशंसकों का इसके प्रति लगाव काफी गहरा है। मैं बहुत खुश हूं कि हमने तीसरा सीजन बनाया है और दर्शकों को जल्द ही यह देखने को मिलेगा। मैं उनके लिए बहुत उत्साहित हूं।'' रसिका ने कहा, ''मेरा मानना है कि ''मिर्जापुर'' के प्रशंसक इसलिए काफी अधिक हैं क्योंकि लोगों ने वास्तव में इसके किरदारों को पसंद किया और उनके प्रति एक प्रकार का जुड़ाव महसूस किया है। यह शो दिखावटीपन नहीं करता है। यह उन किरदारों के साथ लोगों के जुड़ाव के बारे में है। हम पहले ही ऐसा कर चुके हैं, और हम यह काम हर सीजन में करते हैं। हमने इस सीजन में भी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से ऐसा ही किया है।'' अभिनेत्री ने कहा कि अली फजल द्वारा निभाया गया बंदूकधारी गैंगस्टर गुड्डू भैया सीरीज में उनका पसंदीदा किरदार है। रसिका ने यहां रेड लॉरी फिल्म महोत्सव के पहले संस्करण से इतर कहा, ''अली ने गुड्डू भैया का किरदार जिस तरह से निभाया, वह मुझे बेहद पसंद आया।''



## अर्जुन कपूर को पसंद आया राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत का ट्रेलर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर को राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अर्जुन कपूर को फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर राजकुमार राव की जमकर तारीफ की है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म ''श्रीकांत' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, यह देखना अद्भुत है कि आपके दोस्त हर फिल्म के साथ बेहतर काम करने की इच्छा रखते हैं। साथ ही अभिनय की सभी सीमाओं को पार करते रहते हैं।'' फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।



## देवरा पार्ट 1 का नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन करेंगे करण जौहर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेट्स में करेंगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्माकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1 फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवरा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### भारत में नई राजदूत होंगी ब्रिटेन की लिंडी कैमरून

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। कैमरून निवर्तमान एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी। भारत में ब्रिटेन के दूतावास ने गुरुवार को बताया है कि, लिंडी कैमरून को एलेक्स एलिस के उत्तराधिकारी के रूप में भारत गणराज्य में ब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। एलिस को कोई अन्य राजनयिक जिम्मेदारी दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि कैमरून इस महीने अपना कार्यभार संभालेंगी। कैमरून 2020 से ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र की मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले लिंडी ब्रिटेन के उत्तरी आयरलैंड कार्यालय के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत थीं।

### छत्तीसगढ़ में एक लाख का इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू से सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ के अध्यक्ष हेमला हुंगा (41) और पूनेम बुधरू (40) को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हुंगा के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सली 19 अप्रैल 2022 को पेगड़ापल्ली गांव के जंगलों में पुलिस दल पर गोलीबारी करने और विस्फोट करने की घटना में शामिल थे।

### रूस ने बड़े पैमाने पर यूक्रेन में दागीं 40 मिसाइलें, बिजली ठप

**कीव।** यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में रूस ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि पूर्वी खार्किव क्षेत्र, दक्षिणी ज़ापोरीज़िया क्षेत्र, पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र और मध्य कीव क्षेत्र में बिजली उत्पादन केंद्रों पर हमले से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 मिसाइल हमले के बाद, खार्किव क्षेत्र के करीब दो लाख घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने यहां के मेट्रो स्टेशन में शरण ली है। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने रिपोर्ट में कहा कि दो थर्मल पावर प्लांट के उपकरण नष्ट हो गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर बताया कि यूक्रेन पर रूस ने 40 से अधिक मिसाइल और करीब 40 ड्रोन दागे हैं।

### पाकिस्तान में जो हालात हैं, उनसे एक बार फिर देश टूटेगाः इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने चेतावनी दी है कि देश में जो मौजूदा हालात हैं, उनसे एक बार फिर ढाका जैसी त्रासदी हो सकती है। इमरान खान ने साल 1971 के हालात की मौजूदा हालात से तुलना की और कहा कि देश आर्थिक तौर पर तबाही के कगार पर पहुंच सकता है। इमरान ने कहा कि कोई भी देश या संस्थान बिना आर्थिक स्थिरता के नहीं चल सकता। वहीं पार्टी के नेता बैरिस्टर राजा ने बताया कि इमरान खान अभी भी देश के लिए समर्पित हैं, लेकिन देशवासियों के लिए चिंतित भी हैं।

## पाकिस्तानी फौज ने अपने ही पुलिस वालों को थाने में पीटा

इस्लामाबाद, एजेंसी

- एक सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियार जब्त करने के बाद थाने पर किया हमला



पाकिस्तान के सैनिकों ने बुधवार को पंजाब प्रांत के बहावलनगर में पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। यळ घटना मदरीसा पुलिस स्टेशन की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने एक पाकिस्तानी सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया था।

इसके बाद 7-8 गाड़ियों में बैठकर 40 से 50 सैनिक पुलिस थाने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने छड़ी और राइफल के बट से पुलिस अधिकारियों की जमकर पिटाई की। सैनिकों ने स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) और स्टेशन इंचार्ज को भी मारा। अधिकारियों के शरीर पर जख्मों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सैनिकों के हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे वीडियो के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पुलिसकर्मियों से वीडियो रिकॉर्डर छीन लिए थे। इसके बाद उन्हें लॉक-अप में बंद करके मारा गया। पंजाब पुलिस ने कहा, घटना को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। हमने इसकी जांच कराई है और दोनों संस्थानों ने शांतिपूर्ण तरह से मामले को सुलझा लिया है।

## ब्रिटेन में 12 भारतीय गिरफ्तार वीजा उल्लंघन का लगा आरोप

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश इमिग्रेशन अधिकारियों ने वीजा शर्तों के उल्लंघन के शक में की गई छापेमारी के दौरान 12 भारतीयों को पकड़ा। इसमें एक महिला भी शामिल है। वे अवैध रूप से गद्दे और केक फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे।

बुधवार को ब्रिटेन के होम ऑफिस के एक बयान के मुताबिक, आव्रजन प्रवर्तन अधिकारी इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में खुफिया सूचना के बाद की गई कार्रवाई में पाया गया कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा था। गृह कार्यालय के मुताबिक, वहां अवैध रूप से काम करने के संदेह में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पास में स्थित एक केक फैक्ट्री से चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें अपनी वीजा शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके बाद एक भारतीय महिला को एक निजी घर में आव्रजन अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया है। गृह कार्यालय के मुताबिक, दोपहर बाद भी मामले में आगे की कार्रवाई की गई। गृह कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि चार आरोपियों को ब्रिटेन से हटाने या भारत निर्वासन पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया था, बाकी बचे आठ को शर्त पर जमानत दी गई। इस बीच, अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने अपने कारखानों में अवैध श्रमिकों को नियुक्त किया है तो दोनों व्यवसायों को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपण में रूस कामयाब



**मॉस्को।** रूस ने गुरुवार को पहली बार अपने अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट का परीक्षण किया। यह टेस्ट लॉन्च सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से किया गया। इससे पहले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन अंगारा रॉकेट के दो प्रक्षेपण अंतिम समय में रद कर दिए गए थे। दरअसल, दबाव प्रणाली में खराबी और इंजन प्रक्षेपण-नियंत्रण प्रणाली में समस्या होने के कारण रॉकेट टेस्ट लॉन्च को रद कर दिया गया था। हालांकि, यह रूस का तीसरा परीक्षण जो सफल हुआ। रूसी अंतरिक्ष अधिकारियों के लिए आज यानी 11 अप्रैल का दिन भाग्यशाली रहा। परीक्षण से पहले रूस ने अपना कॉस्मोनॉट दिवस मनाया। दरअसल, 63 साल पहले सोवियत संघ के यूरी गगारिन बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इसी दिन को कॉस्मोनॉट दिवस कहा जाता है।

### इस रॉकेट में छुपी हैं कई सारी खूबियां

रॉकेट लॉन्च करने वाले मिशन नियंत्रण ने बताया कि जैसे ही रॉकेट अंतरिक्ष में उड़ा, मिनटों में 25,000 किलोमीटर (15,500 मील) प्रति घंटे से अधिक तक आसमान की ऊंचाई में पहुंच गया था। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी, रोस्कोस्मोस ने बताया कि रॉकेट ने सामान्य रूप से काम किया। बता दें कि 54.5 मीटर (178.81 फुट) का तीन चरणों वाला रॉकेट, जिसका वजन लगभग 773 टन है, लगभग 24.5 टन वजन अंतरिक्ष में ले जा सकता है। रूस ने 1991 में सोवियत संघ के टूटने के कुछ साल बाद एक रूसी-निर्मित लॉन्च वाहन के रूप में अंगारा परियोजना की शुरुआत की थी। बता दें कि पहली अंगारा-ए5 परीक्षण उड़ान 2014 में हुई और दूसरी 2020 में उत्तरी रूस के प्लेसेत्स्क से हुई। 2021 में एक आंशिक परीक्षण किया गया जो असफल रहा था।

# चीन का बदला रुख, भारत के साथ सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाने को तैयार

### मोदी के बयान पर चीन ने दी प्रतिक्रिया, कहा- स्थिर संबंधों से साझा हितों की पूर्ति होगी

बीजिंग, एजेंसी

मजबूत और स्थिर संबंधों से चीन और भारत के साझा हितों की पूर्ति होगी। चीन की यह प्रतिक्रिया भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के साथ चीन के संबंध पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी के बयान के बाद चीन के तेवर ढीले पड़ गए हैं, और अब चीन भी सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाना चाहता है।

बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि दोनों देशों को मिलकर बातचीत के जरिए सीमा विवाद का तत्काल हल निकाला जाना चाहिए। अब चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर गौर किया है। माओ ने आगे कहा कि अगर भारत और चीन के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध होंगे, तो इससे दोनों देशों के साझा हितों की भी पूर्ति होगी।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सीमा विवाद पर कहा है कि भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को ठीक से प्रबंधित कर उचित रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं।

बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध महत्वपूर्ण हैं। माओ निंग ने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर एक दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने से आपसी विश्वास बढ़ेगा, जिससे संवाद और सहयोग कायम रहेगा। मिंग ने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मतभेदों का हल निकाला जाना जरूरी है।

### सीमा पर हिंसक झड़प से दोनों देशों के बीच पैदा हुआ था गतिरोध



5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर पैंगोंग त्सो क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच गतिरोध पैदा हो गया था। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। चीनी सेना के अनुसार दोनों पक्ष अब तक गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। उधर भारत द्वारा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना को हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। भारत का कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती।

## मई तक इजराइल जाएंगे 6 हजार भारतीय श्रमिक

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच छह माह से युद्ध जारी है। ऐसे में इजराइल के निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो गई है, जिस वजह से अप्रैल और मई में भारत से छह हजार मजदूर इजराइल जाएंगे। इजराइल सरकार ने बुधवार देर रात बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इजराइल प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वित्त मंत्रालय और निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी देने के संयुक्त निर्णय के बाद श्रमिकों को एयर शटल से इजराइल लाने के फैसले पर मुहर लगी है।

गौरतलब है कि इजराइली निर्माण उद्योग उन विशिष्ट क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देता है, जहां इजराइली श्रमिकों की कमी होती है। युद्ध से पहले इजराइल में 80 हजार श्रमिक वेस्ट बैंक से तो वहीं 17 हजार श्रमिक गाजा पट्टी से आए थे लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद से अधिकांश श्रमिकों का वर्क परमिट रद कर दिया गया है। बता दें, युद्ध के कारण देश में श्रमिकों की भारी कमी हो गई, जिस वजह से कई परियोजनाएं रुक गई। संकट को देखते हुए इजराइल सरकार ने यह कदम उठाया है। बता दें, कुछ दिन पहले भारतीय श्रमिकों को एक जत्था पहुंच चुका है।

## न्याय तंत्र को कमजोर कर रहे सोशल मीडिया मंचः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,एजेंसी

- सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता



लंबित और विचाराधीन मामलों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से संदेश और लेख प्रसारित किए जा रहे हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की पीठ ने असम के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है।

बता दें कि विधायक को शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और लेख पोस्ट किए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही हमारे कंधे किसी भी दोष या आलोचना को सहन करने के लिए काफी चौड़े हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं, जो न्यायपालिका को कमजोर करने की तरफ इशारा कर रहे हैं।

### भ्रामक पोस्ट पर विधायक को अवमानना नोटिस

पीठ ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक को अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले को अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। विधायक को कार्यवाही के दौरान कोर्ट में पेश होने का भी निर्देश दिया गया है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर भारत क मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।

## यौन उत्पीड़न से निपटने को नए उपाय खोज रहा इंस्टाग्राम

**लंदन।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने कहा कि वह युवा लोगों की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए नए उपाय कर रहा है, जिसमें एक ऐसी सुविधा भी शामिल है जो सीधे संदेशों (डीएम) में नग्नता को स्वतः धुंधला कर देगी।

इंस्टाग्राम ने एक ब्लॉग के माध्यम से जानकारी दी है, कहा कि यौन घोटालों और छवि दुरुपयोग के विभिन्न रूपों से लड़ने के लिए सुविधाओं का परीक्षण कर रहा है। मार्क जुकरबर्ग ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी संसद के सीनेट में इस तरह के दुर्व्यवहार के शिकार लोगों से माफी मांगी थी। इंस्टाग्राम ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द नए नियम व अन्य फीचर का परीक्षण करेगा।

## अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए एसटीएफ गठित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए पहली बार दूतावास ने बड़े कदम उठाए हैं। संदिग्ध मौत के बढ़ते मामलों के बीच वाशिंगटन स्थित दूतावास ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई गई है। साथ ही अमेरिका में रह रहे लगभग सात लाख भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा गाइडलाइन भी जारी की गई है। दूतावास की एडवाइजरी के अनुसार भारतीय छात्र देर रात को संदिग्ध स्थानों पर जाने से बचें और जहां तक संभव हो ग्रुप में आवाजाही करें। किसी भी परेशानी में छात्र दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते है। छात्रों को दूतावास की वेबसाइट पर रजिस्टर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे किसी भी इमरजेंसी में छात्रों को ट्रैक किया जा सके। दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी है कि, इस साल 11 भारतीय छात्रों की संदिग्ध मौत की जांच अब दूतावास की देखरेख में होगी। इसके लिए दूतावास ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय के लिए विशेष टीम बनाई है। ग्लोबल हिंदू फाउंडेशन और अन्य भारतीय संगठनों की मांग पर जांच में एफबीआई को भी शामिल किया जाएगा। एक ऑनलाइन वेब पोर्टल भी लॉन्च किया है। इसमें भारतीय छात्र अपनी शिकायतों को अपलोड कर सकेंगे। भारतीय समुदाय के नेता अजय भूतोड़िया का कहना है कि छात्रों की सुरक्षा के लिए अमेरिका के अन्य छोटे शहरों में भी विशेष सेल बनाए जाएं।

### छात्रों पर हमले बर्दाश्त नहीं

वाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किरबी ने कहा है कि भारतीय छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत और बढ़ते हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। भारतीय दूतावास की ओर से छात्रों की सुरक्षा के लिए उठाए गए नए कदमों को अमेरिका सरकार की ओर से सहयोग दिया जाएगा। जांच में भी तेजी के निर्देश दिए गए हैं।

## ईरान से जब्त हथियार यूक्रेन भेजे



**वाशिंगटन:** अमेरिकी सेना ने यूक्रेन को पांच हजार एके-47 राइफल्स दी हैं। इस के साथ मशीन गन, स्नाइपर राइफल, आरपीजी-7 लॉन्चर और 5 लाख राउंड से ज्यादा गोलियां शामिल हैं। ये हथियार ईरान की एलीट फोर्स इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स के थे, जिसे अमेरिका ने जब्त किया था। ● एजेंसी

## एसबीआई ने आरटीआई कानून के तहत चुनावी चंदे की जानकारी देने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है। एसबीआई ने यह भी कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं।

चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे, आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे। 12 मार्च को चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दिए गए दो छूट प्रावधानों का हवाला देते हुए जानकारी से इनकार किया, एक जिम्मेदार क्षमता में रखे गए रिकॉर्ड से संबंधित है और व्यक्तिगत जानकारी को रोकने की अनुमति देती है।

**विज्ञान** मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालिया शोध में किया खुलासा, बोले-रहस्य को समझने में शुरूआती कदम

# मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड का सबसे बड़े हिस्से डार्क मैटर को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूट्रॉन तारे ही मायावी डार्क मैटर के रहस्य को उजागर कर सकते हैं। मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के हालिया शोध में यह खुलासा किया गया है। यह शोध ब्रह्मांड के सबसे बड़े रहस्य को समझने में एक महत्वपूर्ण शुरूआती कदम है।

डार्क मैटर की खोज विज्ञान की सबसे महान खोजों में एक मानी जाती है। इस अदृश्य पदार्थ का हमारे ब्रह्मांड में 85 प्रतिशत हिस्सा है। फिर भी हम इसे देख नहीं पाते हैं। डार्क मैटर प्रकाश के साथ संपर्क नहीं करता है और ना ही यह प्रकाश को अवशोषित नहीं करता है। यह प्रकाश को प्रतिबिंबित भी नहीं करता है। यह प्रकाश उत्सर्जित भी नहीं कर पाता है। जिस कारण हमारी दूरबीनें इसे सीधे नहीं देख सकतीं। इसके बावजूद हम जानते हैं कि इसका बड़ा वजूद ब्रह्मांड में मौजूद है। सिर्फ गुरुत्वाकर्षण खिंचाव हमें बताता है कि यह मौजूद होना चाहिए। यह अजीबो गरीब पहेली है, जिसका हल वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। डार्क मैटर को समझने के लिए नए शोध में बताया गया है कि न्यूट्रॉन तारे अलग-अलग होते हैं। वे इतने घने होते हैं कि डार्क मैटर कणों के तारे के साथ संपर्क करने की अधिक संभावना होती है। यदि डार्क मैटर कण तारे में न्यूट्रॉन से टकराते हैं, तो वे अपनी ऊर्जा खो देते हैं और कूछ समय बाद वहाँ काले पदार्थ का संचय होने लगते हैं। इसका पता पुराने व ठंडे न्यूट्रॉन सितारों के जरिए संभव है। इसे समझने के लिए ठंडे पड़ चुके न्यूट्रॉन तारों पर शोध किया जाना चाहिए। इस शोध मे डार्क मैटर पार्टिकल की गणना की गई। जिससे पता चला कि डार्क मैटर के कण आपस में टकराते हैं और ठंडे होकर नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद इनकी ऊर्जा स्थानांतरित हो जाती है। बहरहाल न्यूट्रॉन तारों में इसका हल संभव नजर आता है।



डार्क मैटर का काल्पनिक चित्र।

### कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है अधिकांश ऊर्जा

मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रो. निकोल बेल ने इस शोध को लेकर कहा है कि नई गणना से पहली बार पता चला है कि न्यूट्रॉन तारों में अधिकांश ऊर्जा कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है। डार्क मैटर को समझने के लिए यह एक कड़ी है। विज्ञान पत्रिका द जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

## बलूचिस्तान प्रांत में बस खाई में गिरी, 17 की मौत, 38 घायल

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने गुरुवार बताया है कि, तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## फ्लैश सीरीज अब दर्शकों का करेगी मनोरंजन

- ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव पर है उपलब्ध

अमृत विचार नेटवर्क

फायर टीवी स्टिक, डिश एसएमआरथब, डी2एच मैजिक, एंड्रॉइड व आईओएस स्मार्टफोन सहित कई डिवाइसेस पर या www.watcho.com पर देखिए




डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव, इस अप्रैल में अपनी नई रहस्यमय थ्रिलर सीरीज, 'फ्लैश' के साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस सीरीज में अंशुल पांडे, सागर कपूर और ख्वाहिश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। शौर्य सिंह द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक पोर्ट्रेट फोटोग्राफर की मनोरंजक कहानी को उजागर करती है। यह मनोरंजक सीरीज विशेष रूप से 5 अप्रैल, 2024 से वॉचो एप पर उपलब्ध है। इस सीरीज की कहानी एक कुशल पोर्ट्रेट फोटोग्राफर वंश कुंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रहस्यमयी अक्षा चौहान के साथ अपने करियर के शिखर को चुनता है। धन मिलने के वादे से आकर्षित होकर, वंश उसके भव्य और एकांत पेंटहाउस में जाता है, लेकिन वहां उसे एक अशांत माहौल का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षा एक चौंकाने वाले परिवर्तन से गुजरती है, जिससे वंश की धारणा को चोट पहुंचती है। इसकी गहराई में पहुँचने पर, वंश को पता चलता है कि वह धोखे और रहस्रों से बुने एक पेचीदा जाल में फंस गया है। प्रत्येक एपिसोड के साथ, 'फ्लैश' इस उलझी हुई कहानी की परतें खोलता है, जिससे दर्शकों की सांसें थम जाती हैं और वे हर सवाल का उत्तर जानने के लिए उत्सुक होते हैं। यह मंच अपने दर्शकों के लिए और भी अधिक रोमांचक कॉन्टेंट प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट मार्केटिंग प्रमुख सुखप्रीत सिंह ने कहा, वॉचो में, हम मानते हैं कि थ्रिलर्स एक स्थायी अपील रखते हैं, जो लिंग और उम्र की सीमाओं से परे है।

'फ्लैश' की रिलीज के साथ, हम अपनी पिछली थ्रिलर 'स्टेट वर्सेस आहूजा' की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अंशुल पांडे ने कहा, जब मैंने पहली बार 'फ्लैश' की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत अपने किरदार वंश कुंद्रा से आकर्षित हो गया। मैंने आमतौर पर टीवी पर भूमिका निभाई है, लेकिन ओटीटी पर नया अनुभव होगा।